वर्ष : 16 अंक : 179 लखनऊ मंगलवार, 2 जुलाई 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मौसम

सूर्योदय	:	05:16
सूर्यास्त	:	07:04
अधिकतम	:	30:00°
न्यूनतम	:	26:00°

रिया की फिल्में फ्लॉप फिर भी आलीशान जिंदगी जीती 10

मंत्री ने राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का किया.... 2 | मोदी सरकार व 'इंडिया' को लेकर... 6 | बाढ़ राहत के लिए कोऑर्डिनेशन... 12

एक नजर

डॉ. रॉय को श्रद्धांजलि

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ. बिधान चंद्र रॉय देश में 1950 में संविधान लागू होने के बाद पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री बने थे।

नये कानून का विरोध

दरभंगा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर तीन नई फौजदारी संहिताओं क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के खिलाफ सोमवार को यहां प्रतिवाद मार्च निकाला गया। पार्टी समर्थक तीनों काले कानून वापस लेने, लोकसभा में पुन बहस कराकर इसे रद्द करने, मोदी सरकार होश में आओ, लोकतंत्र और संविधान की हत्या करना बंद करो आदि मांग कर रहे थे।

25 मछुआरे गिरफ्तार

रामनाथपुरम। श्रीलंकाई नौसेना ने सोमवार को तमिलनाडु के 25 मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी चार नौकाएं भी जब्त कर लीं। श्रीलंकाई नौसेनाओं का आरोप है कि ये मछुआरे उनके जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल हैं। तमिलनाडु के मत्स्य अधिकारियों ने यहां बताया कि गिरफ्तार किए गए मछुआरे रामनाथपुरम जिले के पंबन और धनुषकोडी तटीय बस्तियों से हैं।

चौथा जत्था हुआ रवाना

जम्मू। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6461 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था सोमवार को जम्मू से रवाना हुआ। यात्रा यहां भगवती नगर आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर में स्थित पवित्र गुफा के लिए बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों के लिए रवाना हुई। 4140 श्रद्धालु पहलगाम के रास्ते से और 2321 तीर्थयात्री बालटाल के रास्ते से रवाना हुए। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

सदन में पहली बार दिखा मोदी-राहुल का टकराव

हिंदुओं को हिंसक कहने पर प्रधानमंत्री खुद पर नहीं रख सके काबू : दर्ज कराई आपत्ति, नेता विपक्ष के बयान पर जमकर हंगामा

- राहुल बोले- हिंदुत्व डर, नफरत, झूठ फैलाने के लिए नहीं
- संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद गंभीर : पीएम
- इस देश में करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं : शाह

एजेंसी/विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान सदन में कुछ ऐसा देखने को मिला जो आमतौर नहीं होता है। राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहने पर प्रधानमंत्री खुद पर काबू नहीं रख सके। वह तुरंत अपनी जगह से उठकर खड़े हुए और सदन के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। राहुल गांधी ने भाजपा और सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिंदुत्व डर, नफरत और झूठ फैलाने के लिए नहीं है। लेकिन खुद को हिंदू कहने वाले 24 घंटे हिंसा और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी के बयान पर सख्त आपत्ति जताई। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी को पता नहीं है कि इस देश में करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या यह सभी लोग हिंसा करते हैं।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जगह से उठ खड़े हुए। संभवतः यह पहली बार हुआ जब पीएम मोदी ने

नेता प्रतिपक्ष को इस तरह से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद गंभीर बात है। हालांकि राहुल गांधी ने तत्काल प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा संपूर्ण हिंदू समाज नहीं हो सकती। नरेंद्र मोदी जी संपूर्ण हिंदू समाज नहीं हो सकते। आरएसएस संपूर्ण हिंदू समाज नहीं सकता। इसके बाद भी उन्होंने भाजपा पर हमले बंद नहीं किए और लगातार सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलते रहे। इससे पहले राहुल गांधी ने भगवान शिव का चित्र सदन में दिखाया, लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें टोका तो राहुल ने सवाल किया कि क्या भगवान शिव के चित्र को नहीं दिखाया जा सकता है। भगवान शिव अभय मुद्रा में होते हैं। गुरु नानक जी अभय मुद्रा में होते हैं। भगवान महावीर का अभय मुद्रा वाला चित्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि सब महा पुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की और कहा कि डरो मत डराओ मत। अभय मुद्रा का मतलब है कि डरो नहीं।

राहुल गांधी ने कहा कि जब अन्य चित्र दिखाए जाते हैं तो भगवान शिव के चित्र को दिखाने में दिक्कत क्या है। शिव शक्ति है और त्रिशूल शक्ति का प्रतीक है और शिवजी का त्रिशूल अहिंसा का प्रतीक है, लेकिन जो लोग खुद के हिन्दू होने का दावा करते हैं वे हिंसा करते हैं और नफरत फैलाते हैं। अहिंसा हमारा प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस पर हस्तक्षेप किया और कहा कि विपक्ष के नेता ने पूरे हिन्दू समाज पर हिंसक होने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक नहीं कहा जा सकता है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता हिंसा की बात करते हैं और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को हिंसा को किसी धर्म से जोड़ना गलत है और इस पर विपक्ष के नेता को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। सदन में नियमों का पालन होना चाहिए। भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान में किसी धर्म पर हमले की इजाजत नहीं है इसलिए विपक्ष के नेता को माफी मांगनी चाहिए।

हिन्दुओं को आतंकवादी बता रहे थे

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि ये लोग हिंदू नहीं हैं क्योंकि 24 घंटे की हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। राहुल के बयान पर अब जगत प्रकाश नड्डा की प्रतिक्रिया आई है। नड्डा ने कहा कि राहुल को हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए। ये वही हैं जिन्होंने एक बार विदेशी राजदूतों को बताया कि हिन्दू आतंकवादी हैं।

राहुल के बयान के खिलाफ संतों ने खोला मोर्चा

सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान भाजपा पर चौतरफा हमला बोला। भाजपा के नेताओं के हिन्दू न होने और हिंसा-नफरत फैलाने वाला बताया। नीट एग्जाम की तुलना कमर्शियल एग्जाम से की। किसानों और अग्निवीरों के मुद्दों पर जमकर आरोप लगाए। राहुल गांधी के हिन्दू वाले बयान पर सबसे ज्यादा बवाल मचा है। संसद के अंदर और बाहर दोनों तरफ उनके विचार विरोधी राहुल गांधी की आलोचना कर रहे हैं। अब हिन्दू संतों ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कई हिंदू संतों ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के हिंदू नहीं होने संबंधी विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान की आलोचना की और उनसे माफी मांगने की मांग की।

प्रदेश में तीन नए कानून लागू, दर्ज होने लगी एफआईआर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले से ही 1 जुलाई यानी आज से लागू होने वाले तीन नए कानून को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई थी। ऐसे में सोमवार को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत प्रदेश के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज की गई। ये जानकारी डीजीपी प्रशांत कुमार ने साझा की।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में 1 जुलाई से लागू तीन नए कानून के तहत सबसे पहले अमरोहा और बरेली में एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही वर्तमान में बिना किसी दिक्कत के सभी जगह एफआईआर दर्ज की जा रही है। इसके अलावा आज प्रदेश के सभी थानों में इसको लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर तीनों नए कानून को लागू करने के लिए पहले से ही तैयारी कर ली गई। इसके तहत ट्रेनिंग और आवश्यक उपकरणों की खरीदारी कर ली गई थी। इतना ही नहीं टेक्निकल बिंग द्वारा सभी स्थानों पर आवश्यक नेटवर्किंग को उपलब्ध करा दिया गया था। इसमें आवश्यक सॉफ्टवेयर और भारत सरकार की सामग्री भी शामिल है।

सभी चुनौतियों का मुकाबला करने को तैयार है सेना

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। नव नियुक्त सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे सेना को आधुनिक बनाने और स्वदेशी युद्ध प्रणालियों तथा रणनीतियों से लैस करने की हर संभव कोशिश करेंगे तथा सेना बदलते वैश्विक समीकरणों में हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

रविवार को देश के तीसवें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने वाले जनरल द्विवेदी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने रक्षा मंत्रालय के कार्यालय साउथ ब्लाक में सलामी गारद का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले उन्होंने साउथ ब्लाक प्रांगण में सभी धर्मों के गुरूओं से मुलाकात की। बाद में उन्होंने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए

» सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने देशवासियों को दिलाया भरोसा

कहा कि सेना की गौरवशाली परंपरा जवानों के बलिदान और योगदान पर आधारित है। " मैं उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। " उन्होंने कहा कि दुनिया में बदलती परिस्थितियों के बीच उनकी प्राथमिकता सेना को स्वदेशी आधुनिक हथियारों और नए जमाने की तकनीक से लैस करके युद्ध प्रणालियों और रणनीतियों में सुधार करना है।

हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते राहुल गांधी

नई दिल्ली। संसद में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भाषण पर पार्टी नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि वह हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते। उन्होंने बीजेपी और उसके नेताओं के बारे में यह बात साफ तौर पर कही है।संसद सत्र के छठे दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझ पर भी निशाना साधा गया है।

आपराधिक कानूनों पर संसद में हुई सबसे लंबी चर्चा

नए कानूनों को 4 वर्षों तक विस्तार से पक्षधारकों के साथ चर्चा करके लाया गया : अमित शाह

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। देश भर में सोमवार से लागू तीनों नये आपराधिक कानूनों को लेकर विपक्षी दलों द्वारा उठाये जा रहे सवालों के बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए कानूनों को हर पहलू पर 4 वर्षों तक विस्तार से अलग-अलग पक्षधारकों के साथ चर्चा करके लाया गया है और आजादी के बाद से अब तक किसी भी कानून पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई है।

श्री शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में इन कानूनों को दंड की जगह न्याय देने वाला और पीड़ित-केन्द्रित बताया। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, देरी की जगह त्वरित सुनवाई और त्वरित न्याय मिलेगा तथा पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बारे में कई प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य जनता के मन में इन कानूनों के बारे में भ्रम पैदा करना है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को हर पहलू पर 4 वर्षों तक विस्तार से चर्चा करके लाया गया है और आजादी के बाद से अब तक किसी भी कानून पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई है। गृह मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इन कानूनों का समर्थन करें और जनता के हित में अपने सुझावों पर चर्चा करें। एक

सवाल के जवाब में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि नए कानूनों में रिमांड का समय बढ़ गया है, पर सच यह है कि नए कानूनों के तहत भी रिमांड का समय पहले की तरह 15 दिनों का ही है। इस बारे में भ्रांति फैलाई गई है कि रिमांड का समय बढ़ाया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि इन कानूनों में 60 दिनों के अंदर कुल 15 दिनों की रिमांड का प्रावधान किया गया है। श्री शाह ने कहा कि 15 दिन की रिमांड की सीमा को नहीं बढ़ाया गया है और इस बारे में भ्रांति फैलाई जा रही है।

श्री शाह ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि नए कानून के तहत पहला मामला दिल्ली के स्ट्रीट वेंडर के खिलाफ नहीं दर्ज हुआ बल्कि ग्वालियर के पुलिस थाने में एक चोरी के मामले में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वेंडर के खिलाफ जो मामला रजिस्टर हुआ है वो पुराने प्रावधान के तहत हुआ था जिसे पुलिस ने समीक्षा के प्रावधान का उपयोग कर खारिज कर दिया है। श्री शाह ने कहा कि देश की हर क्षेत्रीय भाषा में इन कानूनों को उपलब्ध कराया जाएगा और अगर फिर भी किसी के मन में कोई शंका है तो वे उनसे मिल सकते हैं और अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानूनों का बहिष्कार करने की बजाय मिलकर बात करने का रास्ता अपनाना चाहिए।

नीट परीक्षा का स्थायी समाधान निकालना बहुत जरूरी

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चितिता पर चिंता जाहिर करते हुये समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में ख़ासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है, उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक है जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही ज़रूरी है।

उन्होंने कहा, वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व

» अनिश्चितिता पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने जतायी चिंता

» लोगों में बेचैनी, चिन्ता और आक्रोश की लहर स्वाभाविक

सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक हैं।

मेधा पाटकर को पांच महीने जेल की सजा

नई दिल्ली। मेधा पाटकर को 5 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। ऐक्टिविस्ट को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की ओर से दायर आपराधिक मानहानि केस में यह सजा दी है। मेधा पाटकर पर आरोप था कि उन्होंने उपराज्यपाल के खिलाफ प्रेस रिलीज जारी की और इससे जनता के बीच उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। यही नहीं अदालत ने मेधा पाटकर को आदेश दिया है कि वह 10 लाख रुपये की रकम विनय सक्सेना को दें। यह उनकी मानहानि की भरपाई के लिए होगी।

अदालत के फैसले के बाद मेधा पाटकर की प्रतिक्रिया भी आई है। उन्होंने कहा कि सत्य को कभी पराजित नहीं किया जा सकता।

नयी पीढ़ी का माटी से जुड़ाव नितांत जरूरी : मोहन भागवत

गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि विविधताओं से परिपूर्ण भारत की नयी पीढ़ी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानना और यहां की माटी से जुड़ना नितांत जरूरी है।

सिद्धपीठ हथियाराम मठ में दर्शन पूजन के बाद कैलाश भवन में विशिष्टजनो से बातचीत में डॉ. भागवत ने कहा कि भारत सदैव से विविधताओं से परिपूर्ण देश रहा है। प्राकृतिक संपदाओं से लेकर यहां की लोक रीति परंपराएं सदैव लोक कल्याणकारी रही हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में आदिवासी समाज आज भी वनों की उपज से अपना पेट भरता है। उनमें वह कौन सी ताकत पाई जाती हैं, इन विषयों पर भी शोध होना चाहिए। तमाम ऐसी औषधीय व खाद्यान्न हमें प्रकृति देती है जो काफी लाभप्रद होता है। हमें अपने

» वन क्षेत्र में आदिवासी समाज आज भी वनों की उपज से अपना पेट भरता है

परंपरा, प्राकृतिक स्रोत, संसाधन, संस्कृति, लोकरीति पर शोध ही नहीं करना है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को पूर्णतया अवगत कराना है। नई पीढ़ी का माटी से जुड़ाव होना नितांत आवश्यक है जिससे समाज राष्ट्र का कल्याण संभव है।

मॉस्को में बने मंदिर, रूस में जोर पकड़ रही हिंदुओं की मांग

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच खबरें हैं कि रूस में अब हिंदू मंदिर की मांग लेकर समुदाय एकजुट होता नजर आ रहा है। खास बात है कि नेपाल और भारत जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में सबसे ज्यादा माना जाने वाले हिंदू धर्म ने 1900 के दशक के आसपास रूस में मौजूदगी दर्ज कराना शुरू कर दी थी। रूस में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म मानने वाले हैं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन बिजनेस अलायंस के अध्यक्ष स्वामी कोटवानी ने रूस की राजधानी मॉस्को में पहली हिंदू इमारत तैयार करने की इच्छा जाहिर की है। माना जाता है कि भारत के साथ मजबूत रिश्तों के चलते रूसी सरकार हिंदू मांगों को लेकर खासी गंभीर है। हालांकि, यहां पहले से ही हिंदू धर्म से जुड़े भवन और समुदायिक केंद्र मौजूद हैं। अब पीएम मोदी 8 जुलाई को रूस पहुंच रहे हैं।

बीजेपी ने बहोरनलाल मौर्य को घोषित किया विधान परिषद उम्मीदवार

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में जल्द विधान परिषद उप चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में आज विधान परिषद उप चुनाव में बीजेपी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने बहोरन लाल मौर्य को उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश की ये सीट स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफ़े के बाद ख़ाली हुई है। गौरतलब है कि यूपी विधान परिषद उपचुनाव के लिए 12 जुलाई को वोटिंग होनी है। इसके बाद इसी दिन शाम 5 बजे वोटों को गिनती भी की जाएगी।

जानकारी दे दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था, साथ ही एमएलसी पद से भी इस्तीफा दे दिया था। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, विधान परिषद उपचुनाव के नोटिफिकेशन 25 जून को जारी किए गए थे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 2 जुलाई है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 3 जुलाई को होगी वहीं, नाम वापसी की आखिरी तारीख 5 जुलाई है। मतदान 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और मतों की गिनती भी उसी शाम 5 बजे से शुरू होगी।

वहीं, जानकारी के मुताबिक, इस उपचुनाव में सपा ने अभी तक अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। ऐसे में भाजपा के उम्मीदवार की निर्विरोध जीत तय मानी जा रही है।

बोलेरो व ट्रक के टकराने पर नौ लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान में करौली जिले में करौली मंडरायल सडक मार्ग पर सोमवार शाम बोलेरो जीप एवं ट्रक के आपस में टकराने पर दो बच्चों एवं छह महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई तथा अन्य चार घायल हो गये।

जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले ये लोग कैला देवी दर्शन करने जा रहे थे कि करौली मंडरायल सडक मार्ग पर डूंडापुरा मोड़ पर उनकी बोलेरो सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक की मौत अस्पताल में हुई। घायलों को करौली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया तीन लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर जिला कलक्टर एवं जिला एसपी सहित आला अधिकारी मौके पर ने मौके पर पहुंचे।

लोकसभा में हिंदुओं पर बयानबाजी से क्या सेल्फ गोल कर बैठे राहुल?

नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी पर किया जोरदार हमला, मोदी के साथ ही शाह ने भी जताई आपत्ति, राहुल गांधी को घेरने में जुट गई भाजपा

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को बीजेपी पर देश में हिंसा, नफरत तथा डर फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 'ये लोग हिंदू नहीं हैं क्योंकि 24 घंटे की हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह बातें कहीं। राहुल के इस बयान पर अब बीजेपी आक्रामक है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल ने इस मुद्दे पर सेल्फ गोल बीजेपी को बड़ा मौका दे दिया है।

सदन में राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक के बीच राहुल गांधी ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं कि वो 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं। आप (भाजपा) हिंदू नहीं हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए यह कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है। हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। ये लोग हिंदू नहीं हैं क्योंकि 24 घंटे की हिंसा की बात करते हैं। नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका भाजपा का नहीं है। इस पर प्रधानमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू को कहते हैं, क्या वो सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने अपने निंदनीय

बयान से भारत माता की आत्मा को लहूलुहान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी परिपक्व होंगे, मगर खेद होता है कि उनका बयान अभी बचकाने से उबर नहीं पाया है। एक अपरिपक्व बुद्धि का व्यक्ति ही इस प्रकार का बयान देगा।

नेता प्रतिपक्ष ने सदन में भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। राहुल ने कहा कि शंकर भगवान से सच, साहस और अहिंसा की प्रेरणा मिलती है। उनका कहना था, भगवान शिव कहते हैं कि डरो मत, डराओ मत। उन्होंने भगवान शिव की 'अभय मुद्रा' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मुद्रा का उल्लेख इस्लाम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन, सभी धर्मों में हैं। संसद में राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर अपनी बात रखी। नड्डा ने ट्वीट में लिखा पहला दिन, सबसे खराब प्रदर्शन! झूठ + हिंदू घृणा = संसद में राहुल गांधी। नड्डा ने आगे लिखा कि तीसरी बार असफल हुए नेता प्रतिपक्ष को उत्तेजित, दोषपूर्ण तर्क करने की आदत है। नड्डा का कहना था कि उनके आज के भाषण से पता चला है कि न तो उन्होंने 2024 के जनादेश को समझा है (उनकी लगातार तीसरी हार) और न ही उनमें कोई विनम्रता है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी जी को सभी हिंदुओं को हिंसक कहने के लिए तुरंत उनसे माफ़ी मांगनी चाहिए। यह वही व्यक्ति है जो विदेशी राजनयिकों से कह रहा था कि हिंदू आतंकवादी हैं। हिंदुओं के प्रति यह अंतर्निहित नफरत बंद होनी चाहिए। विपक्ष के नेता ने हमारे मेहनती किसानों और बहादुर सशस्त्र बलों से जुड़े मामलों सहित कई मामलों में झूठ बोला है। लोकसभा में जिस तरह से राहुल गांधी ने हिंदू को लेकर टिप्पणी की है, उस पर बीजेपी आक्रामक है। पीएम मोदी और अमित शाह की आपत्ति के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की भी प्रतिक्रिया आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बीजेपी इस मुद्दे को हिंदुओं के अपमान से जोड़कर कांग्रेस पर पलटवार कर सकती है। इतना ही नहीं, बीजेपी इस मुद्दे पर सड़क पर भी उतरे तो लोगों को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा पार्टी सदन में भी कांग्रेस को इस मुद्दे पर घेरती नजर आएगी। राहुल गांधी के बयान पर एनडीए के कई नेताओं ने पलटवार किया है।

निकाले गये अंशों का प्रयोग सभापति की अवमानना

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि सदन की कार्यवाही में निकाले गये अंशों का सार्वजनिक रूप से प्रयोग करना सभापति की अवमानना है।

श्री धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि सदन में विपक्ष के नेता के वक्तव्य के कुछ अंश कार्यवाही से निकालने के निर्देश दिये गये हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर उनकी पार्टी के अधिकारिक हैंडल से निकाले गये अंशों का उल्लेख किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अफसोसजनक है और सभापति के पद की अवमानना है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही से जिन अंशों और शब्दों को निकालने के निर्देश दिये जाते हैं, वे सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं होते हैं और उन्हें सभी तरह के रिकार्ड से निकाल दिया जाता है।

मंत्री ने राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

छात्रों से उनकी समस्याओं के संबंध में की वार्ता, नरेन्द्र कश्यप ने कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के दिए निर्देश

» पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने के निर्देश दिए

» भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियां देखीं

» निरीक्षण के बाद विश्वविद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा, राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा कुलपति एवं रजिस्ट्रार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय में कौशल विकास के नए कोर्स शुरू करने के निर्देश दिये और कहा कि इन कोर्सों के माध्यम से दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाने का कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। मंत्री कश्यप ने छात्रावासों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि दिव्यांगजन छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया और इसका रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए।

मंत्री ने विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया को सक्रिय करने पर जोर दिया ताकि विश्वविद्यालय के कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, उन्होंने रोजगार मेला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए ताकि दिव्यांगजन छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

मंत्री कश्यप ने भोजनालय का निरीक्षण किया और भोजन बनाने से लेकर परोसने तक की गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोजनालय में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और भोजन में प्रयुक्त होने वाली सब्जियों को सही तरीके से धोकर पकाया जाए। निरीक्षण के उपरांत, मंत्री ने दिव्यांगजन छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की और उनकी कुशलक्षेम भी पूछी। निरीक्षण के बाद मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

मंत्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए कटिबद्ध है। दिव्यांगजनों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है और उन्हें कौशलपरक प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह तथा रजिस्ट्रार रोहित सिंह सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने आईजीआरएस की गहन समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

» समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिये बेहतर सिस्टम

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्टीग्रेटेड ग्रीवेंस रिडेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

समीक्षा के उपरांत मुख्य सचिव ने कहा कि आम जन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिये आईजीआरएस बहुत अच्छा सिस्टम है। आमजन से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाये। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाये। असंतुष्ट फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज होने वाली शिकायतों का रेण्डम गुणवत्ता परीक्षण किया जाये।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्रतिदिन 5 शिकायतों का रेण्डम आधार पर परीक्षण किया जायेगा और आवश्यकतानुसार मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जायेगा। फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत क्लोज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जायेगा। बैठक में विशेष सचिव मुख्यमंत्री प्रथमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस होंगे कई जिले

विश्ववार्ता ब्यूरो

» सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में तैयार विस्तृत कार्ययोजना को किया गया क्रियानवित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में, प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। इस कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने प्रदेश के विभिन्न जिलों को 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग से लैस करने के लिए ई-निविदा माध्यम के जरिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के पूरा होने पर कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को 4 माह के भीतर 29.78 करोड़ रुपए की लागत से इन लाइट्स की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, व कमीशनिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। इन कार्यों को अतिरिक्त, लैंड बैंक मैनेजमेंट पोर्टल व विभिन्न स्कीमों को बढ़ावा देने के लिए आईवीआर तथा डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के भी विकास कार्य पर यूपीनेडा फोकस कर रही है।

योजना के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों की चयनित साइट्स पर सोलर पीवी ह्वाइट एलईडी लाइट हाई मास्ट लाइट सिस्टम को लगाया जाएगा। ये सौर ऊर्जा चालित मास्ट लाइट्स कई मायनों में विशिष्ट हैं। यह लिथियम फेरो फॉस्फेड बैटरी बेस्ड सिस्टम होगा जो 12.8 वोल्ट कैपेसिटी पर कार्य करेगा और ह्वाइट लाइट होने के बावजूद यह अल्ट्रा वॉयलेट रेज का एमीशन नहीं करेगा।

यह 135 ल्यूमेंट प्रतिवाट के हिसाब से प्रकाश उत्पन्न करेगा। यानी, आउटडोर्स में ये लाइटें प्रकाश तो अच्छा उत्पन्न करेंगी ही साथ ही जीरो से लेकर 60 डिग्री तक के तापमान में भी यह आसानी से संचालित हो सकेंगीं। इन लाइटों को लगाने वाली एजेंसी द्वारा न केवल इनकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगी बल्कि 5 वर्ष के वारंटी पीरियड के अंतर्गत संचालन व रखरखाव की प्रक्रिया को भी सुनिश्चत करेगी।

यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को जिम्मा सौंपा गया है जो अपने यहां इंपैनल्ड सॉफ्टवेयर डेवलमेंट एजेंसी के जरिए इस कार्य को पूर्ण कराएगी। कार्य के पूरा होने के उपरांत यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे तमाम कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा। साथ ही, हितधारकों के साथ संवाद कायम करने में भी यह एक अच्छा माध्यम साबित होगा।

यह एप्लिकेशन 3 टीयर बेस्ड सिस्टम पर आधारित होगी

एक ओर, यूपीनेडा द्वारा लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास की प्रक्रिया शुरू की गई है, वहीं दूसरी ओर वह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जेनरेटिव एआई बेस्ड आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास भी करवा रही है। यूपीनेडा द्वारा इस कार्य का जिम्मा भी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को ही सौंपा गया है। गौरतलब है कि यूपीनेडा द्वारा पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट करने के लिए एक ऐसे पोर्टल का विकास किया जा रहा है जहां किसान पराली बेच सकेंगे और यूपीनेडा इस पराली को बायो फ्यूल में कन्वर्ट कर सकेगा। इस पोर्टल के विकास के साथ ही अब जेनरेटिव एआई की मदद से आईवीआर व डैशबोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम का भी विकास किया जा रहा है। यह पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत लाभान्वितों को ट्रैक व मॉनिटर करने में सक्षम होगा।

संसद में राहुल ने झूठ बोला, यूपी और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के गलतबयानी पर सीएम योगी का पलटवार

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई गलत बयानी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है। सदन में दिया गया राहुल का झूठा बयान अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबने राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव में झूठे और गुमराह करने वाले वक्तव्य देते हुए देखा है। संविधान का गला घोंटने वाले लोगों ने संविधान के बारे में गुमराह करने वाले वक्तव्य देने के लिए विदेशी पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया था। 1 लाख का फर्जी बॉन्ड भरवा कर भारत की माताओं और बहनों को गुमराह करने का कार्य किया। आज फिर इन्होंने झूठा बयान दिया है जो कि अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है।

सीएम योगी ने कहा कि हर कोई जानता है कि अयोध्या को उसकी पहचान से किसने वंचित किया है। राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने न केवल अयोध्या को वनवास दिया था बल्कि सरयू को भी रक्तरंजित किया था। आज जब अयोध्या अपने वैभव को पुनः प्रतिष्ठापित करते हुए पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है तो कांग्रेस इसे कैसे अच्छा मान सकती है। कांग्रेस झूठ का पुलिंदा है। सच ये है कि 1733 करोड़ रुपए केवल मुआवजे के लिए अयोध्या वासियों को उपलब्ध कराए हैं।

» सीएम ने कहा- अयोध्या में 1733 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे रामपथ हो, भक्तिपथ हो, जन्मभूमि पथ हो या एयरपोर्ट हो, जिसकी जमीन, दुकान, मकान इसमें शामिल थी, उन्हें मुआवजा दिया गया है। जिनके पास पीछे दुकान बनाने की जगह थी, उनकी दुकानें बनी हैं, जिनके पास स्पेस नहीं था, उन्हें मल्टी लेवल काम्प्लेक्स बनाकर दुकान देने के कार्य को आगे बढ़ाया गया। राहुल के बयान सत्य से परे झूठ का पुलिंदा हैं। यह यूपी और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश है। यह भारत और अयोध्या की छवि को खराब करने की उस मानसिकता का हिस्सा है जो ये एक्सिडेंटल हिन्दू आजादी के बाद से लगातार करते आ रहे हैं।

अयोध्या में कितना दिया गया मुआवजा

अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़ रुपए का मुआवजा
अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़ का मुआवजा
राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़ रुपए का मुआवजा
भक्ति पथ में 23.66 करोड़ रुपए का मुआवजा
रामपथ में 114.69 करोड़ का मुआवजा
पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़ रुपए का मुआवजा
चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़ रुपए का मुआवजा
रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख रुपए
एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़ रुपए का मुआवजा
एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ का मुआवजा दिया
अब तक कुल 21,548 व्यक्तियों को मुआवजा दिया जा चुका है
न केवल मुआवजा दिया गया बल्कि दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया
अयोध्या में दुकानदारों का व्यापार पहले से अधिक बढ़ा है।

घटते जनाधार ने अनुप्रिया को दिलाई आरक्षण की याद

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। सामाजिक संस्था बहुजन भारत मुख्यालय पर हुई एक बैठक में अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा के चुनाव में भाजपा के साथ मैदान में उतरी दलितों और पिछड़ा वर्ग की पार्टियों को बहुजनों ने पूरी तरह से नकार दिया है। यही वजह है कि यूपी में दलितों और पिछड़ा वर्ग के वोटों के सहारे ताकतवर दिखने वाले दलों को एक बार फिर से इन वर्गों के अधिकारों की याद आने लगी है। मोदी सरकार के दस वर्षों के शासनकाल के दौरान अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में दो में से एक सीट पर मिली करारी हार के बाद अब इन्हें भी दलितों और पिछड़ों के आरक्षण की याद आ रही है।

उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है कि दलितों और पिछड़ा वर्ग के खाली पड़े पदों को नहीं भरा जा रहा है और इन पदों के लिए दलित और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यह कहकर रिजेक्ट कर दिया जाता है कि इन पदों पर नाट फाउंड सुटेबल दिखाकर उन पदों पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को भर्ती कर लिया जाता है।

अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन आज राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश और प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वतःस्फूर्त ढंग से हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रातः से ही समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय, लखनऊ में हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तमाम लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश यादव को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बड़ी सख्यां में आये सभी नेता एवं कार्यकर्ता, सभी समाज के लोग, महिलाएं, बच्चे, युवा, अधिकारी, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, संत, महात्मा, उलेमा आदि ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

श्री यादव के जन्मदिन पर देश और प्रदेश में कई स्थानों पर केक काट काटा गया, वृक्षारोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में मरीजों को फल, बांटे गये। श्री यादव की दीर्घायु के लिए हवन-पूजन के कार्यक्रम किये गये। सभी कार्यक्रमों में अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके शतायु होने और स्वस्थजीवन की कामनाएं की गई। राजपुरोहित पं. हरिप्रसाद ने स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने अखिलेश यादव के शतायु होने की कामना की। समाजवादी किन्नर सभा की अध्यक्ष पायल सिंह ने अखिलेश यादव की आरती उतारी और दीर्घायु होने की कामना की।

निराश्रित गोवंश के संरक्षण को 5 से 20 जुलाई तक अभियान

गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल बनाया जाए : पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि दिनांक 05 जुलाई से 20 जुलाई तक अभियान चलाकर बरेली मण्डल के निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए। गोसंरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मण्डल को आदर्श मण्डल के रूप में स्थापित किया जाए और मण्डल के तहत जनपद बदायूं, पीलीभीत, बरेली तथा शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। वर्षाकाल के दृष्टिगत प्रदेश की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश हेतु चारा-भूसा, पानी, प्रकाश एवं गोवंश के भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की बेहतर इन्तजाम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इसके अतिरिक्त कीचड़ से बचाव हेतु पक्का सोलिंग कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए।

» गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं एवं बरेली मण्डल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु समय से पूरे इन्तजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों एवं वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा संभावित बाढ़ आपदा से पशुधन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं पशुहानि से बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि यदि कहीं निराश्रित गोवंश सड़कों या खेतों में दिखायी दें तो उन्हें उपयुक्त स्थल पर संरक्षित किया जाए। उन्होंने गोआश्रय स्थलों के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि को पारदर्शिता तथा वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता का पालन जरूरी है। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नैपियर घास भी लगवाई जाए ताकि हरे चारे की भी उपलब्धता वर्ष पर्यन्त हो सके। गोआश्रय स्थलों पर सोलर लाइट की भी व्यवस्था करायी जाए और संरक्षित गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण संबंधित पशुचिकित्साधिकारियों द्वारा किया जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि मंत्री जी द्वारा दिए गये सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों के अधिकारियों द्वारा वर्षाकाल के दृष्टिगत पशुधन की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाल ने पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डॉ. रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र डॉ. पीएन सिंह, अपर निदेशक डॉ. जयकेश कुमार पाण्डेय तथा अपर निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार सिंह सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों के लिए आज से आवेदन कर सकेंगे किसान

विश्ववार्ता ब्यूरो

» सरकार की प्राथमिकता में हैं अन्नदाता किसान

लखनऊ। अन्नदाता किसान मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं। किसानों के लिए चलाई गई अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार इसे साबित भी कर रही है। इस कड़ी में अब प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सी.आर.एम.) योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अन्नदाता किसानों को अनुदान का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत दो जुलाई से किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह प्रक्रिया 16 जुलाई तक चलेगी।

प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्ज्यू (सी.आर.एम.) योजना के तहत कृषि यंत्रों-सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एस.एम.एस), हैप्पी सीडर/स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/श्रेडर/मल्चर, श्रब मास्टर/रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम.बी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड/सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के आवेदन के लिए दो जुलाई को दोपहर 12 बजे से 16 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक बुकिंग कर सकते हैं। विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर "यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें" लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए बुकिंग किए जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नंबर से ही आवेदन किया जा सकेगा। इसके लिए अपना अथवा ब्लड रिलेशन सदस्यों के मोबाइल से ही आवेदन मान्य होगा, जिसकी सत्यापन के समय पुष्टि भी की जाएगी।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्ज्यू योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा। योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों तथा कस्टम हायरिंग सेंटर हेतु ग्रामीण उद्यमी एवं एफ.पी.ओ. लाभार्थी होंगे। ई-लॉटरी हेतु स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। ई-लॉटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरुप चयनित किए जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रम के अनुसार प्रतीक्षा सूची भी तैयार होगी। लक्ष्य की पूर्ति न होने पर ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थी का चयन किया जाएगा। पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि वापस कर दी जाएगी। दस हजार एक रुपये से लेकर एक लाख रुपये के कृषि यंत्रों के अनुदान के लिए जमानत धनराशि 2500 रुपये व एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए जमानत धनराशि पांच हजार रुपये होगी। लाभार्थियों का चयन/बुकिंग टोकन कंफर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र क्रय कर विभागीय पोर्टल पर क्रय रसीद यंत्रों की फोटो, सीरियल नंबर एवं संबंधित अभिलेख 30 दिन में अपलोड करना होगा। कस्टम

ढह गई भ्रष्टाचार के पिलर पर खड़ी पानी टंकी

लखनऊ। रविवार शाम जनपद मथुरा में एक सिर्फ तीन वर्ष पुरानी पानी की टंकी भरभरा कर गिर गई। घटना के दौरान टंकी के नीचे दबकर दो लोगों की मौत और 12 लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। उक्त घटना पर अपना रोष प्रकट करते हुए एवं मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि आजादी की बाद प्रदेश में इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं रही। योगी की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है। आदमी तो आदमी इस सरकार ने भगवान को भी नहीं छोड़ा है। श्री राय ने कहा कि पहली ही बारिश में भगवान श्री राम जी के मंदिर में पानी चूने लगा। 311 करोड़ की लागत से बने रामपथ में गड्ढा हो गया है और इस तरह से रोड धंसने व रोड में गड्ढा होने की घटनाएं आम हो गई हैं जो योगी सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलती हैं।

पहल प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों के एन्क्वास सर्टिफ़िकिशन से मरीजों को मिल रहा उच्च गुणवत्तापूर्ण इलाज

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध रहेंगी वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज

विश्ववार्ता ब्यूरो

» सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफिकेशन के दायरे में लाने का लक्ष्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर रही है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि अब तक प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने पर मिला है। योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लोगों को घरों के नजदीक ही वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज मिलें। साथ ही प्रदेश की जनता अपनी गाढ़ी कमाई निजी अस्पतालों या अप्रशिक्षित चिकित्सकों की क्लिनिक में इलाज पर न खर्च कर अपने परिवार के पालन-पोषण और खुशहाली पर खर्च कर सके। इतना ही नहीं योगी सरकार ने वर्ष 2026 तक प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास सर्टिफ़िकेशन के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है, जबकि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों को

एन्क्वास प्रमाण पत्र से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है।

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केवल उन्हीं स्वास्थ्य इकाइयों को यह प्रमाणपत्र प्रदान करता है जो मरीजों के इलाज और देखभाल के हर मानक को पूरा करते हैं। अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास के दायरे में लाने के हरसम्भव प्रयास जारी हैं। "इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर क्वालिटी इन हेल्थ केयर (आईएसक्यूयूए) द्वारा प्रमाणित होने के कारण एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रही हैं।" इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि 256 एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयां "लोगों को घरों के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहीं हैं, इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनका विश्वास भी बढ़ा है।" बता दें कि एन्क्वास के प्रमुख क्लीनिकल सेवाओं के तहत पीएचसी में क्लीनिकल सेवाओं की गुणवत्ता को मापते हैं। इसमें परामर्श, प्रवेश, मूल्यांकन, देखभाल की निरंतरता, नर्सिंग देखभाल, दवा सुरक्षा, मानक उपचार दिशा निर्देशों का उपयोग, आपातकालीन सेवाएं, प्रयोगशाला सेवाएं, चिकित्सा रिकॉर्ड और डिस्चार्ज प्रक्रिया के मानक शामिल हैं। प्रसव पूर्व देखभाल, प्रसवोत्तर देखभाल, नवजात देखभाल, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और नैदानिक सेवाओं से संबंधित नैदानिक प्रक्रियाओं से संबंधित हैं।

संक्रमण नियंत्रण क्षेत्र के तहत हाथ धोने की सुविधाएं, व्यक्तिगत सुरक्षा, उपकरण प्रसंस्करण, पर्यावरण नियंत्रण और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का मूल्यांकन होता है। एन्क्वास के मानक गुणवत्ता प्रबंधन के तहत गुणवत्ता टीम, आंतरिक, वाह्य गुणवत्ता आश्वासन, रोगी संतुष्टि सर्वेक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाओं से संबंधित चार मानक शामिल हैं।

आवश्यक सूचना

मैंने अपने पुत्र जितेंद्र कुमार उसकी पत्नी को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार व धमकी देने के कारण चल-अचल संपति से बेदखल कर संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मुझसे कोई वास्ता नहीं है।

रानी
पत्नी स्व0 रामचन्दर
निवासी : ग्राम दानियालपुर पोस्ट सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी उ0प्र0

एक नजर

गोविंद साहब में लगेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

अम्बेडकरनगर। क्षत्रिय एकता मंच के बैनर तले अहिरौली गोविंद साहब में क्षत्रियों की बैठक हुई। मेला समिति अध्यक्ष भौमेंद्र सिंह पप्पू के संचालन एवं पूर्व प्रधान रवींद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गोविंद साहब में सर्वसम्मति से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। समाज में निम्न आय वर्ग के राजपूतों के उत्थान के लिए सहमति बनी। रवींद्र सिंह ने कहा कि बहुत से क्षत्रिय परिवार के आज भी गरीबी का दंश झेल रहे हैं। हम लोग मिलकर ऐसे परिवारों की हरसंभव मदद करेंगे। ऐसे परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं जरुरतमंदों को आवश्यक इलाज की मदद के लिए कोष बनेगा। सुनील सिंह, पवन सिंह, विपिन सिंह, घनश्याम सिंह, आंशू सिंह, बृजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, हौशिला सिंह, राजमंगल सिंह, उमेश सिंह, गुलाब सिंह, अजीत सिंह, सधेश्याम सिंह, रामदत्त सिंह, धीरेंद्र सिंह, अमरनाथ सिंह मौजूत रहे।

विकास विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले

अम्बेडकरनगर। शासन से निर्धारित विकास विभाग में तबादला एक्सप्रेस सरपट दौड़ी। सीडीओ के अनुमोदन पर डीडीओ सुनील तिवारी, मनरेगा उपायुक्त आरपी मिश्र व डीपीआरओ अवनीश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र को बदलते हुए कार्यभार महण का आदेश जारी किया। ग्राम विकास अधिकारियों व संविदा कर्मियों का व्यापक पैमाने पर स्थानांतरण किया। उन्हें तुरंत संबंधित ब्लाक में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश मिला है। ग्राम सचिवों में निर्दोष कुमार, सुनील कुमार दूबे, रत्नेश कुमार, अभिषेक उपाध्याय, आनंद कुमार पांडेय, दिवाकर वर्मा, चूड़ामणि, राहुल यादव, अनिल यादव, अमरजीत शर्मा, जयप्रकाश, बृजेश यादव, प्रवीण कुमार, दिनेश, इंद्रसेन, गौरव कुमार, अमरजीत वर्मा, प्रशांत पटेल, देवेंद्र यादव, इरफान हैदर, रंजन मौर्य, अनिल कुमार, कुलदीप त्रिपाठी, विश्वनाथ पटेल, रामबली, बृजेश यादव, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, रंजय मौर्य, प्रदीप गुप्ता, विपुल सिंह, अशोक मौर्य, बविता वर्मा, गिरीश चौधरी, प्रदीप, रवींद्र चौधरी, जयप्रकाश, दिवाकर वर्मा, जयंत यादव, अनुज यादव, विजय मिश्र, सतीश चंद्र, अभिषेक उपाध्याय, घनश्याम, धीरेंद्र पासवान, विनोद गुप्त, रत्नेश कुमार, सुनील सोनकर, अवनीश, मनोज, जसवंत का स्थानांतरण किया गया है।

अपराधियों की धरपकड़ जारी

अम्बेडकरनगर। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को समय 02 .40 बजे रात्रि दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर द्वारा द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर नेमपुर तिराहे पुलिया के पास एक व्यक्ति जिसका नाम सहदेव कुमार उर्फ संदीप पुत्र शम्भूनाथ निवासी पैतीपुर थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर है को 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सहदेव कुमार उर्फ संदीप पुत्र शम्भूनाथ निवासी पैतीपुर थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

बाजारों में खुलेआम बिक रही मिलावटी दाल

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। अरहर की दाल खरीदने के दौरान सावधान रहने की जरूरत है। बाजारों में मिलावटी दालों की भरमार है। अरहर की दाल में खेसारी दाल की मिलावट कर बेचा जा रहा, जो सेहत के लिए अत्यंत खराब है। इससे आंखों की रोशनी प्रभावित होने के साथ– साथ लकवा होने का भी खतरा बढ़ जाता है। सेहत के लिए दाल बेहद जरूरी मानी जाती है। बाजारों में इस समय बिक रही मिलावटी दाल से सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल कई जगह अरहर की दाल में खेसारी की दाल की मिलावट कर बेचा जा रहा है। जिसे पहचान पाने में लोग धोखा खा जाते हैं। खेसारी की दाल का आकार भी अरहर के दाल के समान ही होता है। ऐसे में मिलावटखोर उसे अरहर की दाल मेंमिलाकर आसानी से बेच देते हैं। स्थानीय कारोबारी मनोज का कहना है कि प्रत्येक दिन जिले में करीब 20 क्विंटल दाल की खपत होती है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से मिलावटी दाल उत्तर प्रदेश में आ रही है। इसकी पहचान आसानी से नहीं की जा सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ कोई भी हो उसके सेवन से नुकसान होता है। खेसारी दाल की बात करें तो इसका सेवन लगातार करने से कई बीमारियां हो सकती हैं। पाचन तंत्र कमजोर होने के साथ ही आंखों की रोशनी भी प्रभावित होती है। लकवा अटैक होने की संभावना चनी रहती है। ऐसे में ग्राहकों को दाल की खरीदारी करते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रो. अशोक कुमार मिश्रा बने साकेत के छात्र कल्याण अधिकारी

अयोध्या। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने महाविद्यालय का नया छात्र कल्याण अधिकारी प्रो अशोक कुमार मिश्रा को नामित किया है। प्रो . बी .डी . द्विवेदी के 30 जून को सेवानिवृत हो जाने से यह पद रिक्त हो गया था। प्रोफेसर मिश्रा को तीन दशक से अधिक शिक्षक एवं प्रशासनिक अनुभव रहा है। प्रो . मिश्रा महाविद्यालय में एनसीसी नेवल विंग के सब लेफ्टिनेंट रह चुके है। प्रो . मिश्रा आयोग द्वारा चयनित होकर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोइलसा आजमगढ़ के प्राचार्य के रूप में भी कार्य किया। प्रोफेसर मिश्रा की सात पुस्तके एवम 36 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।प्रो मिश्रा के पास नियंता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, छात्रावास अभिरक्षक ,विश्वविद्यालय मूल्यांकन उप समन्वय का भी दायित्व निभाया है। इसके पूर्व वर्तमान छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर बी डी द्विवेदी 30 जून को सेवानिवृत हुए। महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अनेक शिक्षकों प्रो अनिल सिंह,प्रो अनुराग मिश्रा ,प्रो आशीष सिंह, प्रो अमूल्य सिंह ,प्रो अशोक मिश्रा , प्रो अंजनी कुमार सिंह द्वारा द्विवेदी जी के साथ अपने अनुभव को साझा किया गया और अंत में उपस्थित समस्त शिक्षकों एवं प्राचार्य द्वारा प्रोफेसर द्विवेदी के छात्र कल्याण अधिकारी के रूप में महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन में दिए गए योगदान के लिए आभार जताते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन के लिए कामना की गई। बाद में प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने महाविद्यालय द्वार तक प्रो द्विवेदी को पहुंचाया गया। प्रो मिश्रा के छात्र कल्याण अधिकारी बनने पर प्रो मिर्जा साहब शाह ,प्रो अमूल्य कुमार सिंह ,प्रो आशुतोष सिंह, प्रो आशीष प्रताप सिंह ,प्रो आशुतोष त्रिपाठी, प्रो सत्य प्रकाश गुप्ता डॉ उमापति डा अखिलेश सिंह, डा समेत अनेक शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रोफेसर मिश्रा के सराहनीय योगदान की कामना की।

अब डिजिटल साक्ष्य न्यायालय में बतौर सबूत होंगे स्वीकारः अतुल सोनकर

सोहावल, अयोध्या। सोमवार से देश भर में लागू हुए नए कानून को लेकर जानकारी और जागरूकता गोष्ठी रौनाही में संपन्न हुई। दोपहर थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह, सीडीपीओ सहित ग्राम प्रधान, आंगन बाड़ी कार्यकत्री, राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया कर्मी विशेष रूप से बुलाए गए थे। गोष्ठी में भारत सरकार के पुराने कानूनों की जगह स्थापित किए गए नए कानून में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे दस्तावेजी कानून पर व्यापक चर्चा की गई। मुख्य अतिथि रहे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा अब नए कानून में व्यवस्था है कोई भी भारत वर्ष के किसी भी थाने से अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। व्यक्ति का अपने थाना क्षेत्र में होना जरूरी नही है। अब डिजिटल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य न्यायालय में बतौर सबूत स्वीकार किए जायेंगे। मॉब लांचिंग जैसी घटनाओं के लिए अलग से कानून और सख्त सजा का प्राविधान है। 18 वर्ष से कम उम्र को हर मामले में नाबालिग करार दिया जाएगा। महिलाओं और बालक बालिका को लेकर होने वाले अपराधो में सजा कड़ी करते हुये आजीवन कारावास तक की सजा का प्राविधान किया गया है। संबोधन करने वालो में सीडीपीओ सोहावल शामिल रहीं। मौजूद लोगो में प्रधान अनुराग सिंह, अखिलेश सोनी, प्रतिनिधि शत्रोहन वर्मा, अंबरीश पाण्डेय, सत्यनाम सिंह,अशोक सिंह बीर भद्र गुप्ता, बृज कुमार, राम किशुन, आँगनबाड़ी कार्यकत्री सहित बड़ी संख्या में गणमान्य शामिल रहे।

शिक्षा सत्र के प्रथम दिन बीएसए ने जमीन पर बैठकर छात्रों संग किया भोजन

अम्बेडकरनगर। सोमवार को नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने शिक्षा सत्र के प्रथम दिन छात्रों का उत्सावर्धन करने के उद्देश्य से उनके साथ ही जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। अधिकारियों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज में बच्चों के बीच बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। छात्रों के बीच बैठे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे छात्रों का भविष्य बेहतर हो रहा है। इस मौके पर एआरपी हरिप्रसाद चतुर्वेदी, कृष्ण चंद्र मिश्रा, शिवाकांत यादव, दिलीप यादव, अनिल यादव शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय पांडे मंत्री राम केवल यादव सभासद बाल गोविंद त्रिपाठी एनपीआरसी अशोक तिवारी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन पांडेय ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

सफाई की व्यवस्था खराब पाये जाने पर प्रबन्धकों को दी चेतावनी

विश्ववार्ता संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों, परिसर सहित चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर पायी गयी, जबकि दोनों चिकित्सालयों के परिसरों में सफाई की व्यवस्था खराब पाये जाने पर दोनों प्रबन्धकों को चेतावनी देते हुये यथाशीघ्र सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ एवं साफदुसुथरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कैम्पस में अव्यवस्थित रूप से खड़े किए गए निष्प्रयोज्य वाहनों को तत्काल हटवाने तथा परिसर को ड्रेनेज व्यवस्था को ठीक कराने, कैम्पस में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा उसमें उपयोग होने वाले सामाग्रियों

जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते डीएम नितीश कुमार

को नियमित व्यवस्थित रूप से रखने तथा मलबा आदि को तत्काल हटवाते रहने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में चल रहे फायर फाइटिंग के कार्य को तेजी से कराने तथा सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के तीमारदारों हेतु बनाये गये निःशुल्क रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया तथा उसमें साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा रैन बसेरे की अधिक से अधिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने दोनों चिकित्सालयों के परिसर में व्यवस्थित रूप से वाहनों को खड़ा कराने हेतु प्रबन्धकों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा सीटी स्कैन व्यवस्था का अवलोकन किया गया इस अवसर पर अवगत कराया गया कि रोजाना 30 से 35 मरीजों का सीटी स्कैन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान तक 22 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा चुका था। जिलाधिकारी ने जन सामान्य हेतु उसे 24 गणे 7 घंटे संचालित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने चिकित्सा अधीक्षकों एवं समस्त चिकित्सकों को विभिन्न वार्डों में नियमित स्वयं भी विजिट करने के निर्देश दिये और शासन के मशानुरूप चिकित्सालय में आने वाले समस्त मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनरल ओटी वार्ड, एस0एन0सी0 वार्ड, वार्म वार्ड तथा जनरल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय जैन, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय सहित अन्य सम्बंधित चिकित्सक उपस्थित रहे।

मोहनी दहेज हत्याकाण्ड में पति व ससुर दोषमुक्त

» अभियुक्तों को संदेह का लाभ देकर बाइज्जत बरी किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता

अयोध्या। अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार ने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित विवाहिता मोहनी कश्यप दहेज हत्याकाण्ड में मुख्य आरोपी पति धर्मेन्द्र कश्यप व ससुर रमेश पर अपराध साबित न होने पर संदेह का लाभ देकर बाइज्जत बरी कर दिया। फैसले के पश्चात दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत से मुक्त कर दिया गया।

यह मामला अयोध्या कोतवाली क्षेत्र का वर्ष 2020 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्त आनन्द श्रीवास्तव, मनीष मिश्र व विनोद श्रीवास्तव ने जोरदार पैरवी किया। बहस के दौरान तर्क दिया कि वह दोनों निर्दोष हैं जानबूझकर फर्जी फसाया गया है। विवाहिता को सरयू नदी में फेंकते हुए किसी ने नहीं देखा है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक गोण्डा जनपद के बिहिया चेन गांव निवासी स्वामीनाथ की पुत्री मोनी का विवाह घटना के पांच साल पूर्व धमेन्द्र कश्यप के साथ हुआ था। शादी के बाद मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले मोहनी कश्यप को प्रताडित करते थे जब विवाहिता 20 दिन बाद अपने मायके आयी तो अपनी मां ज्ञानमती को दहेज की बात बताया कि ससुराल वाले सोने की चेन व मोटरसाइकिल की मांग करते हैं इसी के चलते उसे परेशान भी किया जाता है। 21 अक्टूबर 2020 की रात लगभग 3 बजे उसका पति अपने ससुराल आया और अपनी पत्नी को अयोध्या दर्शन के बहाने ले गया और 22 अक्टूबर की रात उसको सरयू पुल से नदी में गिरा दिया गया।

जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मोबाइल से सुबह इसकी सूचना विवाहिता के पिता स्वामीनाथ को दिया। घटना की रिपोर्ट मृतका के पिता स्वामीनाथ ने अयोध्या कोतवाली में अपने दामाद धमेन्द्र कश्यप व समधी रमेश के खिलाफ मु.अ.सं. 757/20 अन्तर्गत धारा 498 ए 304बी/302 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज हुआ। मामले में आधा दर्जन से ज्यादा गवाह अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में पेश किये गये वहां सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने वादी व गवाहों के बयान के आधार पर दहेज हत्या के दोनो अभियुक्तों धमेन्द्र कश्यप व रमेश कश्यप को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पिछले कई दिनों से अतिवृष्टि के कारण शहर के जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय सहित नगर निगम की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव से प्रभावित शहर के जनौरा, सरस्वतीपुरम सहित अन्य स्थलों पर नगर निगम द्वारा जलनिकासी हेतु किये गये प्रबन्धों का अवलोकन किया।

इस दौरान उपस्थित नगरवासियों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से बारिश के दौरान जलभराव की समस्या हो जाती जिस पर मण्डलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर के ऐसे मोहल्लों जिनमें पुरानी बसावटों एवं निचले भाग में होने के कारण जलनिकासी नही हो पाती है उन मोहल्लों में उचित स्थलों का चयन कर स्थायी रूप से पम्पिंग स्टेशन की स्थापना करते हुए नालो तक पानी पहुचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिससे जलनिकासी स्थायी रूप से सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि के कारण जलभराव से प्रभावित विभिन्न कालोनियों में नगर निगम द्वारा जलनिकासी हेतु कुल 90 पम्प टीम तैनात की गयी है, जो 24 घंटें अलर्ट मोड पर है। जिन इलाके में जलभराव की समस्या नगर निगम में स्थापित कराये गये कन्ट्रोल रूम नम्बर-05278-299400/7311165805 टोल फ्री नम्बर-1800-313-1277/1533 में प्राप्त होगी वहां तत्काल पम्प टीम भेजकर जलनिकासी सुनिश्चित करायी जायेगी। इस दौरान सभी सम्बंधित उपस्थित रहे।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने जलवानपुरा का किया निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

अयोध्या। प्रमुख सचिव नगर विकास उ0प्र0 शासन अमृत अभिजात का सोमवार को अयोध्या आगमन हुआ। प्रमुख सचिव का स्वागत मण्डलायुक्त गौरव दयाल, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सर्किट हाउस में किया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने शहर के अतिवृष्टि प्रभावित विभिन्न स्थलों पर की जा रही कार्यवाहियों के सम्बंध में नगर निगम, पीडब्लूडी, जलनिगम सहित अन्य

सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने जलनिकासी हेतु स्थापित कराये गये पम्पसेटों तथा अन्य प्रबन्धों के बारे में अवगत कराया। अगले चरण में प्रमुख सचिव अयोध्या ने जल भराव से प्रभावित जलवानपुरा का निरीक्षण किया तथा जल निकासी हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन बिछाने आदि के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

अन्त में उन्होंने अयोध्या बाईपास पर जलनिकासी के लिए पूर्व से निर्मित नालों को भी देखा। इस दौरान अयोध्या मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी सहित नगर निगम के अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता एवं अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव के प्रस्थान के पश्चात मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अयोध्या रायबरेली रोड पर नगर विकास विभाग द्वारा बनाये जा रहे कल्यान मण्डप के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था सी0एण्डडी0एस0 के अधिशाषी अभियन्ता को समस्त कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

डीएम ने पौधरोपण कर दिया वन संरक्षण का संदेश

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम 1 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक चलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष वन महोत्सव के दौरान हरित आवरण की मात्रा बढ़ाने के लिए 35 करोड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है।वन महोत्सव सप्ताह 2024 वृक्षारोपण गतिविधियों का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है।

वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। इस सप्ताह को इसलिए चुना गया है । वन महोत्सव सप्ताह न केवल वनीकरण के साथ मनाया जाता है, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों, शैक्षिक संगोष्ठियों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के साथ भी मनाया जाता है। वन महोत्सव दिवस विशेष रूप से 1 जुलाई को मनाया जाता है, जो वन महोत्सव सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। वन महोत्सव दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है, जिसमें सरकारी निकायों, गैर-लाभकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और कई व्यक्तियों जैसे कई हितधारकों की भागीदारी के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाए जाते

हैं। यह दिन विशेष रूप से पृथ्वी को टिकाऊ और स्वस्थ बनाने के लिए पेड़ लगाने का संदेश देता है।वन महोत्सव दिवस/सप्ताह के पीछे मुख्य उद्देश्य धरती को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना है।

शासन के निर्देश के क्रम में जनपद अंबेडकर नगर में वन विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार कर वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया जा रहा है।01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में वन विभाग के साथ अन्य विभाग भी शिरकत करेंगे।वृक्षारोपण, जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण , प्रदूषण नियंत्रण, इत्यादि विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जैसे, निबंध लेखन,प्रभातफेरी,बाद विवाद प्रतियोगिता , चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि।

चार दिन से खराब ट्रांसफार्मर न बदले जाने से व्यापारियों में आक्रोश

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। गत चार दिनों से खराब हुए ट्रांसफार्मर को ना बदलने से बिजली उपभोक्ताओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के बीच लगातार चार दिनों से अंधेरा होने के कारण दुकानदारों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है।

मामला बसखारी बाजार का है जहां जलालपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास का ट्रांसफार्मर विगत चार दिन पूर्व जलने के कारण खराब हो गया था जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा मकोड्या विद्युत उपकेंद्र पर दिया। स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि मकोइया में तैनात अवर अभियंता मकोइया का सीयूजी मोबाइल नंबर 9453004814 लगातार स्विचऑफ रहता है जिससे उपभोक्ता कोई भी जानकारी नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। लगातार चार दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बहरहाल चार दिनों से ट्रांसफार्मर जलने के कारण खराब पड़ा है और स्थानीय जे.ई का मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उपभोक्ताओं/दुकानदारों को कोई अपडेट भी नहीं मिल पा रही है जिसके कारण व्यापारी वर्ग में काफी नाराजगी बताई जा रही है।

हादसे को आमंत्रण दे रहे गगनचुंबी प्रचार के बोर्ड-होर्डिंग्स

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला प्रशासन और जिम्मेदार लोगों की लापरवाही से जिले में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हादसा बिना मानक पूरा किए बेतरतीब बेहिसाब लगे बोर्ड और लगे होर्डिंग्स से होने का खतरा है।

नगर में जगह-जगह विभिन्न बिल्डिगों पर लगे गगनचुंबी होर्डिंग व प्रचार के बोडों के एंगिल अनहोनी की आशंका पैदा कर रहे हैं। जिला मुख्यालय नगर अकबरपुर में मनमाने ढंग से होर्डिंग्स और बोर्ड लगे हैं, जिम्मेदार आंखें मूंदें हुए हैं। इसका खामियाजा कभी भी नगरवासियों को भुगतना पड़ सकता है। कारण चाहे जो भी हो, गगनचुंबी होर्डिंग्स और बोर्ड हादसे सबब बने हुए हैं। जिला मुख्यालय नगर का कोई ऐसा कोना नहीं है और कोई भी रिहायशी मकान व व्यावसायिक कांप्लेक्स नहीं है, जिस पर बड़े-बड़े बोर्ड और होर्डिंग्स न लगे हों। जो कभी भी तेज आंधी और तूफान से धराशाई होकर हादसों का कारण बन सकते हैं। सिविल इलाके का कलेक्ट्रेट क्षेत्र, पटेलनगर बस स्टेशन, पुरानी तहसील, फौवारा तिराहा, चौक, गांधी चौक, संघतिया, नई सड़क इलाकों में गंगनचुंबी होर्डिंग हादसों का कारण बन सकते हैं।

> प्रचार-प्रसार का बोर्ड और होर्डिंग्स लगाने का मानक निर्धारित है। मानक के विपरीत बोर्ड और होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मानक का सत्यापन कराया जाएगा।
>
> बीना सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका अकबरपुर

सर्वे में जीवित नहीं मिले साढ़े तीन हजार पेंशनधारक

अम्बेडकरनगर। वृद्धावस्था पेंशन का लाभ उठा रहे साढ़े तीन हजार वृद्ध सर्वे में मृत मिले। ऐसे में अब संबंधित पेंशनर्स के नाम पात्रता सूची से हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अब जिले में एक लाख 29 हजार 793 वृद्धों की तुलना में एक लाख 26 हजार 293 वृद्धों को वृद्धापेंशन मिलेगी। समाज कल्याण कार्यालय के अनुसार जिले में एक लाख 29 हजार 793 वृद्धों को पेंशन मिलती है। बीते दिनों समाज कल्याण कार्यालय द्वारा वृद्धा पेंशन लेने वालों का स्थलीय सत्यापन हुआ। इसमें पाया गया कि 3500 ऐसे वृद्ध हैं जिनका निधन हो चुका है। ऐसे में अब संबंधित वृद्ध के नाम पात्रता सूची से निकाले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि जिनका निधन हो चुका है उनका नाम सूची से हटाया जा रहा है। ऐसे में अब एक लाख 26 हजार 293 वृद्धों को पेंशन मिलेगी।

33 अपराधों में बढ़ा दी गई कारावास की सजा

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भारत सरकार द्वारा सोमवार से लागू हुए नये कानूनों के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए सोमवार को जिला कारागार में अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्तागण की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में अपर जिला जज / सचिव द्वारा सोमवार से लागू हुए नये कानूनों पर जानकारी देते हुये बताया गया कि अब इंडियन पीनल कोड (आई०पी०सी०) के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सी०आर०पी०सी०) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू

किये जायेंगे। इसके कम में हत्या के लिये लगाई जाने वाली धारा 302 अब धारा 103 कहलायेगी, ठगी के लिये लगाई जाने वाली धारा 420 के स्थान पर अब 316 होगी, हत्या के प्रयास के लिये लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलायेगी तथा दुष्कर्म के लिये लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 64 कहलायेगी। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता में 20 नये अपराध जोड़े गये हैं, आर्गेनाइज्ड काइम, हिट एंड रन मॉब लिचिंग पर सजा का प्रावधान, डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रानिक और डिजिटल रिकार्ड शामिल है, आई०पी०सी० में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है। 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है।

स्वागत जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विद्यालय का शिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया

स्कूल पहुंचे नव प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत, पहनाई फूलों की माला

विश्ववार्ता संवाददाता

जहांगीरगंज, अम्बेडकरनगर। नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन विकास खण्ड जहांगीरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, फूल-अक्षत से स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विद्यालय का शिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को माला पहनकर, फूल से स्वागत किया गया। साथ ही साथ बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट भी दिया गया।इस दौरान विद्यालय में उपस्थित अन्य बच्चों का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय कैंपस से 'एक भी बच्चा छूटे ना, संकल्प हमारा टूटे ना' के स्लोगन के साथ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोगों के अभिभावक के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तांतरण कर दिया गया है।

जिसे आप लोग जूता-मोजा, बैग, ड्रेस का उपयोग करें एवं आप सभी लोग प्रतिदिन ड्रेस में विद्यालय आए और पढ़ाई कर आगे बढ़े । जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा

सोमवार को स्कूल पहुंचे छात्र का फूलमाला पहना स्वागत करते हुए डीएम अविनाश सिंह, साथ में सीडीओ व अन्य

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह पेरेंट्स मीटिंग कर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करना सुनिश्चित करें, जिससे एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

तत्पश्चात उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में हैंड वॉश की उपलब्धता ,शौचालय, किचन एवं परिसर की साफ सफाई तथा मीनू के अनुसार भोजन- पेयजल की व्यवस्था आदि में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज में पूर्व विधायक अनीता कमल, उप जिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षकगण एवं अभिभावक मौके पर उपस्थित रहे।

एक नजर

सुरेन्द्र बौद्ध बने लोजपा (आर) के प्रदेश वरिष्ठ महासचिव

सहारनपुर। लोकजनशक्ति पार्टी(रामविलास) किसान प्रकोष्ठ के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राहुल त्यागी ने ग्राम रनियाला दयालपुर निवासी पूर्व प्रधान मलखान सिंह के सुपुत्र सुरेन्द्र कुमार बौद्ध को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें लोजपा (आर) किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश वरिष्ठ महासचिव मनोनीत किया है। उक्त आशय का मनोनयन पत्र सौंपते हुए श्री त्यागी ने श्री बौद्ध पर विश्वास जताते हुए कहा कि श्री बौद्ध लोकजनशक्ति पार्टी काफी वर्षों से तन-मन-धन से जुड़े हुए हैं, उनकी इसी लगन व मेहनत, निष्ठा ईमानदारी को देखते हुए उन्हें पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अपने मनोनयन पर श्री बौद्ध ने पार्टी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से इसका निर्वहन करेंगे तथा पार्टी को सबल बनाने का कार्य करेंगे।

जी.एस.बब्बर महासचिव मनोनीत

सहारनपुर। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार जी.एस.बब्बर को जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ इण्डिया का महासचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजुम सिद्दिकी ने श्री बब्बर का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया तथा विश्वास जताया कि श्री बब्बर पत्रकारों की हितों की लड़ाई में अहम भूमिका निभायेंगे। श्री बब्बर ने अपने मनोनयन पर कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें संगठन द्वारा सौंपी गयी है वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजुम सिद्दिकी, महासचिव जी.एस.बब्बर, लियाकत सहित यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसबीआई का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

सहारनपुर। कोर्ट रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया मे बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैंक के मुख्य प्रबन्धक राजेश कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे वरिष्ठ नागरिको को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। मुख्य प्रबन्धक राजेश कुमार ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक ही बैंक के सही ब्रांड अम्बेसडर है। भारतीय स्टेट बैंक आज अपनी योजनाओं के द्वारा पूरे देश में अपनी सेवामें प्रदान कर रहा है। उन्होंने ग्राहको को बैंक के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे मे भी जानकारी दी। कार्यक्रम मे प्रबंधक संजय तोमर, संतोष कुमार, गौरव कुमार, अतुल जैन संजय शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

डिप्टी सीएमओ ने की गंगा पैथोलॉजी लैब सील

शाहजहांपुर। जलालाबाद में प्रताप नगर मोहल्ले में गंगा पैथोलॉजी लैब नाम से एक पैथोलॉजी चल रही है। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद आसिफ अली मेडिकल स्टाफ के साथ पहुंचे और उन्होंने सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ ने बताया की मौके पर कोई डॉक्टर नहीं मिला और जो लैब पर कार्य कर रहा था लैब के संचालन का लाइसेंस भी नहीं दिखा सका इसलिए उसके लैब को सील कर दिया गया है उन्होंने अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी है। वही जो लैब बग़ैर रजिस्ट्रेशन के जो चल रही है ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के गौतम द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। और अभी कहां है कि जलालाबाद में बहुत ही गलत तरीके से लैब संचालित हैं जिन पर कार्रवाई की जाना सुनिश्चित है।

अग्रवाल सभा का हरियाली तीज मेला 7 अगस्त को

बरेली। श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी रजि. की ओर से आगामी 7 अगस्त को महान हरियाली तीज मेले का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि रविवार को कार्यकारिणी की बैठक में हरियाली तीज मेला को लेकर विचार विमर्श किया गया । मेला संयोजक देवेश अग्रवाल, पराग अग्रवाल व संयोजिका डा.आरती गुप्ता व डा. नीरु अग्रवाल को सर्वसम्मति से बनाया गया। मेले के मुख्य आकर्षण फैंसी व पारंपरिक ड्रेस प्रतियोगिता, लांग एंड हेल्दी हेयर, मेंहदी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, हाऊजी आदि रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, महामंत्री एड़. दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश जल निगम, उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, मीडिया प्रभारी एड़. हर्ष कुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल समेत काफी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहे।

वन महोत्सव सप्ताह का किया गया शुभारम्भ

बरेली। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव सप्ताह का शुभारम्भ पौधारोपण व जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी द्वारा पौधारोपण किया गया।

निगम में जमा हुआ एक करोड़ 80 लाख टैक्स

» 20 प्रतिशत व 15 प्रतिशत छूट का बड़ी संख्या में बकायादारों ने उठाया लाभ

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। बड़ी संख्या में नगर निगम के टैक्स बकायादारों ने रविवार को ऑन लाइन 20 प्रतिशत व कैश जमा कराते हुए 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठाया। जिसके चलते नगर निगम में एक करोड़ 80 लाख 44 हजार रुपये जमा किये गए।

नगर निगम के टैक्स बकायादारों को सुविधा देने के लिए नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर रविवार को अवकाश होने के बावजूद निगम में कैश काउंटर खोला गया था ताकि कैश जमा कराने वाले बकायादारों को 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिल सके। बकायेदारों ने रविवार को नगर निगम पहुंचकर बकाया

टैक्स पर 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठाते हुए कैश काउंटर पर 2 लाख 26 हजार रुपये नकद जमा कराये। जबकि ऑन लाइन जमा करने वाले बकायादारों को रविवार 30 जून तक 20 प्रतिशत छूट का लाभ दिया गया।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि ऑन लाइन 22 लाख 44 हजार तथा आरटीजीएस व एनईएफटी के जरिये एक करोड़ 28 लाख रुपये बकायादारों द्वारा टैक्स जमा कराया गया। 20 प्रतिशत व 15 प्रतिशत छूट के अंतिम दिन 30 जून को कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के अथक प्रयासों से नगर निगम में कुल एक करोड़ 80 लाख 44 हजार रुपये जमा कराए गए। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि जिन बकायादारों ने अपना टैक्स अभी तक जमा नहीं कराया है वे जल्दी से जल्दी टैक्स जमा कराएं। उन्होंने बताया कि अब एक जुलाई से बकाया टैक्स जमा कराने वालों को ऑन लाइन 15 प्रतिशत तथा कैश जमा कराने वालों को 10 प्रतिशत ही छूट प्राप्त हो सकेगी।

थाना बारादरी में दर्ज हुआ भारतीय न्याय संहिता का पहला मुकदमा

» अस्पताल से चोरी हुआ था बच्चा, पिता ने कराई रिपोर्ट दर्ज

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस) लागू हो चुकी है। तीन नए अपराधी कानून लागे हो गए। जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा(बीएनएसस), भारतीय न्याय संहिता(बीएनएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) इनमें कई नई दफा यानी धाराए शामिल की गई है तो कुछ दफाओंमें बदलात, कुछ हटा दी गई हैं। नया कानून लागे होने पर आम आदमी, पुलिस अधिवक्ता और अदालतों के कामकाज में काफी बदलाव हुआ है। वहीं इस मामले में बरेली जिले में पहली एफआईआर बच्चा चोरी की थाना बारादरी में दर्ज हुई है।

जिला पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के गौटिया निवासी सुशील कुमार पुत्र भगवान दास ने बताया २८ जून २०२४ को सुबह ९ बजे अपने एक महीने के बेटे इंद्रजीत को अपोलो अस्पताल दोहरा रोड में भर्ती कराया था। उनका बेटा अस्पताल से गायब हो गया। कर्मचारियों ने सुबह उसको इसकी जानकारी दी। इस माामले में भारतीय न्याय संहिता केतहत धारा ९७ में बच्चा चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीएसए में ये अहम बदलाव हुए -भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में कुल १७० धाराएं हैं। अब तक इंडियन एविडेंस ऐक्ट में १६७ धाराएं थी। नए काननू में ६ धाराओं को निरस्त गया है। २ नई धाराएं और ६ उप-धाराओं को जोड़ा गया है। गवाहों की सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। तमामत इलैक्ट्रानिक सबूत भी कागजी रिकॉर्ड की तरह ही कोर्ट मान्य होगें। इसमें ईमेल, सर्वर लॉग, स्मार्टफोन ओर वाईस मेल जैसे रिकॉर्ड शामिल हैं।

महिलाओं व बच्चों से जुड़े क्राइम -महिलाओं व बच्चों से जुड़े अपराध को धारा ६*-९९ तक रखा गया है। अब रेप को धारा ६* से परिभाषित किया गया है। रेप की सजा को धारा ६४ में बताया गया है। गैंगरेप धारा ७० में है। सेक्सुअल हरासमेंट का अपराध ७४ में परिभाषित किया गया है। धारा ७७ में स्टॉकिग को परिभाषित कयिा गया है। दहेज हत्या धारा ७९ में और दहेज उत्पीडऩ ८४ में बताया गया है। शादी का झांसा देकर संबंध बनाने को अलग अपराध बनाया गया है। उसे रेप की परिभाषा में नहीं रखा गया है।

पत्नी केसाथ जबरन संबंध बनाना अपराध नहीं-भारत में मैरिटल रेप रेप अभी अपराध की की श्रेणी में था। अब पत्नी की इच्छा के बिना पति द्वारा यौन संबंध बनाना अपराध नहीं। इस प्रावधान को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

एडीजी ने नए कानून को लेकर कोतवाली में की समीक्षा-आज से नए कानून लागू होने से लोगों व पुलिस कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों में कुछ दिन तक संसय बना रहेगा। एडीजी रमित शर्मा ने आज नए कानून को लेकर कोतवाली में थाने के सिपाही से लेकर दारोगा, व थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की।

इस दौरान नए कानून को लेकर हुए बदलाव के बारे में ट्रेनिग लेने वाले पुलिस कर्मियों से उसके बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि अब कोई भी केस लिखने से पहले उसे समझ कर ही लिखे। भारतीय न्याय संहिता के आधार पर ही अब मुकदमें दर्ज किए जाएगें। जिसको सहीं से समझ लिया जाए। ताकि कार्य प्रभावित न हो। इसके साथ ही एसएसपी अनुराग आर्य ने थाना प्रेमनगर में भारतीय न्याय संहिता केलागू होने पर लोगों को इसकी जानकारी दी। इस दौरान थाना प्रभारी समेत पुलिस कर्मियो को भी इसकेबारे में बताया गया।

मकान के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप

» पीडित महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की

सहारनपुर। पीड़ति महिला ने एसएसपी कार्यालय पर दस्तक देकर विपक्षी के खिलाफ मकान के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए रकम वापिस दिलाने की गुहार लगायी है। थाना नकुड़ के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी श्रीमती बबीता पत्नी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि उन्हें एक मकान खरीदना था। उनके द्वारा विपक्षी देवराज शर्मा पुत्र भोपाल निवासी ग्राम लतीफपुर थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल निवासी मौ.महादेव कस्बा व थाना नकुड़ जिला सहारनपुर से 8 दिसम्बर 2023 को मकान खरीदने का सौदा तय कर लिया। तय सौदे के मुताबिक आधी रकम 7,35000 रूपये विपक्षी ने उससे ले लिये। जब पीडिता ने उससे बैनामा करने के लिए कहा तो वह आनाकानी पर उतारू हो गया और हिले बहाने बनाने लगा। विपक्षी ने उसे 9 जून 2024 को बैनामा करने के लिए तहसील में बुलाया लेकिन वह नहीं आया। पीडिता ने जब उससे अपने रकम मांगी तो विपक्षी व उसका साथी बंगाल दत्त ने उसके घर पर आकर उसके साथ बदतमीजी व अभद्रता की तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और धमकाते हुए कहा कि वह बैनामा नहीं करेगा। पीडिता ने थाना हाजा पर इस बात की शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर मजबूर होकर पीडिता ने एसएसपी कार्यालय पर दस्तक दी है। पीडिता ने एसएसपी विपक्षी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए अपनी रकम वापिस दिलाने की मांग की है।

डीएम से मिला व्यापारी प्रतिनिधिमंडल

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल महानगर सहारनपुर का एक प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष मुकुंद मनोहर गोयल के नेतृत्व में जिलाधिकारी सहारनपुर से मिला एवं महानगर की विभिन्न समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। महानगर सहारनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हवाई अड्डा बनाने की घोषणा की गई थी एवं मान्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आश्वासन दिया था की लोकसभा चुनाव से पहले दिसंबर, 2023 तक हवाई अड्डे का परिचालन शुरू हो जाएगा। परंतु आज उसके 6 माह बाद भी हवाई अड्डे का परिचालन शुरू नहीं हुआ है एवं ना ही परिचालन की कोई तिथि अभी तक घोषित की गई है। आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता की सूची में शामिल सहारनपुर के हवाई अड्डे का परिचालन शीघ्र से शीघ्र शुरू कराने की कृपा करें। महानगर सहारनपुर में बस अड्डे की एक भीषण समस्या है जिसके कारण पूरे शहर में हर समय जाम लगा रहता है एवं बस अड्डे को सहारनपुर से बाहर दिल्ली रोड पर आवास विकास क्षेत्र में ले जाने की स्वीकृति दी हुई है, परंतु परिवहन विभाग एवं आवास विकास विभाग में आपसी सहमति न होने के कारण अभी तक बस अड्डा नगर से बाहर आवास विकास क्षेत्र में नहीं जा पाया है इसलिए समय रहते नगर निगम सहारनपुर को निर्देशित करने की कृपा करें की मानसून शुरू होने से पहले जल्द से जल्द नगर के सभी नालों की सफाई एवं जो कार्य सड़क निर्माण इत्यादि के चल रहे हैं उन्हें समय से पूर्ण करने के निर्देश देने की कृपा करें। प्रतिनिधि मंडल में महानगर महामंत्री इंजीनियर अजय शर्मा, प्रदेश सघठन मंत्री सुमित मलिक, प्रदेश मंत्री गगन जैन, उपाध्यक्ष संजय मोहन गुप्ता, प्रशांत गोयल, अंकित जैन, प्रवीण गाबा, गौरव अग्रवाल, पवन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, गौरव गुप्ता, दीपक रहेज़ा, अतुल गुप्ता एवं काफी संख्या में अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

सपाईयों ने अखिलेश का मनाया जन्मदिन

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्षो उल्लास के साथ मनाया और केक कट कर उनके दीर्घायु होने की कामना की इस दौरान पीडीए पेड़ भी रोपित किये। आज अंबाला रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काट उनके दीर्घायु होने की कामना की इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में मिली जीत का भी जश्न मनाया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अब्दुल वाहिद ने कहा की पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक मजबूत आधार के साथ पार्टी को आगे बढ़ने का काम किया है वह लगातार समाजवाद की विचारधारा को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ता ऑन से कहा श्री यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए हमें इसी प्रकार कड़ी मेहनत से कार्य करना होगा। पूर्व मंत्री सरफराज खान प्रदेश सचिव मजाहिर राणा प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि वर्षो पहले समाजवादी पार्टी के रूप में एक पौधारोपित किया गया था जो लगातार वट वृक्ष का रूप धारण कर रहा है इसका श्रेय संस्थापक मुलायम सिंह यादव समेत अन्य लोगों के साथ अखिलेश यादव को भी जाता है जो आज पार्टी को निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली निकाली

» दस्तक अभियान के अन्तर्गत 11 जुलाई से 31 जुलाई तक

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने फीता काटकर जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण किट भी वितरित की गयी।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से संचारी रोगों के संबंध में सजग रहने की अपील की तथा स्वास्थ्य विभाग को संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु आवश्यक

कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। अभियान मैं आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी। साथ ही डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त रोगियों की खोज कर जांच व उपचार हेतु सूची बनाएंगी।

स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है।'' मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करने, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखने, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देने आदि के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकारों ने डीएम से शिष्टाचार भेंट की

सहारनपुर। जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ इण्डिया से जुड़े पत्रकारों ने आज नवानातुक जिलाधिकारी मनीष बंसल से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की तथा जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजुम सिद्दिकी ने जिलाधिकारी को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए पत्रकारों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निराकरण कराने की मांग की। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि पत्रकारों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निदान कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह शीघ्र ही पत्रकारों के साथ एक बैठक कर पत्रकारों की जो भी समस्याएं होगी उनका पूर्ण कराया जायेगा। किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंजुम सिद्दिकी, महासचिव जी.एस.बब्बर, संगठन मंत्री राव मुस्तकीम, लियाकत, संजय रावत, प्रदीप शर्मा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण

» जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं के रोली टीका लगाकर किया स्वागत और उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहाँपुर। नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हथौड़ी बुजुर्ग में पहुंचकर छात्र/ छात्राओं को रोली टीका लगाकर उनका स्वागत किया साथ ही उन्हे मिठाई खिलाई व टॉफियां वितरित की। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का स्कूल आने हेतु उत्साहवर्धन किया। उन्होने कहा कि विद्यालयों का वातावरण छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक एवं अनुकूल बनाने के लिए सरकार की एक अच्छी पहल है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रति तथा विद्यालय के अध्यापकों के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति तथा पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता एवं रूचि उत्पन्न होगी। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विद्यालय को फूल, पत्तों, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों आदि से सजाया गया और विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया।

जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में सभी शिक्षक एवं शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए एक उत्सव का रूप देते हुए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गए। नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से स्वागत करते हुए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। देश का भविष्य बच्चों को दी जाने शिक्षा पर निर्भर करता है। उन्होने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाये जिससे आने वाले कल को बेहतर बनाया जा सके। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा राजकीय दायित्व ही नही बल्कि हमरा सामाजिक और नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होने कहा पढ़ाई में कमजोर बच्चो पर विशेष ध्यान दिया जाये जिससे कि वह सामान्य रूप से बाकी बच्चों के साथ आगे बढ़ सके। जिलाधिकारी ने बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित पर भी जोर दिया। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित की जाये। उपस्थित अध्यापकों से भी कहा कि पैरेंट्स मीटिंग कराएं जिससे कि बच्चे अधिक से अधिक प्रवेश ले सकें। जनपद के समस्त विद्यालयों में जिलाधिकारी द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित होकर में छात्र छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मानव सेवा क्लब की कार्यकारिणी गठित

» सुरेन्द्र बीनू सिन्हा अध्यक्ष और प्रदीप माधवार बने महासचिव

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। मानव सेवा क्लब की वर्ष 2024-26 की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को रोटरी भवन में हुआ।जिसकी घोषणा क्लब के संरक्षक डा. अरुण कुमार ने की। जिसमें सुरेन्द्र बीनू सिन्हा को अध्यक्ष और प्रदीप माधवार को महासचिव बनाया गया। जबकि सत्येन्द्र सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार सक्सेना और राजेश सक्सेना को उपाध्यक्ष,सीएस अंकित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष,डा. एम.एम. अग्रवाल और प्रकाश चंद्र सक्सेना को संयुक्त सचिव,अखिलेश कुमार को ऑडिटर मनोनित किया गया। निदेशक मंडल में डा.अजय गुप्ता,सी.ए. राजेन विद्यार्थी, इं. के. बी. अग्रवाल, इं. ए. एल. गुप्ता,जसवंत सिंह भाकुनी,इं. डी. डी. शर्मा,अनिल सक्सेना, सुधीर मोहन, इन्द्र देव त्रिवेदी,नरेश मलिक,,प्रीति सक्सेना,कल्पना सक्सेना,जितेन्द्र



सक्सेना,संजय सक्सेना,अभय भटनागर,सुनील कुमार शर्मा, ए. एस. अग्रवाल,मधु वर्मा, चित्रा जौहरी को शामिल किया गया। उपस्थित सभी कर्मशील महिलाओं को विभिन्न किस्मों के पौधे देकर क्लब के संरक्षक और वन मंत्री डा. अरुण कुमार ने सम्मानित किया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण रैली का शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहाँपुर। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में विशेष संचारी रोग (डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया, दिमगी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग) नियंत्रण कार्यक्रम 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक तथा इसके अंतर्गत दिनांक 11 से 31 जुलाई, 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होने जनमानस से अपील करते हुये कहा है कि सभी लोग संचारी रोग के प्रति जागरूकता अपनाएं तथा अपने आसपास सफाई रखें कहीं भी जलभराव न होने दें। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों के नगर निगम तथा ग्रामीण

क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग किया जायेगा। दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा कार्यकत्री घर-घर भ्रमण कर संचारी रोगो से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी साथ ही डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया, दिमगी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के लक्षणयुक्त रोगियों को खोज कर जांच एवं उपचार हेतु सूची बनाएगीं। इस अभियान में नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग कृषि एवं सिंचाई एवं उद्यान विभाग अपने अपने विभागों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. आर के गौतम, नगर आयुक्त विपिन मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज मिश्रा, एसएमओ डॉ. आकांक्षा यादव, डीएमसीयूनिसेफ से हुदा जेहरा, नगर निगम के कर्मचारी, डीपीएम तथा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक सात वर्ष पूरे होने के बाद भी सरलीकरण व टैक्स की दरों में कमी होने की उम्मीदें बरकरार

जीएसटी की उपलब्धियों के साथ कमियां भी झेल रहे हैं व्यापारीः शीतल

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। देश में 1 जुलाई 2017 को लागू की गयी गुड्स एवं सर्विस टैक्स (जीएसटी) के 7 वर्ष पूरे होने पर एक संक्षिप्त समीक्षा बैठक का आयोजन उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय रेलवे रोड जिला मुख्यालय कार्यालय पर किया गया।

व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन व जीएसटी प्रभारी मेजर एस.के.सूरी ने संयुक्त रूप से कहा कि जीएसटी लागू होने के 7 साल बाद भी जहां इस प्रणाली में कुछ उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वहीं इसकी कमियां भी व्यापारी वर्ग झेल रहा है, जिसके कारण उसका उत्पीड़न हो रहा है। श्री टण्डन ने कहा कि व्यापारियों को तमाम सहूलियतों के साथ-साथ समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। आठवें वर्ष में प्रवेश कर रही जीएसटी प्रणाली में जिस गति से नोटिफिकेशन व सर्कुलर के द्वारा बदलाव हो रहे हैं, या स्पष्टीकरण हो रहे हैं, इससे तो ऐसा लगता है कि जीएसटी अभी भी शुरूआती दौर में है, जो कि पूरी तरह से न तो व्यापारी और ना विभाग के अधिकारी

» व्यापारियों से अनावश्यक कर वसूली के साथ-साथ व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है

समझ पा रहे हैं। जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर सर्वे छापों की कार्यवाही व प्रवर्तन दल द्वारा माल की आवाजाही के दौरान उसको अनावश्यक रूप से रोककर तकनीकी कमियां निकालना जिसके कारण अनेकों बार व्यापारियों व विभाग के अधिकारियों में टकराव की स्थिति आ जाती है और व्यापारियों से अनावश्यक कर वसूली के साथ-साथ व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

श्री टण्डन ने जीएसटी की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत पूरा देश एक टैक्स के अंतर्गत आया और पारदर्शिता भी बढ़ी। नगदी व निर्भरता घटी, राष्ट्रीय स्तर पर अनेक समस्याओं का समाधान हुआ है, चैक पोस्ट खत्म होने के साथ-साथ फार्म-38 व सी-फार्म आदि से भी छुटकारा मिला है और सियोरिटी देने की भी आवश्यकता नहीं रही है व क्रेता-विक्रेता की सही जानकारी उपलब्ध हो जाती है। विभाग में जाने की आवश्यकता घटी है और इनपुट क्रेडिट लेने का दायरा बढ़ा है, वहीं जीएसटी प्रणाली की कमियों के चलते व्यापारी लगातार सरकार से टैक्स की दरों को कम करने व इसके सरलीकरण की लगातार मांग कर रहा है।श्री टण्डन ने कहा कि टैक्स की जीएसटी की तीन दरें 5, 8 और अधिकतम 12 प्रतिशत होनी चाहिए क्योंकि सरकार को जीएसटी से उसकी अपेक्षा से भी अधिक भरपूर जीएसटी की प्राप्ति हर माह हो रही है। पिछले कई माह से तो लगातार 1 लाख 80 हजार करोड़ से अधिक की प्रतिमाह जीएसटी से राजस्व प्राप्ति हो रही है। टैक्स दरें कम करने से सरकार के राजस्व में और अधिक वृद्धि होगी। इस सम्बन्ध में श्री टण्डन ने कहा कि केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं जीएसटी काउन्सिल के सदस्यों को व्यापारियों के प्रति सकारात्मक रूख रखना चाहिए।

बैठक मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, जिला महामंत्री रमेश अरोडा, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मेजर एस.के.सूरी, रमेश डावर, बलदेव राज खुंगर, पवन गोयल, कर्नल संजय मिडढा, संदीप सिंघल, अशोक मलिक,संजय महेश्वरी,संजीव सचदेवा, मुरली खन्ना, अभिषेक भाटिया, भोपाल सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

सीसीटीवी कैमरों को इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाए : डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत आरएफपी (सीसीटीवी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी निर्देश दिए शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाए। जिससे अच्छे ढंग से शहर की निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि शहर में छूटे हुए सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी पब्लिक प्लेस सीसीटीवी कैमरा से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि शेल्टर होम, मदरसे, जिला कारागार मुख्य द्वार, शराब की दुकान, पेट्रोल पंप, विद्यालय, कोचिंग सेंटर सहित आदि प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की ओर लगे व्यक्तिगत सीसीटीवी कैमरा को भी इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर से लिंक किया जाए।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अच्छी क्वालिटी के हो जिससे पिक्चर एवं वीडियो में क्लेरिटी होनी चाहिए जिससे शहर की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि डाटा स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था रहे। सभी कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग एवं नगर निगम संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कार्य को संपन्न कराएं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

एक नजर

अखिलेश के जन्मदिन पर वृक्षारोपण

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर सपा के सांसद शिवपाल सिंह पटेल डॉक्टर एसपी सिंह के कार्यालय पर सांसद के प्रतिनिधि पूर्व शिक्षक एमएलसी कांति पटेल द्वारा नीम का पेड़ लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का जन्म दिवस मनाया गया इस मौके पर कांति पटेल ने कहा कि जिस तरह से पेड़ों की कटाई हो रही है उससे आज हमारे प्रदेश में बहुत ही अधिक गर्मी और बीमारियां उत्पन्न हो रही है और जो राहगीर रास्ते पर जा रहे हैं पेड़ को न पाने की वजह से लोगों को बड़ी दिक्कत हैं इस वजह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर हम लोग पेड़ लगाकर उनके लंबी आयु की कामना करेंगे और उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के द्वारा किए गए कार्य सिर्फ कागजों पर ही रहते हैं ना की जमीन पर पिछले वर्ष जो वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ वह सिर्फ कागज पर ना की जमीन पर इस मौके पर सदर विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल ने बताया कि पार्टी 1 से 7 जुलाई तक राज्य के प्रत्येक गांव में 'पीडीए' वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस मौके पर आदि लोग मौजूद रहे।

दो मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी नगर के नेतृत्व में दिनांक 30.06.2024 समय 20.00 बजे को थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 सतीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम नें चौकी सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत चाँदमारी चौराहा के पास 01 अभियुक्त रामप्रकाश वर्मा उर्फ मुन्ना पुत्र भगेलू वर्मा निवासी चकवनतोड़ थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया, उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर मे पंजीकृत किया गया ।

ब्रह्मलीन संत रोटीराम महाराज का परिनिर्वाण दिवस आज

सुमेरपुर-हमीरपुर। उत्तर भारत के ख्याति प्राप्त ब्रह्मलीन संत नागा स्वामी रोटीराम महाराज का 40 वां परिनिर्वाण दिवस मंगलवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आचार्य पं. उमादत्त शास्त्री ने बताया कि ब्रह्मलीन संत नागा स्वामी रोटीराम महाराज 1984 में आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी को ब्रह्मलीन हुए थे। तब से उनके अनुयाई उनका परिनिर्वाण दिवस पर हर साल हवन पूजन के साथ भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन करते चले आ रहे हैं। इस वर्ष भी मंगलवार को उनके परिनिर्वाण दिवस पर उनकी समाधि स्थल विरक्त आश्रम में हवन पूजन,भंडारे के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में उनके श्रद्धालु भक्त मौजूद रहेंगे।

पिता की तहरीर पर छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर-हमीरपुर। पुलिस ने पिता की तहरीर पर कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के समीप रहने वाले दो सगे भाइयों सहित छह लोगों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा नई धारा 108 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। इसमें 10 वर्ष के कठोर कारावास का प्रावधान है। बांकी मार्ग निवासी रामबाबू उर्फ रजवा सोनी ने कस्बा निवासी पप्पू मिश्रा व टिंकू मिश्रा पुत्रगण रामगोपाल मिश्रा, आशुतोष मिश्रा पुत्र पप्पू मिश्रा, साधना मिश्रा पुत्री पप्पू मिश्रा, तान्या मिश्रा पुत्री टिंकू मिश्रा तथा टिंकू मिश्रा का पुत्र नाम अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा नई धारा 108 बीएनएस में दर्ज किया है। इसमें 10 वर्ष कठोर कारावास का प्रावधान है।

तहसीलदार के चालक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

सुमेरपुर-हमीरपुर। टेढ़ा के दुकानदार ने तहसीलदार के चालक सहित दो ज्ञात तथा एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में वाहन संख्या का भी जिक्र किया गया है। इसको पुलिस ने छोड़ दिया है। टेढ़ा निवासी अनुज सिंह ने आरोप लगाया कि वह दुकान पर लेटा था। तभी रविवार की रात करीब 11 बजे तहसीलदार का चालक विनय भुर्जी निवासी इंगोहटा, टेढ़ा निवासी बृजकिशोर यादव व कांशीराम कॉलोनी हमीरपुर निवासी रोहित व एक अज्ञात के साथ आए और अकारण डंडों से मारपीट कर जबरिया गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर विनय भुर्जी को छोड़कर सभी मौके से भाग निकले। विनय को पकड़कर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने नई धारा 155(2), 352, 351(2)(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले रखा है। मौके से बरामद बोलेरो में उत्तर प्रदेश सरकार व मजिस्ट्रेट लिखा हुआ है।

छात्र-छात्राएं अपने बैंक खाते को आधार लिंक कराएं

खाते में कमियों के कारण प्रेषित की गयी धनराशि का ट्रान्जेक्शन फेल : रामदत्त

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति ने बताया कि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ०प्र० लखनऊ के पत्र के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य पोषित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पात्र छात्र/छात्राओं के आधार लिंक बैंक खातों में छात्रवृत्ति / शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि का प्रेषण किया गया है, जिसमें कतिपय छात्र/छात्राओं के आधार लिंक बैंक खाते में कमियों होने के कारण उक्त प्रेषित की गयी धनराशि का ट्रान्जेक्शन फेल हो गया है।

इस सम्बन्ध में जिन आवेदकों का छात्रवृत्ति / शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि प्रेषण करते समय ट्रान्जेक्शन फेल हो गया है, उनके द्वारा सम्बन्धित बैंक से समन्वय स्थापित करते हुये ट्रान्जेक्शन फेल से सम्बन्धित कारण / त्रुटि का तत्काल निवारण कराये जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि *पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना* हेतु आयात पिता का नाम इस्तिखार अली कक्षा-9 विद्यालय का नाम आई०सी० एस० आर० गर्ल्स स्कूल उरई ट्रांजेक्शन फैल का कारण एकाउंट ब्लॉक और फ्रोजन, मु० समीर पिता मु० ईशाक कक्षा-10 विद्यालय का नाम से० महात्मा ज्योतिराव फुले बालिका खकसीस ब्लॉक नदीगांव ट्रांजेक्शन फैल का कारण डॉक्यूमेंट पेंडिंग फॉर एकाउंट होल्डर टर्निंग मेजर है। उन्होंने दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु सोहिल पिता का नाम टीपू कक्षा-12 विद्यालय का नाम आई०सी० महात्मा कामता शरण इण्टर कॉलेज ब्लॉक माधौगढ़ ट्रांजेक्शन फैल का कारण आधार नंबर नोट मैपड टू एकाउंट नंबर, अब्दुल रउफ निजामी पिता जहुर अहमद कक्षा-11 विद्यालय का नाम आदर्श इण्टर कॉलेज भदेवरा ब्लॉक कोंच ट्रांजेक्शन फैल का कारण आधार नंबर डी-सीडेड फ्रॉम एन पी सी आई मैपर बाई बैंक कस्टमर टू कॉन्टैक्ट बैंक, मो० रिहान पिता मेंहदी हसन कक्षा-11 विद्यालय का नाम आई०सी० सरस्वती ज्ञान मंदिर यू०एम०वी० उरई ट्रांजेक्शन फैल का कारण डॉक्यूमेंट पेंडिंग फॉर एकाउंट होल्डर टर्निंग मेजर, सरफराज पिता इशाक कुरैशी कक्षा- बी.एस.सी. एजी III विद्यालय का नाम शताब्दी सेंटर फॉर एजुकेशन एक्सल महाविद्यालय ट्रांजेक्शन फैल का कारण आधार नंबर नोट मैपड टू एकाउंट नंबर, आयशा पिता सुल्तान अहमद कक्षा- बी०ए० I विद्यालय का नाम मधु टण्डन महिला डिग्री कॉलेज कालपी ट्रांजेक्शन फैल का कारण आधार नंबर डी-सीडेड फ्रॉम एन पी सी आई मैपर बाई बैंक कस्टमर टू कॉन्टैक्ट बैंक है। उन्होंने बताया कि उल्लिखित विद्यालय अपने स्तर से अपने-अपने छात्र को ट्रान्जेक्शन फेल से सम्बन्धित कारण / त्रुटि हेतु निर्देशित करें ताकि सम्बन्धित छात्र अपने बैंक से समन्वय स्थापित करते हुये ट्रान्जेक्शन फेल से सम्बन्धित कारण/त्रुटि का निवारण दो दिवस में करा सकें। निवारण उपरान्त ही धनराशि उच्च स्तर से पुनः छात्र के आधार लिंक बैंक खातों में प्रेषण किया जाना सम्भव हो सकेगा।

चार छात्रों को चाकू मार कर घायल किया

बांदा। कोचिंग पढने जा रहे चार छात्रो को बाइक से आए तीन युवको ने घेर लिया। उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे चारो लोग लहूलूहान हो गए। घटना से इलाके में हडकंप मच गया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलो की तहरीर पर पुलिस ने तीनो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

मटौंध थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी भरत मिश्रा, अंकित यादव, मनोज सिंह व पंकज रविवार को बांदा संकट मोचन रोड पर कोचिग पढने आए थे। वह लोग क्योटरा पेट्रोल पंप के पास खडे. थे। तभी एक बाइक में सवार होकर आए खुटला मोहल्ला निवासी जुनैद पठान, रजनीश वर्मा व राजाबाबू ने चारो छात्रो के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे चारों लोग गंभीर घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावार फरार हो गई।

छात्र-छात्राओं का विद्यालय में नए सत्र के प्रारंभ में मिठाई खिलाकर स्वागत किया

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात परिषदीय विद्यालयों में नए सत्र के प्रारंभ के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का टीका, माल्यार्पण व बैच अलंकरण कर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वसमाज के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में हर एक विद्यालय तक अपनी पहुंच बनाई। जनपद में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए विद्यालय प्रबंध समिति को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर शत प्रतिशत नामांकन कराया जाए, पढ़ाई का

चक्र टूटने न पाए और कोई भी बच्चा शिक्षा से छूटने न पाए, हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए, हम इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें यह देश की सबसे बड़ी सेवा है। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, पाठ्य पुस्तक व स्कूल बैग आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि माता-पिता, अभिभावकों के खाते में भेजी गई है।

कस्बे में पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों की युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की तैयारियों के लिए किताबों की कमी न होने पाएं। इस उद्देश्य से कस्बे के एक युवक ने गैस एजेंसी मार्ग में पुस्तकालय की स्थापना की है। इसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ने सोमवार को फीता काटकर किया। सुमेरपुर कस्बे के युवा धीरू साहू ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की तैयारियों के लिए किसी तरह की पुस्तकों का अभाव न हो। इसको मद्देनजर रखकर गैस एजेंसी मार्ग में पुस्तकालय की स्थापना कराई है। इसका सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय युवाओं के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर

कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, पदमपति सिंघानिया, सागर प्रजापति, श्याम मिलन, रामजी मिश्रा, रोहित, छोटू सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रेम प्रसंग में फर्जी मुकदमे की धमकी से आहत युवक ने गोली मार दी जान

विश्ववार्ता संवाददाता

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के नेहा चौराहा के समीप सोमवार को सुबह एक युवक ने प्रेम प्रसंग के मामले में फर्जी मुकदमे की धमकी से परेशान होकर अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने माता-पिता के इकलौती संतान है। सुमेरपुर कस्बे में नेहा चौराहा के पास बांकी मार्ग में रजवा सोनी की ब्रेकरी एंड कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान है। इस दुकान में रजवा सोनी के अलावा उसका इकलौता पुत्र मोंटी सोनी 26 वर्ष भी बैठता था। सुबह करीब 10:00 बजे इसने प्रतिदिन की तरह दुकान खोली और दुकान में बैठा था घर के सभी सदस्य दुकान के पीछे मकान में मौजूद थे। करीब 10:30 बजे उसने अवैध तमंचे से सिर में गोली मार ली। इसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर अंदर से पिता रजवा सोनी पत्नी कलावती संग दौड़कर दुकान में आए तो देखा मोंटी लहुलुहान काउंटर के नीचे पड़ा था। उसकी मौत हो चुकी थी। इससे घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि शनिवार कस्बे के तीन लोगों ने पुत्री से प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की थी और उसकी बाइक छीनकर थाने में खड़ी करा दी थी। उन्होंने उसे छेड़खानी जैसे मुकदमे फसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष, एस आई राजवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेने की कार्यवाही शुरू की। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

शादी से पहले युवक ने फांसी लगाकर जान दी

बांदा। शादी से पहले युवक ने कमरे केअंदर छत की बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र क्योटरा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय अजय पुत्र कुंजबिहारी ने रविवार की शाम कमरे के अंदर छत की बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची मां मैकी ने शव लटकता देखा तो वह चीख पड़ी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के फूफा लालू प्रसाद ने बताया कि अजय की मां कचेहरी चौराहे पर फुटपाथ पर सब्जी बेचने का धंधा करती है। अजय मजदूरी करता था। वह अपने पिता की इकलौती संतान था। उसकी छह माह पहले दरदा गांव में शादी तय कर दी गई थी। वह अक्सर मंगेतर से मिलने गांव आता जाता था। रविवार को भी वह मिलने गया था। वापस आने के बाद उसने यह घटना अंजाम दी। मौत का कारण अज्ञात है।

एक दिवसीय उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा स्वयं सहायता समूह के बैंक क्रेडिट लिंकेज के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के समस्त बैंक प्रबंधकों का सूचना वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में बैंकर्स को विस्तृत जानकारी दी जाए, जिससे स्वयं सहायता समूह के बचत खाता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक प्रबंधकों का अपेक्षित सहयोग मिले एवं जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इस कार्यशाला से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक व बैंक सखी के मध्य सामंजस्य स्थापित होगा, जिससे स्वयं सहायता समूह के सदस्य को अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह के एक भी आवेदन लंबित न रहे समय अनुसार सभी आवेदन का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने हेतु स्वयं सहायता समूह का अधिक से अधिक वित्त पोषण आवश्यक है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा है, बैंकर्स के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

खेत में किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बांदा। धान की नर्सरी की रखवाली करने गए किसान की संदिग्ध परिस्थितियो मे मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तिदवारी थाना क्षेत्र के वासिलपुर गांव निवासी 38 वर्षीय प्रेमसागर पुत्र बुढढा खेत में धान की नर्सरी लगाए था। रविवार को वह नर्सरी की रखवाली करने गया था। शाम को वापस घर आने पर उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। घरवालो ने देखा तो उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे कुवर पाल ने बताया कि प्रेम सागर किसानी करता था। वह चार भाईयो में सबसे छोटा था। बड़ा भाई रामसागर, शिवतीरथ, दोनो आखो से दिब्यांग है। वह दिल्ली में पढाते है। तीसरे नबंर का शिवसागर इलेक्ट्रिक की दुकान किए। उसकी पत्नी केश कली की छह माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी। उसके तीन बेटी एक बेटा है। मौत का कारण अज्ञात है।

संचारी रोग नियंत्रण वाहन को हरी झंडी

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है, इसी उद्देश्य से आज जिला अस्पताल से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु अंतर्विभागीय समन्वय समिति आपस में समन्वय स्थापित रखे।

संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सा सवास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, संस्कृति विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अंतर्विभागीय सहयोग द्वारा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित कराया जाए। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई एवं जलभराव निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों की जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां इस प्रकार से संचालित की जाएं कि उनमें संचारी रोग नियंत्रण के प्रति समझ विकसित हो सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में रोगों से बचाव और रोकथाम के लिए छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर और बुंदेलखंड वासियों को समझाया जाए कि मलेरिया, चिकनगुनिया एवं अन्य वैक्टर वॉर्न डिजीज उनकी अनदेखी से ज्यादा फैलती है।

राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड 15 सितम्बर तक करें आवेदन

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) से सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले प्रदेश के श्रेष्ठतम 10 युवाओं को पुरूस्कृत किया जाता है। उन्होने राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड के पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि सम्बन्धित युवा को उत्तर प्रदेश का नागरिक होना अनिवार्य है, वह 15 से 35 वर्ष की आयु के बीच होना चाहिये जिसका निर्धारण वर्ष 01 जनवरी को नामांकन के समय के अनुसार होगा, उसके द्वारा विगत 03 वर्षो में निर्धारित क्षेत्रों में पहचान योग्य कार्य किया गया हो, पुरस्कार जीवनकाल में एक बार प्रदान किया जायेगा। किसी सरकारी सेवा में अर्थात केन्द्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों/कालेज आदि में कार्यरत व्यक्ति पुरस्कार पात्र नहीं है। उन्होने बताया है कि राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2024 निर्धारित की गयी है। राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र तथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्पारिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने है।

घरेलू कलह से तंग आकर दो लोगो ने जहर खाया

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के कुलकुम्हारी गांव निवासी 27 वर्षीय रामसखी पत्नी अखलेश ने सोमवार की दोपहर किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के शंकर पुरवा निवासी 36 वर्षीय सुमन पत्नी प्रहलाद ने रविवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आसमानी की गाज गिरने से किसान झुलसा

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के गडरिया गांव निवासी 55 वर्षीय बरदानी पुत्र बृम्हा रविवार की शाम खेत में काम कर रहा था। तभी बारिस के दौरान गाज गिरने से वह झुलस गया। वारिस बंद होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो वह अचेत पड़ा था। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। आज भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के प्रभावी होने के दृष्टिगत जनपद जालौन के कोतवाली उरई में एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मान0 जनपद न्यायाधीश जालौन एवं जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक जालौन डा इराज राजा द्वारा जनप्रतिनिधीगण एवं आमजनमानस को नये कानून के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी । इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सहित आम नागरिक व जन प्रित निधि मौजूद रहे

वसूली करते तहसीलदार के चालक को ग्रामीणों ने पीटकर पुलिस को सौपा

सुमेरपुर-हमीरपुर। बीती रात तहसीलदार सदर के चालक को बालू के ओवरलोड ट्रकों से वसूली करते हुए ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पीटा और डायल 112 को बुलाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया चर्चा है कि चालक तहसीलदार की गाड़ी लेकर वसूली कर रहा था। गाड़ी से ग्रामीणो ने शराब की बोतलों के साथ अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद करके वीडियो बनाया है। बीतीरात करीब 11 बजे टेढ़ा गांव के पचखुरा मोड के समीप तहसीलदार सदर का चालक उत्तर प्रदेश सरकार लिखी बोलेरो में बैठकर पैलानी की ओर से आने वाले ओवरलोड बालू लेकर आ रहे ट्रक चालकों से वसूली कर रहा था। शंका होने पर कुछ चालकों एवं ग्रामीणों ने सवाल जवाब शुरू कर दिए। इसके बाद चालक बोलेरो लेकर टेढ़ा के मेन बस स्टॉप पर आ गया।

अभियान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स एवं चाकलेट का किया वितरण

विद्यालयों में अभियान चलाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का पंजीकरण करायें

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतापगढ़। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में पहुँचकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को जमेट्री बाक्स व चाकलेट का वितरण किया और बच्चों से संवाद कर कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन स्कूल में आये और पढ़ाई कर आगे बढ़े। इस दौरान विद्यालय के बच्चो ने पोयम (कविता) को सुनाया जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि आप लोगों के अभिभावकों के खाते में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तान्तरण

» डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तान्तरण कर दिया गया है जिसका आप लोग जूता, मोजा, बैग, ड्रेस में उपयोग करें एवं आप लोग प्रतिदिन ड्रेस में आयें

कर दिया गया है जिसका आप लोग जूता, मोजा, बैग, ड्रेस में उपयोग करें एवं आप लोग प्रतिदिन ड्रेस में आयें। जिलाधिकारी ने इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, समस्त विद्यालयों में अभियान चलाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाये। उन्होने कहा कि अध्यापकगण पठन-पाठन में रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ज्ञान का दीप जलाये, एक अच्छा नागरिक बनने हेतु शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने निर्देशित किया कि निर्धारित मेनू के अनुसार बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन दिया जाये। स्कूल चलो अभियान के अवसर पर बच्चों हेतु विद्यालय में हलुवा बनाया गया था। जनपद के समस्त विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो को चॉकलेट का वितरण किया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बच्चो के वजन मशीन की जानकारी ली तो बताया गया कि वजन मशीन उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि समय-समय पर बच्चों का वजन करते रहे और ग्रोथ चार्ट पंजिका में इसका अंकन करें। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान व एआरपी धर्मेन्द्र ओझा भी उपस्थित रहे।

निषाद राज बोट सब्सिडी योजना का लाभ के लिए 21 जुलाई तक करें आनलाइन आवेदन

प्रतापगढ़। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया है कि वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषाद राज बोट सब्सिडी योजनान्तर्गत जाल एवं नाव इत्यादि के क्रय हेतु जन सामान्य विभागीय पोर्टल पर दिनांक 01 जुलाई से 21 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण के जनपदीय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संपादकीय

कानून में बदलाव

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को पांच प्रण दिए थे। उन्होंने कहा था कि गुलामी की जितनी भी निशानियां हैं, उससे मुक्ति पाना सबसे पहला काम है। गुलामी की सबसे बड़ी निशानी होने का ठप्पा आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट पर था। ब्रिटिश राज के दौरान इन सब चीजों को लाया गया और हम अब तक ढो रहे थे। लेकिन अब न्याय के नये अध्याय की शुरुआत आज 1 जुलाई से हो गई है। केंद्र सरकार ने तीन ऐसे बिल लोकसभा में पेश किए थे। इन विधेयकों को पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश में गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करने के पीएम मोदी सरकार के पांच प्रण के अनुरूप इन विधेयकों को लाया गया है। अब नए कानून के लागू होने के बाद देश के गृहमंत्री ने इसके बदलावों को समझाया है। उन्होंने कहा कि आजादी के करीब 77 साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी हो रही है। यह भारतीय लोकाचार पर कार्य करेगा। 75 साल बाद इन कानूनों पर विचार किया गया और आज से जब ये कानून लागू हुए हैं तो अंग्रेजों के कानून निरस्त होकर और भारतीय संसद में बने कानूनों को व्यवहार में लाया जा रहा है। दंड की जगह अब न्याय होगा। देरी के बजाय स्पीडी ट्रायल और त्वरित न्याय मिलेगा। पहले केवल पुलिस के अधिकारों की रक्षा की जाती थी, लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा की जाएगी। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि ये तीनों कानून के लागू होने के बाद सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली का सृजन करेगी। जब से सभ्यता का उदय हुआ, कानून का भी वजूद है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग आपस में मिलकर रह पाएं, उसके लिए व्यवस्था और अनुशासन तो स्थापित करना ही पड़ता है। इसलिए कानून ठीक ठीक कब वजूद में आया होगा, इसके लिए सही तारीख बता पाना कठिन है। लेकिन आधुनिक कानून को हम जिस अर्थ में समझते हैं कि लिखित डाक्यूमेंट होंगे, पुलिस होगी, अदालतें होगी, उसका जन्म 1215 में अस्तित्व में आया जब मैग्नाकार्टा अस्तित्व में आया। मैग्नाकार्टा के सिद्धांत बहुत विस्तरित व्यवस्था की बात तो नहीं करते लेकिन इतना जरूर बताते हैं कि राजा या उसकी सरकार कानून से ऊपर नहीं हो सकते। इसका सीधा सा मतलब है कि कानून का अपना अस्तित्व है जिसका स्रोत न राजा है और न ही सरकार। ये तो हो गई यूरोपियन परंपरा की बात। लेकिन भारतीय परंपरा में मनु का जिक्र मिलता है। मनु कानून की आवश्यकता के पीछे एक तर्क दिया जाता है। कहा जाता है कि समाज में न्याय की स्थापना के लिए कानून होना चाहिए। मनु की आलोचना भी कई वर्गों की ओर से होती रहती है। भारत में जितनी विविधता है, वो हमारी प्राचीन और मध्यकालीन न्याय परंपरा में भी नजर आती है। अनेक राज्य थे जिन्हें बदलते काल के साथ अलग अलग शासन व्यवस्थाएं मिलीं। कभी कोई रिपब्लिक हुआ। कहीं कोई सामंती व्यवस्था रही। फिर उसी हिसाब से कानून भी बदलता गया। आज जिस नक्शे को हम हिंदुस्तान कहते हैं, उस पूरे भू-भाग के लिए एक केंद्रीय न्याय व्यवस्था 1947 में अस्तित्व में आई और उसके बीज अंग्रेजों के दौर से पड़े। अंग्रेजों ने न्याय व्यवस्था में कई सारे बदलाव किए। 1770 के दशक में गवर्नर जनरल वॉरेन हैस्टिंग ने केस को सिविल और क्रिमिनल में बांट दिया। सिविल मामलों के लिए दीवानी कोर्ट और क्रिमिनल मामलों के लिए फौजदारी कोर्ट बनी। गवर्नर जनरल कॉर्नवॉलिस ने भी कई बड़े बदलाव किए। इस दौर में कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना भी हुई। 1828 में विलियम बेंटिंक गवर्नर बने। इन्होंने थोमस बैबिंगटन मैकाले के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई। इस कमेटी में देश में कानूनी का कोडिफिकेशन किया। कानूनों को एक जगह सिक्वेशन में लिखा गया। 1860 में आईपीसी, 1861 में सीआरपीसी और 1872 में इंडियन एविडेंस एक्ट बना। इंडियन पिनल कोड (आईपीसी) सभी अपराधों का लेखा जोखा है। हर क्राइम की परिभाषा और उसका एप्लीकेशन है। नए कानून से सबसे ज्यादा बोझ पुलिस पर पड़ेगा। पुराने केस में अदालतों में पैरवी के लिए उन्हें पुराने कानून की जानकारी चाहिए होगी जबकि नए मुकदमों की जांच नए कानून के अनुसार होगी।

कटाक्ष
हसन जैदी

मोदी सरकार व 'इंडिया' को लेकर मुगालते में कांग्रेस

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

इस 4 जुलाई को लोकसभा चुनाव परिणामों को एक महीना पूरा हो जाएगा। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों की यह घटना हर भारतीय को विस्मय और गर्व से भर देती है कि 98 करोड़ मतदाताओं में से 64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर देश की संसद में अपने प्रतिनिधियों को चुनकर स्पष्ट कर दिया कि वे क्या चाहते हैं। मतदाताओं ने यह भी बता दिया कि कौन सत्ता की सीढ़ियां चढ़कर 5 साल जनतंत्र की सेवा करेगा और कौन विपक्ष में बैठकर सत्ताधारी दल के कान उमेठेगा। सब कुछ आईने की तरह साफ है कि 297 सीटें जीतकर एनडीए गठबंधन सत्ता संभालेगा और 233 सीटें जीतने वाला आईएनडीआईए गठबंधन प्रतिपक्ष की भूमिका निभाएगा।

किंतु इस एक महीने में पक्ष विपक्ष की तकरार देखकर कोई नहीं कह सकता कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार है। कांग्रेस के तेवर, हाव-भाव और बयानों से स्पष्ट होता है कि वह इस बात को मानने को बिल्कुल तैयार नहीं है कि उसे विपक्ष में बैठने का जनादेश मिला है। संसद में 99 सीटें पाने वाली कांग्रेस अपनी हठधर्मिता से यह सिद्ध करने का लगातार प्रयत्न कर रही है कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव हार गए हैं और उन्हें नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री पद पर रहने का अधिकार नहीं है। आश्चर्य होता है कि कांग्रेस यही मानकर चल रही है कि भाजपा की 240 सीटें आई हैं जो बहुमत से 32 सीटें कम हैं, इसलिए उसे सत्ता से हट जाना चाहिए।

आश्चर्य तो इस बात का भी है कि उसके पास अपने गठबंधन की मात्र 233 सीटें हैं जो बहुमत से 39 कम हैं लेकिन प्रकट ऐसा किया जा रहा है कि जैसे आईएनडीआईए गठबंधन जीत गया और बीजेपी हार गई जिसका सबसे ज्यादा शोर कांग्रेस मचा रही है जिसके पास मात्र 99 सीटें हैं। वह कांग्रेस जो 2014 में मात्र 44, 2019 में कुल जमा 53 सीटें जीती थी और 2024 में केवल 99 सीटें जीती है, ऐसा प्रकट कर रही है कि उसने लोकसभा चुनाव में भाजपा के ऊपर बहुत बड़ी जीत हासिल कर ली जबकि सच्चाई यह है कि तीन लोकसभा चुनाव के बाद भी वह सौ का आंकड़ा पार नहीं कर सकी और न ही उनका गठबंधन भाजपा को मिली 240 सीटों से अधिक सीटें पा सका।

लेकिन उनकी आक्रामकता और अनर्गल बयानबाजी बताती है कि संसद में 5 साल का परिदृश्य कैसा रहेगा। जो भी हो, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ये शुभ संकेत नहीं हैं। कितनी विडंबना है कि कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेता और पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि क्योंकि भाजपा ने 400 सीटों का दावा किया था और उसे मात्र 240 सीटें ही मिली हैं, इसलिए यह मोदी की व्यक्तिगत और नैतिक हार है। लेकिन क्या वे नहीं जानते कि कांग्रेस ने 295 सीटें जीतने का दावा किया था और उन्हें मात्र 99 सीटें मिलीं।

ऐसी स्थिति में क्या वे सत्ता पाने के अधिकारी हैं। वहीं संख्या बल के मान से उनका गठबंधन 272 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया जो उन्हें सत्ता दिलवा सकता, लेकिन तेवर ऐसे कि जैसे उन्होंने एनडीए को पछाड़ दिया। वस्तुतः कांग्रेस ऐसा नैरेटिव गढ़कर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। उसकी मंशा जो दिखाई देती है, वह यही है कि लोगों का भाजपा से मोह भंग हो जाए और आने वाले चुनाव में उसे फायदा मिले लेकिन यह संभव होगा या नहीं, भविष्य के गर्भ में छुपा है।

कौन नहीं जानता कि शिखर पर पहुंचना आसान होता है किंतु उस पर हमेशा बने रहना संभव नहीं होता। 2014 के पहले तक कोई नहीं जानता था कि संसद में 2 सीटों वाली भाजपा 2014 में स्पष्ट बहुमत पाकर सत्ता प्राप्त कर लेगी और यह भी कोई नहीं जानता था कि 2019 में भाजपा 2014 के अपने प्रदर्शन से अच्छा प्रदर्शन कर स्पष्ट जनादेश के साथ 303 सीटें प्राप्त कर लेगी और एनडीए 353 सीटें पा जाएगा। निश्चित ही इन दोनों चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन आश्चर्यजनक था जिसने कांग्रेस के पैरों के तले की जमीन हिला कर रख दी।

वर्ष 2014 और 2019 में न चाहते हुए भी कांग्रेस को अपनी हार स्वीकार करना पड़ी लेकिन 2024 में आईएनडीआईए गठबंधन की पूंछ पकड़ कर वह आश्वस्त थी कि इस बार उसे जीत मिलेगी। इसके लिए उसने झूठ और सच का कॉकटेल परोस कर जनता को भ्रमित करने का पूरा प्रयास किया किंतु भाग्य ने फिर उसका साथ नहीं दिया और फिर तीसरी बार कांग्रेस विपक्ष में बैठने को मजबूर है। कांग्रेस यह क्यों भूल जाती है कि 1984 में सहानुभूति लहर में राजीव गांधी को भारत की जनता ने 414 सीटें देकर उपकृत किया था किंतु 1989 में कांग्रेस को फिर अर्स से फर्श पर पटक दिया था जब उसे मात्र 197 सीटें ही मिल पाई थी।

अगर 2024 को देखें तो भाजपा की स्थिति उससे तो लाख दर्ज बेहतर है। सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस का प्रथम परिवार विपक्ष में बैठकर ऊब चुका है। उसे अपने उस दौर की याद आ जाती है जब 2004 में उसने मात्र 145 सीटें जीतकर यूपीए के साए में मुखौटा प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर सत्ता का सुख भोगा। वह यह क्यों भूल जाती है कि उसने इस चुनाव में 417 उम्मीदवार खड़े किए थे। यही नहीं, 2009 में भी कांग्रेस ने कोई उल्लेखनीय जीत हासिल नहीं की थी। इस चुनाव में भी वह पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई थी लेकिन 2014 के मुकाबले उसने 61 सीटें अधिक अर्थात 206 सीट जीती थीं, लेकिन वह भी स्पष्ट बहुमत से कम थीं।

ऐसी स्थितियों के बाद भी उसे 2024 में भाजपा की 240 सीटें कम दिखाई पड़ती हैं और नैतिकता की दुहाई देने में शर्म नहीं आती। उसकी मंशा बस यही है कि कैसे भी मोदी पद से हट जाएं। वह यह भी कहती फिर रही है कि यह सरकार 5 साल नहीं चल सकेगी। यह सब जो कांग्रेस कर रही है, उसका भाजपा या मोदी पर कोई प्रभाव पड़ेगा, ऐसा मानना तो पूरी तरह भूल होगी क्योंकि आज की स्थिति में एनडीए पूरी तरह से मजबूत दिखाई देता है। कांग्रेस चाहती है कि एनडीए के घटक दल जदयू और टीडीपी अलग हो जाएं लेकिन यह दूर की कौड़ी लगती है क्योंकि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू ने अभी तक मोदी द्वारा लिए गए निर्णय से कोई असहमति नहीं जताई है।

वहीं कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि 2019 में चंद्रबाबू नायडू ने विपक्षी खेमे के हर एक दल की चौखट पर संयुक्त विपक्षी गठबंधन बनाने की आस में दस्तक दी थी किंतु किसी ने उन्हें महत्व नहीं दिया था। तब हार कर वे अपने घर बैठ गए थे। वे यह समझ गए थे कि विपक्ष में हर एक नेता अहंकारी है और कांग्रेस के तो हर क्रियाकलाप में अहंकार झरने की तरह बहता दिखाई देता है। शायद तभी उन्होंने निर्णय कर लिया था कि 2024 में फिर से भाजपा से गठबंधन कर लोकसभा चुनाव जीतने और आंध्र प्रदेश विधानसभा की सत्ता पाने का प्रयास करेंगे और उनका यह निर्णय 2024 में सही साबित हुआ।

ऐसे में आईएनडीआईए गठबंधन के पास ऐसा कोई आधार नहीं जिससे वह चंद्रबाबू नायडू को अपने पक्ष में कर सके। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार की बात करें तो उन्होंने भी 2023 में गंभीर प्रयास कर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश की किंतु नीतीश को जितना अपमान झेलना पड़े, वह न केवल नीतीश कुमार जानते हैं बल्कि हर एक नेता जानता है। उनका इससे बड़ा अपमान और क्या हो सकता था कि मुंबई और दिल्ली की बैठकों में न तो उन्हें गठबंधन का संयोजक बनाने की बात की गई और न उन्हें विपक्षी एकता के प्रयास के सूत्रधार के रूप में सम्मान मिला। ऐसे में नीतीश कुमार अपमान भूल कर इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाएंगे, इसकी संभावना कम है। लेकिन कांग्रेस बिल्ली के भाग से सींका टूटने का इंतजार कर रही है।

यही नहीं, कांग्रेस इस मुगालते में है कि अगर ऐसी कोई स्थिति बनी कि एनडीए सरकार गिर जाए तो से आईएनडीआईए गठबंधन का हर एक नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर खुश होगा। वास्तव में इंडी गठबंधन के सभी 26 दलों में कुछ दलों के नेता तो राहुल गांधी से कई मामले में योग्य और अनुभवी हैं जो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करेंगे, ऐसी संभावना बिल्कुल नहीं है। यही नहीं, गठबंधन का हर एक नेता कांग्रेस की बेवजह उछल कूद को गंभीरता से देख रहा है और हर घटक दल चुप है। किंतु यह स्थिति अधिक समय तक बनी रहेगी, कहना मुश्किल है क्योंकि सारे दल जानते हैं कि कांग्रेस ने जब-जब भी विपक्षी नेताओं का साथ दिया, तब तब धोखा देकर अपना उल्लू ही सीधा किया।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

इसरो का बेहद चुनौतीपूर्ण मिशन होगा चंद्रयान-4

सुनील कुमार महला

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि 'इसरो' एक बार फिर से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। जी हां, अपनी अद्वितीय विज्ञान व तकनीकी प्रौद्योगिकी के जरिए 'इसरो' वर्ष 2040 तक भारतीयों को चांद पर भेजने में जुटा हुआ है। 'इसरो' चंद्रयान-4 मिशन पर कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया।

ऐतिहासिक क्षण तब सामने आया जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की। चंद्रयान-3 की उपलब्धि न केवल हमारे देश भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई बल्कि इस उपलब्धि ने दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल को ऊंचाइयों पर स्थापित कर हम सभी को गौरवान्वित भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा था जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने जा रहा है।

अब मीडिया के हवाले से यह खबरें आ रही हैं कि भारत 2028 तक अपने चौथे मून मिशन को लॉन्च कर सकता है। बताया जा रहा है कि इस मिशन को दो हिस्सों में लॉन्च किया जाएगा क्योंकि इसरो के पास अभी जितने भी ताकतवर रॉकेट हैं, उनमें से किसी में भी चंद्रयान-4 को एक साथ नहीं ले जाया जा सकता है। इसके पीछे कारण चंद्रयान-4 का बहुत भारी होना बताया जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 के बारे में हाल ही में बताया है कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है।

बताते चलें कि हाल ही में हमारा पड़ोसी चीन चांद से नमूनों को धरती पर लाने का कारनामा कर चुका है। 'इसरो' और 'जेक्सा' द्वारा किया जाने वाला यह प्रयास दुनिया में पहली बार होगा क्योंकि इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यान को अलग-अलग हिस्सों में लॉन्च किया जा रहा है और फिर उन हिस्सों को अंतरिक्ष में जोड़ा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसे एक बार में नहीं बल्कि दो अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को कंप्लीट किया जाएगा और उसके बाद ही इसे चांद की ओर भेजा जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो चंद्रयान-4 चांद से सैंपल लेकर वापस धरती पर लौटेगा। यह एक बार में लॉन्च नहीं किया जाएगा। यह अंतरिक्ष यान के दो हिस्सों को दो लॉन्चिंग के जरिए चांद की कक्षा में भेजा जाएगा। मतलब यह कि चंद्रमा पर लैंडिंग से पहले अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष में ही जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष में ही यान के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने की क्षमता को 'डॉकिंग' नाम से जाना जाता है। इसरो 'डॉकिंग' क्षमता विकसित करने में लगा है। यह क्रमशः पृथ्वी व चांद दोनों की कक्षाओं में काम करेगी। बताया जा रहा है कि स्पेडेक्स (अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग) मिशन इसी क्षमता को दिखाने का उनका पहला मौका होगा। स्पेडेक्स मिशन का मकसद डॉकिंग क्षमता को प्रदर्शित करना है जो संभवतया इस साल के अंत में किए जाने की संभावनाएं हैं।

इतना ही नहीं, देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन को बनाने में भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। मतलब यह कि उसके हिस्सों को एक बार में नहीं बल्कि कई बार में भेजा जाएगा। उन हिस्सों को अंतरिक्ष में ही जोड़कर एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाया जाएगा। देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन का नाम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) होगा। मीडिया के हवाले से जानकारी मिली है कि चंद्रयान-4 मिशन के लिए विस्तृत अध्ययन, आंतरिक समीक्षा और लागत का आकलन पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा।

यह उन चार प्रोजेक्ट प्रपोजल्स में से एक है जिनके लिए अंतरिक्ष विभाग अपनी विजन 2047 के तहत स्वीकृति लेना चाहता है। इस विजन के तहत भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को भेजना है। अभी तक इसरो के पास सिर्फ एलवीएम-3 रॉकेट ही है, तो बीएएस का पहला भाग इसी रॉकेट से लॉन्च किया जा सकता है।

हमने 2028 तक बीएसए (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) का पहला लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उल्लेखनीय है कि इसरो का मिशन चंद्रयान-4 बेहद जटिल और महत्वपूर्ण मिशन है। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि लैंडर 'इसरो' तैयार कर रहा है और 'रोवर' मॉड्यूल जापान बना रहा है। यह मिशन इसरो और जापान की जेएएक्सए (जेक्सा) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। ऊपर जानकारी दे चुका हूं कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट शिव-शक्ति पॉइंट पर होगी।

यह वही स्थान है जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रयान-3 ने लैंडिंग के बाद चांद पर कई महत्वपूर्ण स्थानों की खोज की थी जिससे नए मिशन में काफी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं, 'इसरो' एनजीएलवी या 'सूर्य' नामक एक नया रॉकेट बना रहा है। यह अभी डिजाइन के अधीन है और बताया जा रहा है कि इसमें एलओएक्स (लिक्विड ऑक्सीजन) और मीथेन पर आधारित एक नया इंजन होगा।

साथ ही, इसमें निचले चरणों के लिए लिक्विड ऑक्सीजन और मीथेन इंजन होगा जबकि ऊपरी हिस्से में क्रायोजेनिक इंजन होगा।भारत का यह मेगा-रॉकेट सूर्य मौजूदा रॉकेटों से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पेलोड क्षमता 40 टन से ज्यादा होगी। यह मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए बहुत जरूरी है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि चंद्रयान-4 मिशन इसरो और भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण तो होगा ही, साथ ही साथ यह हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत भी होगा।

कविता

शशि पुरवार

हवा शहर की

हवा शहर की बदल गयी
पंछी मन ही मन घबराये।
यूँ जाल बिछाये बैठे हैं
सब आखेटक मंतर मारे
आसमान के काले बादल
जैसे जमा हुये हैं सारे
छाई ऐसी घनघोर घटा
संकट दबे पाँव आ जाये।
कुकुरमुत्ते सा उगा हुआ है
गली गली, चौराहे ख़तरा
लुकाछुपी का खेल खेलते
वध जीवी ने पर है कतरा
बेजान तन पर नाचते हैं
विजय घोष करते यह साये।
हरे भरे वन, देवालय पर
सुंदर सुंदर रैन बसेरा
यहाँ गूंजता मीठा कलरव
ना घर तेरा ना घर मेरा
पंछी उड़ता नीलगगन में
किरणें नयी सुबह ले आये।

अमेरिका: डिबेट के आधार पर जनमत तैयार करने की प्रक्रिया सराहनीय


किशन भावनानी

वैश्विक स्तर पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत ने 4 जून 2024 को अपना निर्णय सुनाया, अब बारी है दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की जहां 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें दो सशक्त उम्मीदवारों में चार चरणों की डिबेट की प्रक्रिया शुरू हुई है जिसमें 27 जून 2024 को प्रथम चरण की डिबेट शुरू हुई जो भारतीय समय के अनुसार शुक्रवार सुबह 7 से 8 बजे व अमेरिकी समय के अनुसार देर रात्रि 9 बजे शुरू हुई जिसमें 64 साल के बाद इस डिबेट को टीवी स्टूडियो में आगे लाइव कराया गया। इस डिबेट के कुछ अंश टीवी चैनल के माध्यम से देखें जो काफी अहम महसूस हुए।

यह वोटर्स के लिए बहुत सहायक सिद्ध होंगे क्योंकि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर डिबेट से एक पूरा विजन झलकता है और पूर्ण पारदर्शिता दिखाई पड़ती है जिसे पूरे विश्व की मीडिया ने महसूस किया होगा। चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर 2024 को है, जो बिडेन व डोनाल्ड ट्रंप के बीच प्रथम डिबेट संपन्न हुई। दूसरी 10 सितंबर 2024 को होगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से इस पर चर्चा करेंगे। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रक्रिया चार चरणों के डिबेट पर आई तथा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उम्मीदवारों के बीच अहम मुद्दों पर डिबेट के आधार पर वोटर को अपनी राय बनाना सराहनीय प्रक्रिया है।

बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावी प्रक्रिया में चार चरणों के डिबेटको समझने की करें तो चरण 1 में पहला चरण प्राइमरी और कॉकस चुनाव का होता है। हर पार्टी में ऐसे कई लोग होते हैं जो राष्ट्रपति बनना चाहते हैं। प्रत्येक के पास सरकार के काम करने के तरीके के बारे में अपने विचार होते हैं और एक मत वाले लोग एक ही राजनीतिक दल से हो सकते हैं, यहीं पर प्राइमरी और कॉकस की भूमिका सामने आती है। प्राइमरी में पार्टी के सदस्य आम चुनाव में उनका प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार के लिए वोट करते हैं।

वहीं दूसरी ओर कॉकस में पार्टी के सदस्य चर्चाओं और मतदान के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करते हैं। प्राइमरी और कॉकस चुनाव में जो जीतता है, वह दोनों पार्टियों की ओर से औपचारिक उम्मीदवार बनता है। इसके बाद प्रत्येक राजनीतिक दल के उम्मीदवार अपने पार्टी सदस्यों का समर्थन जुटाने के लिए पूरे देश में प्रचार करते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ के औपचारिक रूप से उम्मीदवारों की घोषणा के बाद शुरू होती है। अपनी-अपनी पार्टीके उम्मीदवार के तौर पर जीतने वाले दोनों उम्मीदवार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ते हैं।

अमेरिकी चुनाव के दूसरे चरण में राष्ट्रीय सम्मेलन शामिल है। प्रत्येक सम्मेलन में, राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार एक उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनता है। उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रत्येक पार्टी अंतिम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करती है। वोटिंग के छह हफ्ते पहले दोनों उम्मीदवारों के बीच टीवी पर राष्ट्रपति पद के लिए तीन बार बहस होती है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच पहली बहस 27 जून को आयोजित की गई। दो और बहस होनी बाकी है।

चरण 3 में तीनों बहस होने के बाद मतदान की प्रक्रिया होती है जो अमेरिका चुनाव प्रक्रिया का तीसरा चरण होता है। इस चरण में देश भर के हर राज्य में लोग एक राष्ट्रपति और एक उप राष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं। जब लोग अपना वोट डालते हैं, तो वे वास्तव में एक ऐसे समूह के लिए वोट कर रहे होते हैं जिन्हें इलेक्टर कहा जाता है। चरण 4 में चौथे और अंतिम स्थान पर आता है इलेक्टोरल कॉलेज। दरअसल, अमेरिका के चुनाव में इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम बेहद अहम है। यह लोगों का समूह होता है जो 538 इलेक्टर्स को चुनता है।

जिसे 270 इलेक्टर्स का समर्थन मिल जाता है, वह अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है। इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम में प्रत्येक राज्य को कांग्रेस यानी संसद में उसके प्रतिनिधित्व के आधार पर एक निश्चित संख्या में इलेक्टर मिलते हैं। आम चुनाव के बाद प्रत्येक इलेक्टर वोट डालता है और जिस उम्मीदवार को 538 इलेक्टोरल वोट में से आधे से अधिक (270) वोट मिलते हैं, वह जीत जाता है। जीत के बाद नव निर्वाचित राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति जनवरी 2025 में पदभार ग्रहण करेंगे।

अगर हम 27 जून 2024 को देर रात्रि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दो उम्मीदवारों के बीच प्रथम चरण के डिबेट की बात करें तो मीडिया के अनुसार, अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। नवंबर में होने वाले चुनाव को लेकर मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच गुरुवार को पहली प्रेसिडेंशियल बहस हुई। दोनों ने करीब 75 मिनट तक एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए और निजी हमले भी किए। राष्ट्रपति बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच दूसरी बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

अमेरिकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेसिडेंशियल बहस एक अहम कड़ी मानी जाती है। इस बहस में दोनों उम्मीदवार एक-दूसरे की कमजोरियों को उजागर करने की कोशिश करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के छह हफ्ते पहले दो प्रमुख पार्टियों रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवारों के बीच टीवी पर तीन बार बहस होती है। टेलीविजन पर होने वाली बहसें दशकों से राष्ट्रपति चुनावों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती रही हैं। ये मतदाताओं को उम्मीदवारों को परखने के लिए एक मंच होती हैं।

बात अगर हम 27 जून 2024 को हुई प्रथम चरण के डिबेट के परिणामों के अनुमानों की करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन गुरुवार को ट्रंप के साथ डिबेट के दौरान बोलते हुए लड़खड़ा गए थे। 81 साल के बाइडन ने कई अनोखे जवाब दिए। वह अरबपतियों और खरबपतियों में भ्रमित हुए। वहीं जब बाइडन अपनी सरकार के कोविड महामारी के दौरान उठाए कदमों का जिक्र कर रहे थे, तभी वह कुछ सेकंड के लिए लड़खड़ा गए और बोल दिया कि हमने मेडिकेयर को हराया। करीब 30 सेकंड तक समझ नहीं आया कि वह क्या बोल रहे हैं।

अमेरिका के 46 वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है। हालांकि व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल पाने के इच्छुक बाइडन की आवाज बहस के दौरान लड़खड़ाती नजर आई जिससे डेमोक्रेट के शीर्ष नेता यह सोचने को मजबूर हो गए हैं कि क्या मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव से पहले के कठिन महीनों के दौरान शीर्ष पर रह सकते हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार 78 साल के डोनाल्ड ट्रंप ने 90 मिनट की बहस के दौरान शुरुआत से ही बाइडन को कड़ी टक्कर दी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की हेल्थ को लेकर कई बार सवाल उठे हैं। कभी उनकी याददाश्त को लेकर खबरें आती हैं तो कभी वह मंच पर ही सो जाते हैं। अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप यही मुद्दा बना रहे हैं कि बाइडेन अब बुजुर्ग हो चुके हैं। प्रेसिडेंशियल डिबेट में भी बाइडेन कुछ देर के लिए फ्रीज हो गए थे तो यह मुद्दा और भी ज्यादा गर्म हो गया। अब रिपोर्ट के जरिए एक खबर सामने आ रही है जिसमें बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति 4 बजे के बाद ज्यादा थके हुए लगते हैं, वह 4 बजे के बाद काम करने में असमर्थ रहते हैं।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन दिन में 6 घंटे ही ठीक से काम कर पाते हैं। वाइट हाउस के सहयोगियों ने बताया कि 81 वर्षीय बाइडेन आमतौर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच सबसे बेहतर काम करते हैं। इस समय सीमा के बाद या विदेश यात्रा के दौरान वह कमजोर और थके हुए लगते हैं। अब इस खबर ने फिर से बाइडेन की फिटनेस और हेल्थ को लेकर बहस छेड़ दी है। बाइडेन के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर बहस छिड़ गई है। बाइडेन अभी 81 साल के हैं। अगर वह जीतते हैं तो उनका दूसरा कार्यकाल लगभग 86 साल में जाकर खत्म होगा।

बढ़ती उम्र के कारण उनके दूसरे कार्यकाल को लेकर अब चिंताएं बढ़ने लगी हैं। डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार यह मुद्दा उठा चुके हैं। ट्रंप को जवाब देने लिए उनके पास सबसे बड़ा मौका प्रेसिडेंशियल डिबेट का था, लेकिन 90 मिनट की बहस में बाइडेन कई गलतियां करते नजर आए। ट्रंप ने इन मौकों का फायदा उठाते हुए बाइडेन के एक और कार्यकाल को पूरा करने की क्षमता पर सवाल उठाए। इस बहस के एक दिन बाद ही बाइडेन ने उत्तरी कैरोलिना में एक सभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर ट्रंप को घेरा। हालांकि उन्होंने अपनी हेल्थ को लेकर कुछ लिमिट को भी स्वीकार किया।

बाइडेन ने कहा, मैं पहले की तरह आसानी से नहीं चलता, मैं पहले की तरह सहजता से नहीं बोलता, मैं पहले की तरह बहस नहीं कर पाता, लेकिन मैं सच बोलना जानता हूं। बाइडेन ने कहा कि यदि उन्हें विश्वास न हो कि मैं पूरे दिल और आत्मा से यह कर सकता हूं तो वे दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसे में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उम्मीदवारों के बीच अहम मुद्दों पर डिबेट के आधार पर,वोटर्स द्वारा अपनी राय बनाना सराहनीय प्रक्रिया है।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

दो घरों से 4 लाख की चोरी

कमरों व अलमारी का ताला तोड़कर की वारदात

» पीड़ित गृहस्वामिनी ने दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच

चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

विश्ववार्ता संवाद

महोली (सीतापुर)। मुड़िया गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोर यहां से कमरे व अलमारियों के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात उठा ले गए। परिजन जब सोकर उठे तो दरवाजे खुला देखकर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ति महिला ने अपने तथा देवर के घर हुई चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मुड़िया निवासिनी गीता पत्नी स्व. अनिल कुमार मिश्र रविवार रात को खाना खाने के बाद परिजनों के साथ छत पर सोने चली गई। रात में चोर खंडहरनुमा मकान की छत के सहारे घर में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़ने के बाद अलमारी की चाभी लेकर खोल लिया। चोरों ने अलमारी में रखे छह नाक के फूल, दो जोड़ी झाले, दो जोड़ी कुंडल, पांच अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी टूटी हुई पायल, दो माला पैंडिल सहित, एक मंगलसूत्र, आठ जोड़ी बिछिया, ओम व बड़ी नथुनी व सात हजार रुपये उठा ले गए।

सोमवार तड़के गीता सोकर उठी तो दरवाजा खुला देखकर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। चोरों ने इसके बाद गीता के देवर दिलीप कुमार पुत्र मुन्ना लाल के घर में घुसकर सोने का हार, जंजीर, मांग टीका, चार अंगूठी, दो ओम, दो पैंडिल की माला, भारी पायल, तीन जोड़ी पायल, एक फूल, दो गोलक, 12 जोड़ी बिछिया, झाला, झुमकी व 12 हजार रुपये चोरी कर ले गए। गीता ने चोरी तहरीर पुलिस को दी है।

जानकारी पाकर इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने घटनास्थल का जायजा लिया और शीघ्र ही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है।

डीएम ने किया स्टड निर्माण परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

» बाढ़ चौकियों और राहत शिविरों की स्थापना कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश

स्टड निर्माण कार्य की परियोजना के कार्यों का निरीक्षण करते डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

लहरपुर (सीतापुर)। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित गांवों मुसियाना, महसी, सरैया, जल्लाहपुर, कोरियनपुरवा, पर्वतपुर, लोनियनपुरवा, मुगलपुर आदि की सुरक्षा हेतु कराए गए स्टड निर्माण की परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित भी किया। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय मुसियाना में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ चौकियों एवं राहत शिविरों की समय से स्थापना किए जाने तथा उनमें आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा अभी तक की गई तैयारियों की समीक्षा भी की।जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संपर्क मार्गों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए जिससे राहत एवं बचाव के कार्यों में कोई असुविधा न हो। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन स्थिति हेतु वाहनों का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। विद्युत, चिकित्सा, पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों को भी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राहत शिविरों में मानकों के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। शौचालय एवं पेयजल इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में बेहतर जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाय। विद्युत आपूर्ति आदि के विषय में भी उचित प्रबंध हेतु निर्देश दिए। पशुओं को भी ऊंचे स्थानों पर स्थित आश्रय स्थलों में रखने एवं उनके लिए चारे इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपात स्थिति हेतु टेंट, तिरपाल, गद्दे आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को निर्देशित किया कि सभी ड्यूटियां समय से लगाते हुए सभी को उनके दायित्वों के विषय में अवगत करा दिया जाये। सभी संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सभी राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया।

खाद्यान्न एवं भोजन वितरण हेतु भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नावों एवं नाविकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी डीएम ने दिए।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, खंड विकास अधिकारी बेहटा प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, ए.आर.टी.ओ. प्रशासन माला बाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

13 बंडल बिजली के तार व ट्रक समेत दो गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। कमलापुर पुलिस को जलालपुर में चेकिंग के दौरान सूचना मिली की दो अपराधी वाहन में विद्युत तार भरकर लिए जा रहे हैं। जिस पर उपनिरीक्षक रमेश चंद्र जायसवाल, आरक्षी कृष्ण पाल व जय कुमार ने एक वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें 13 बंडल बिजली का तार बरामद हुआ।

पुलिस वाहन व उस पर सवार दोनों लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पुलिस की पूछताछ में संजय कुमार पुत्र सत्यनारायण निवासी पकरैल विन्दटोली थाना महेशपुर खूंट जिला खगड़िया बिहार तथा तोहिद पुत्र हमिर्दुरहमान निवासी शीलमपुर थाना शीलमपुर दिल्ली बताया। पुलिस ने दोनों दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 411 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश में किया है।

खड्ड में गिरी कार, एक की मौत, दो घायल

रेउसा (सीतापुर)। थानगांव थाना क्षेत्र में रेउसा-बहराइच मार्ग पर सोमवार दोपहर बाद प्लाईवुड फैक्ट्री के निकट अनियंत्रित वैगनार कार गहरे खड्ड में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीनों लोगों को सीएचसी रेउसा एंबुलेंस से लाया गया, जहां इस्लामुद्दीन 45 पुत्र निजामुद्दीन निवासी मशवासी टोला खैराबाद को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल मो. सईद 22 पुत्र मो. यूसुफ व अलाउद्दीन 32 पुत्र अब्दुल हमीद निवासीगण मशवासी टोला खैराबाद को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। बताते हैं कि तीन लोग रेडीमेड कपड़े के व्यापारी थे जो विजनेश के सिलसिले में बहराइच की तरफ जा रहे थे। मृतक व घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

लूट की घटना में पीड़ित पर दारोगा का सुलह करने का दबाव

» सीसीटीवी में कैद हुए लुटेरे, शिकायत को फर्जी दर्शाकर लगाई रिपोर्ट

विश्ववार्ता संवाद

नेरी (सीतापुर)। आमजन की शिकायतों पर कार्यवाही के बजाय महज औपचारिकता निभाई जा रही है। शिकायतों पर बैठे बैठे फर्जी रिपोर्ट जिम्मेदार शासन व प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। ताजा मामला जनसुनवाई से जुड़ा है। नेरी निवासी विनोद मिश्र जो गल्ला खरीद का काम करते है 10 जून को दिन के 12 बजे छहेलिया रेलवे अंडरपास के पास गल्ला खरीद का काम कर रहे थे तभी दो अज्ञात बाइक सवारों ने पास की गुमटी में रखी थैली जिसमें 11 हजार रुपये थे उठाकर भाग गए।

जिसमें विनोद कुमार मिश्र ने जनसुनवाई द्वारा शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत करने के बाद उपनिरीक्षक एजाज अहमद खान द्वारा सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान भी कर ली गयी थी लेकिन उसके बाद एसआई विनोद मिश्र ने पीड़ित पर दबाव बनाया कि लिखकर दीजिए कि मैं कार्यवाही नही चाहता हूं। लिखकर न देने पर जांच अधिकारी द्वारा घटना को संदिग्ध बताकर शिकायत बंद कर दी गयी। शिकायतकर्ता विनोद मिश्रा पर हल्का दरोगा द्वारा सुलह का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नही नेरी नेवादा पिकेट के सामने व आस पास अवैध खनन की ट्रालियां दिन रात चलती रहती है लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नही होती है। खनन माफ़िया अक्सर पुलिस पिकेट पर उपनिरीक्षक के साथ बैठे देखे जा सकते है।

भारतीय न्याय प्रणाली के तीन नए कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» महिलाओं व बच्चों को प्रदान की गई सुरक्षा उपायों पर भी की गई चर्चा

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। जिला कारागार में जेलर अरविंद श्रीवास्तव द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुजीत बाजपेई, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती शुभांशी तिवारी व अंकुर वर्मा उपस्थित रहे तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सुश्री प्रिया पटेल और साथ ही महावीर जी विधि महाविद्यालय के अध्यापक रामानुज पांडे ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारागार में बंद कैदियों और वहां कार्यरत कर्मचारियों को भारतीय न्याय प्रणाली में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों से अवगत कराना था। नए कानूनों के अंतर्गत आने वाले प्रावधानों और उनके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई। बृजेन्द्र कुमार अवस्थी ने नए कानूनों की आवश्यकता और उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। सुजीत बाजपेई ने नए कानूनों के तहत कैदियों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

श्रीमती शुभांशी तिवारी और श्री अंकुर वर्मा ने कैदियों को नए साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत दी गई राहतों और प्रावधानों की जानकारी दी। इसके अलावा सुश्री प्रिया पटेल ने नए कानूनों के तहत महिलाओं और बच्चों के लिए प्रदान की गई सुरक्षा उपायों के बारे में चर्चा की। इस कार्यक्रम के माध्यम से कारागार के कैदियों और कर्मचारियों को नए कानूनों के प्रति जागरूक किया गया और उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला कारागार प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम रहा।

महोली संवाद के अनुसार एएसपी दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन, एसडीएम अभिनव यादव, सीओ महोली अरुण सिंह ने कोतवाली परिसर में व्यापारियों, प्रधानों, सभासदों समेत अन्य लोगों को एक जुलाई से लागू हुए नए एक्ट की जानकारी दी। एएसपी ने बताया कि हत्या की धारा 302 के बारे में आप सभी जानते थे लेकिन नया एक्ट लागू होने के बाद यह 103 (1) हो गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता को बदलकर अब भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता कर दिया गया है। भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह साक्ष्य संहिता को बदलकर भारतीय साक्ष्य संहिता कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जानलेवा हमले को नए एक्ट में धारा 109 कर दिया गया है। छेड़छाड़ की धारा 354 को नए एक्ट में अब 74 के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला, महेश गुप्ता दीपू, राघवेंद्र रस्तोगी, सद्दाम हुसैन, नूर हसन, भगवती, राम किशुन, मो. राजू अन्य गणमान्य व्यक्ति व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

लहरपुर संवाद के अनुसार सोमवार से देश भर में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से, कोतवाली परिसर में एक जागरूकता बैठक का आयोजन कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उनके द्वारा नये कानूनों के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक स्थल को भारतीय न्याय संहिता के नए कानूनों से सजाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उन्होंने आगामी 7 जुलाई से प्रारंभ हो रहे मोहर्रम को लेकर भी उपस्थित लोगों से वार्ता की और कहा कि अगर कहीं कोई भी समस्या हो तो आप लोग अवगत करा दें जिससे समस्या का समाधान समय रहते हो सके। बैठक के समापन के उपरांत राष्ट्रगान में सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। पुलिस कर्मियों द्वारा आये हुए सभी लोगों को नए कानून की प्रतियां भी वितरित की गई।

एक नजर

युवती को भगाने में तीन पर केस दर्ज

सीतापुर। सकरन पुलिस ने तीन लोगों पर युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती को गांव का ही इसराइल, बशीर व उसमाइल के सहयोग से बहला फुसला कर भगा ले गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी युवती का कहीं पता नही चल सका। युवती के पिता ने उक्त तीनों लोगों के विरुद्ध सकरन थाने पर अपनी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाएं मोहर्रम

सिधौली। कोतवाली परिसर में मोहर्रम पर्व व प्रदेश में एक जुलाई से लागू हुए नए कानूनों के विषय में जानकारी के लिए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने लोगों से पर्व शान्तिपूर्वक भाईचारे की अपील के साथ मनाए जाने का अनुरोध किया। क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद, कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, अहमदपुर जट प्रधान अमान, सिंहपुर प्रधान रोहित सिंह, सुहेल अंसारी, सभासद अनुराग शुक्ल, संजय गुप्ता, मुन्नन शुक्ल, सय्यद अहमद, शानू, राशिद खां व जमील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

सीतापुर। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार-तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा 13 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सन्दर्भ में समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिला जज/सचिव, द्वारा उपस्थित समाज कल्याण अधिकारी से विचार-विमर्श किया गया तथा समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोक अदालत के मामलों को चिन्हित कर लिया गया है।

पूरी तैयारी के साथ खोले गए विद्यालय

सीतापुर। जनपद में समस्त विद्यालय आज अपनी पूरी तैयारी के साथ खुले। विभिन्न विद्यालयों द्वारा बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने के लिये स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गयी। विद्यालय के प्रथम दिवस बच्चे विद्यालय में बहुत प्रफुल्लित थे। जनपद के समस्त विद्यालय अपने पूर्व निर्धारित समय से खोले गए। विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें भोजन में हलवा बंटवाया गया और स्वागत उत्सव मनाया गया। अध्यापकों द्वारा पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड-खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय गंगापुर कलिका बक्ख में बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया सम्मानित

महोली। ब्लॉक सभागार में सोमवार को स्थानीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने एक समारोह में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को अंगवस्त्र देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान हुई गोष्ठी में विधायक ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश हैं कि लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करें, जिसके क्रम में यह समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान एसडीएम अभिनव यादव, भाजपा जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, बीडीओ प्रतीक सिंह, प्रधान अवनीश मिश्र, कल्याण सिंह, लोकतंत्र रक्षक सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष संतराम त्रिवेदी, अनिल सिंह, रामकुमार वर्मा, हरदयाल, ब्रम्हादीन, जसकरन लाल, बालकराम, हरिपाल सिंह, पुतान, नरेश चंद्र शुक्ला समेत दर्जनों लोकतंत्र रक्षक सेनानी मौजूद रहे।

पहली ही बरसात में खुली दावों की पोल

बिसवां। नगर पालिका परिषद में सफाई व्यवस्था की पोल पहली बरसात ने खोल दी। नालों की सफाई कर कूड़ा कई कई दिन तक सड़कों पर ढ़ेर रहने से दुर्गंध तथा बीमारियों को सीधा आमंत्रण दे रहा है। यही नहीं गलियों चौराहे पर लगे कूड़े के ढेर मलेरिया और डेंगू जैसे मच्छरों को पैदा कर बीमारियो को निमंत्रण ही नहीं दे रहा है बल्कि लोगों की जिंदगी भी खतरे में डाल रही है। पालिका हमेशा नालों की सफाई तब करती है जब बरसात शुरू हो जाती है। मई जून में नालों की सफाई न होने के कारण पानी बरसाते ही जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है।

धूमधाम से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

महमूदाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्य ंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन महमूदाबाद में हर्षोल्लास के साथ सपाइयों ने मनाया। केक काटे गए, पौधे रोपे गए तथा नगर के दर्जनों स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के बीच पहुंचकर फल व ब्रेड बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। जन्मदिन समारोह में अखिलेश यादव के चित्र पर रोली का टीका लगाकर उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की गई। महमूदाबाद आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

मांगें न माने जाने तक चलेगा प्रदर्शन : रामलली

» तहसील में किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

विश्ववार्ता संवाद

महमूदाबाद (सीतापुर)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कार्यवाही न होने पर किसान यूनियन ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमारी सभी मांगे पूरी की जाएं। जानकारी हो कि किसान यूनियन ने जून को सात सूत्रीय व 26 जून को नौ सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को दिया था।

तहसील प्रशासन ने संगठन के पदाधिकारियों को 29 जून तक मांगों का निस्तारण किए जाने को लेकर आश्वस्त किया था। मांगे पूरी न होने पर किसानों की पंचायत सोमवार को तहसील में बुलाई गई और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। प्रमुख मांगों में सदरपुर इलाके के पहाड़ापुर में हुई दुर्घटना में पांच बच्चों की मौत के पश्चात प्रशासन द्वारा कोई सहायता नही किया जाना। मनरेगा में बिना कार्य कराए हाज़री लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। संगठन की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रामलली पाल ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रशासन को खरी-खरी सुनाई। इस दौरान उन्होंने प्रशासन पर तल्ख लहजे में टिप्पणी करते हुए बोला कि यहां का प्रशासन बिना पूंछ के भैंसे जैसा है।करीब चार घंटे तक चले इस धरना-प्रदर्शन के दौरान एसडीओ, कोतवाल अनिल सिंह, नायब तहसीलदार दीना नाथ यादव व बीडीओ श्रीश गुप्ता धरने में पहुंचे।

मगर इन सभी अफसरों के महज आश्वासन से संगठन के पदाधिकारी संतुष्ट न हो सके। संगठन के जिलाध्यक्ष राम दास यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नही सुना गया व कुछ जिम्मेदार अफसर तो उनकी बात सुनने तक तहसील नहीं पहुंचे। जिसके बाद शाम में उन्होंने अनिश्चितकाल तक धरना प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया। इस मौके पर भाकियू के जिलाध्यक्ष राम दास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री शिवसागर लाल वर्मा, लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष विजय शुक्ला, रमाकांत त्रिपाठी व प्रह्लाद रत्न सहित सैकड़ों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खुद पौधे लगाएं, औरों को जागरूक करें : सुनील

विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। वन महोत्सव के तहत सोमवार को क्षेत्र के ग्राम उमरिया प्राथमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे गए। इस दौरान बच्चों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए विद्यालय प्रांगण में रोपित पौधों के संरक्षण के लिए जागरुक किया गया। जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र भार्गव, प्राथमिक विद्यालय उमरिया कला के प्रधानाध्यापक विजय नाथ चौरसिया, सामाजिक कार्यकर्ता रमाकांत शुक्ला ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

डिप्टी रेंजर सुनील वर्मा और हरीश श्रीवास्तव ने उपस्थित बच्चों एवं लोगों को एक-एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग और लोगों को भी एक-एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए जागरुक करें। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आम, पाकड़, हरसंकरी, कदम, पीपल, बरगद, कचनार आदि के 25 पौधे रोपे गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान दयाराम, फॉरेस्ट दरोगा राजकुमार, अरविंद गिरी, ओमप्रकाश, वन रक्षक इंद्रबली, राम बक्श सिंह सहित बच्चे उपस्थित थे।

पौधे रोपकर उनकी उचित देखभाल भी जरूरी

महमूदाबाद (सीतापुर)। वृक्षारोपण अभियान चलाकर बड़ी संख्या में पौधों को रोप देने मात्र से काम नहीं चलने वाला। जब तक रोपे गए पौधों की उचित देखभाल नहीं की जाएगी तब तक उनका बड़ा होना और सुरक्षित रहना आसान नहीं है। प्राथमिक विद्यालय बघाइन में वन विभाग की ओर से पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ महाभियान का शुभारम्भ करते हुए उप क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पौधों की रोपाई के बाद उन्हें अपनी संतान की तरह देखरेख की जरूरत होती है। पानी व पोषक तत्वों की पूर्ति समय से करेंगे तो उनका विकास जल्दी होगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, उमेश वर्मा, पवन कुमार, दीप्ति वर्मा, ऊषा वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, प्रधान प्रेम चंद्र वर्मा, वन दरोगा अरविंद यादव, वन रक्षक प्रिया गुप्ता, राजनाथ यादव, माली राम नरेश, राम गोपाल व मोइनुद्दीन उपस्थित रहे।

एचकेपी में रोटरी क्लब ने रोपे छायादार पौधे

सीतापुर। रोटरी क्लब सीतापुर द्वारा रोटरी के नए सत्र का शुभारंभ एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम द्वारा किया गया। रोटरी क्लब द्वारा हिन्दू कन्या महाविद्यालय परिसर में स्थित खाली मैदान में पर्यावरण हितार्थ लगभग एक सैकड़ा लुप्तप्राय, फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष तुषार रस्तोगी, सचिव अमन कृष्ण, रोटेरियन सुजीत श्रीवास्तव, डॉ राजकुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद धवन, गोबिंद चंदानी, रवि रत्न, मोहित अग्रवाल, संजीव गुप्ता, शालिनी गुप्ता, इंदु रत्न, विनय अग्रवाल, रुचि अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने भी पौधे रोपकर पर्यावरण के हित में नेक कार्य किया।

शराब के नशे में धुत बावर्दी आरक्षी का वीडियो वायरल

» खैराबाद थाने का बताया जा रहा है वायरल वीडियो

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में बावर्दी एक आरक्षी शराब के नशे में धुत होकर सड़क पर बैठा हुआ है। नशे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सिर पर लगाने वाली टोपी उसके पैरों पर रखी हुई है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग जब उसका वीडियो बना रहे थे तो हाथ के इशारे से उसने रोकने का प्रयास किया।

वायरल वीडियो खैराबाद थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जिसकी पुष्टि 'विश्ववार्ता' नहीं कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सिपाही के इस कृत्य पर लोग तरह-तरह के तीखे कमेंट भी कर रहे हैं। पुलिस के अधिकारी वायरल वीडियो में आरक्षी की पहचान कर कार्यवाही की बात कह रहे हैं।

कार्यक्रम डीएम ने विधायक की मौजूदगी में जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण व उपचार सरकार की प्राथमिकता

» 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग अभियान

संचारी रोग अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करते डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से शुरू हो गया है। 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग अभियान एवं 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ विशिष्ठ अतिथि विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव व नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी की उपस्थित में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर से जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण, इनका त्वरित व सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिये सम्बन्धित विभागों यथा- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिचाई उद्यान, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आदि विभागों द्वारा समन्वितरूप से संचालित होगा। संचारी रोग नियंत्रण माह में जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु साफ-सफाई, जन जागरूकता, हैण्ड पम्प/हैण्ड पम्प प्लेटफार्म मरम्मत, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त रखना, अध्यापकों द्वारा विद्यालयों में बच्चों में रोगों के प्रति जागरूकता, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग, पर्यावरणीय स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, फ्रंटलाइन वर्कर (आशा एंव आंगनबाड़ी कार्यकत्री) द्वारा दस्तक अभियान के अर्न्तगत लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगे-बुखार के रोगियों की सूची, इन्फ्लएनजा लाइक इलनेस रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार रोगों से लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, इसी के साथ-साथ क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहॉ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, प्रपत्र पर फ्रंटलाइन वर्कर द्वारा तैयार की जायेगी। इस अभियान के दौरान समस्त विभाग अपनी निर्धारित गतिविधियों को क्रियान्वित करेंगे।

संचारी रोग नियंत्रण के लिये दी गयी विभागीय गतिविधियों की समीक्षा प्रत्येक सोमवार को की जायेगी। विभागवार लक्ष्य के सापेक्ष शनिवार तक की गतिविधियों की साप्ताहिक रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कमलेश चन्द्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी डा. दीपेन्द्र वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजशेखर, जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग से स्टाफ, ए.एन.एम. एवं काफी संख्या में आशा बहुएं उपस्थित थी।

एक नजर

अखिलेश के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

गोंडा। पूर्व मुख्यमंत्री सांसद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के मौके पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद के निर्देश पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर जनपद में सपा नेता फहीम सिद्दीकी सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद इसराइल सभासद अलंकार सिंह मौजूद रहे

एसबीआई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

गोंडा, सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 01जुलाई भारतीय स्टेट बैंक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना हुई थी। यह आयोजन भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा गोंडा द्वारा जिला अस्पताल गोंडा के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक उमेश कुमार आर्य ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक हर वर्ष 01जुलाई को सामाजिक हित मे रक्तदान शिविर का आयोजन करता है | हर वर्षो की भांति इस वर्ष मुख्य शाखा परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया है| आर्य ने सभी ग्राहकों एवं समानिक नागरिको को रक्तदान करने के लिए धन्यवाद दिया | इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ज्ञान प्रकाश मुख्य अथिति के रूप में मौजूद रहे |

शांतिपूर्ण ढंग से हुई अभ्युदय कोचिंग की प्रवेश परीक्षा

गोण्डा। रविवार को जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी व यूपीएसएससी व अन्य एक दिवसीय कक्षाओं में नि:शुल्क कोचिंग प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा कराई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि परीक्षार्थियों की अधिक संख्या होने के कारण परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई ।प्रथम पाली में यूपीएससी व यूपीएसएससी में 235 परीक्षार्थियों में से 154 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा द्वितीय सांयकालीन पाली में 462 परीक्षार्थियों में से 301 परीक्षाओं ने परीक्षा दी। कोर्स क्वार्डिनेटर रूपेश पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 रविंद्र कुमार, मुख्य नियंता आरबी सिंह बघेल, प्रो0 बीपी सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अवधेश कुमार वर्मा वअन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

नवाबगंज गोंडा । थानाक्षेत्र के अयोध्या मनकापुर रेलमार्ग पर कल्यानपुर पंडित पुरुवा के सामने सोमवार की सुबह मनकापुर से अयोध्या की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आकर एक तीस वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने कहा कि शव को कब्जे मे लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के कल्यानपुर पंडित पुरुवा सामने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव स्थानीय लोगों ने देखा जिसकी सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की। लोगों ने बताया कि मृतक अर्दधविक्षिप्त था और आसपास घूम रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का निरीक्षण

श्रावस्ती। सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ई.वी.एम./वी.वी. पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर जायजा लिया।

सिरसिया में दी गई नए कानून की जानकारी

श्रावस्ती। थाना सिरसिया परिसर में थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त सम्मानित क्षेत्र वासियों को नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें वकील एवं सम्मानित व्यक्तियों ग्राम प्रधान को बुलाकर सभी को आज से लगने वाले नए कानून के बारे में जानकारी दी गई जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी एवं अन्य लोग मौजूद थे जिसमें सभी को 1 जुलाई से लगने वाले नए कानून के बारे में जानकारी दी गई

जनशिकायतों का निस्तारण कर करें सूचित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 15 शिकायतें प्राप्त हुई जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी इन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया।

घटना स्थल से 3 किमी दूर मिला डूबे युवक का शव

बहराइच। जिले के सहसलमपुर गांव के पास सरयू नहर की तरबगंज शाखा मे नहाते हुए एक युवक डूब गया था। सोमवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुजरा के बेहननपुरवा गांव निवासी अजमत अली (21) मुंबई में रहकर डेकोरेशन का काम करता था। शादी के लिए अजमत अली घर आया था। 29 मई को अजमत अली का विवाह गोंडा जिले के कुकुरभुकवा गांव निवासी युवती थी। युवक गांव निवासी तीन अन्य साथियों के साथ हुजरपुर खुटेहना मार्ग पर सहसलमपुर गांव के पास बने पुल के पास नहर मे नहा रहे थे। अचानक उनमें से अजमत डूबने लगा साथियों के हल्ला मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तब तक युवक डूब चुका था। अन्य लोग नदी से बाहर निकल आए थे।

डाक्टर्स डे पर लायंस क्लब में रक्तदान शिविर

बहराइच । डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब बहराइच शाखा द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स के कैंपस में आयोजित किया गया । क्लब अध्यक्ष लायन संगीता खन्ना के नेतृत्व में सफल कैम्प का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर की उपस्थिति रहीं । इस रक्तदान शिविर में 22 यूनिट एकत्रित किया गया । इस कार्य में स्थानीय मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा विशेष सहयोग रहा । टीम में डॉ अजीत कुमार वर्मा, वेद प्रकाश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र वर्मा, नूर मोहम्मद तथू प्रदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त सोमवार को डॉक्टर्स डे व चार्टड अकाउंटेंट डे पर शहर के सम्मानित डॉक्टर्स व चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सम्मान भी किया गया। कैम्प में टाटा मोटर्स प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर दीपक खन्ना, नीरज खन्ना, लायंस क्लब बहराइच सिटी, बहराइच अभिनव, भारत विकास परिषद सहित अन्य संगठनों के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घर-घर जाकर संचारी रोगों के बारे में किया जायेगा जागरूक

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

विश्ववार्ता संवाददाता

गोंडा। जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ पूरे उत्तर प्रदेश शुरू हो गया है। गोण्डा में लोगों को जागरूक करने के लिए शहर के गांधीपार्क से एससीपीएम कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। *जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ एम.अरुन्मोली, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा* ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह अभियान पूरे जुलाई महीने तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर लोगों को जागरुक करेगी।

गांधी पार्क से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए *डीएम नेहा शर्मा* ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें। जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। डीएम ने अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा पंचायती राज विभाग, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, उद्यान और सूचना विभाग को शामिल किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा व सीडीओ एम अरुन्मोली, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

11 से 31 तक चलेगा दस्तक अभियान

सीएमओ ने बताया कि इसी बीच 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत क्षय रोगियों को भी खोजा जाएगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की पहचान करेंगी। इसके अलावा लंबे समय से बुखार, खांसी जैसे लक्षणों वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी लेंगी।उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाएगा।

संचारी रोगों से बचाव एवं साफ-सफाई को दिलाई गई शपथ

श्रावस्ती, । प्रदेश सरकार के मंशानुसार जनपद में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। इस दौरान विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संचारी रोग जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जनपद में 1 से 31 जुलाई, 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई, 2024 तक दस्तक अभियान चलाकर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाकर स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक करते हुए विशेष विशेष सफाई रखने के लिए जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है, जिससे जनपद के साथ-साथ प्रदेशवासी लाभान्वित हो रहे है।

रूपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव का आरंभ किया गया।

पुलिस जवानों की जीवन शैली में गुणात्मक सुधार

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आदर्श बैरिक का डीआईजी एसपी ने किया लोकार्पण

विश्ववार्ता संवाददाता

गोण्डा। सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित आदर्श बैरक का फीता काटकर लोकार्पण किया गया ।

इस मौके पर एसपी द्वारा बताया गया कि बैरक सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त है । बैरक में पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के उपरान्त विश्राम करने के लिए दीवान बेड, गद्दा, तकिया, बेडशीट एवं व्यक्तिगत समान रखने के लिए अलमारी दी गयी है तथा मनोरंजन हेतु टीवी लगायी गयी है । स्वच्छ एवं शीतल पेय जल हेतु RO, वाटर डिस्पेंसर तथा वाटर कूलर की व्यवस्था है। जवानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर आदर्श बैरक के सामने बैडमिंटन कोर्ट भी बनवाया गया है जिससे खाली समय में जवानों द्वारा वहां खेला जा सके। लोकार्पण के बाद उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल ,पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारीगण द्वारा आदर्श बैरक के सामने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया । उक्त आदर्श बैरक का निर्माण पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा के मार्गदर्शन में कराया गया है ।

अन्ततः आरोपी के खिलाफ दर्ज हो गया मुकदमा

रंग लाया डीएम का प्रयास, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। पुलिस की जांच रिपोर्ट को चुनौती देते हुए एक किशोरी ने छेड़छाड़ व धमकाने के आरोपी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने में सफलता प्राप्त की है। पीड़िता को सफलता दिलाने में जिलाधिकारी की ओर से क्षेत्राधिकारी कैसरगंज द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग करके जिम्मेदार उच्च अधिकारियों को लम्बे समय तक गुमराह करने पर भी पीड़िता ने हार नहीं मानी उसकी कड़ी मशक्कत एवं उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सीओं की जांच पर दर्ज किया गया छेड़खानी के बाद जान से मारने की धमकी का मुकदमा।

पूरा मामला हुजूरपुर थाना क्षेत्र के रेवलिया गांव का है जहां पर बीते 19 मई 2024 की रात्रि लगभग 8:00 बजे एक नाबालिक बालिका के संग एक अधेड़ ने

निर्वस्त्र कर छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसी दिन रात में संबंधित थाना हुजूरपुर पहुंचकर थाना प्रभारी दिलीप शुक्ला को मौखिक रूप से दी गई परंतु वहां कोई लेखक की मौजूदगी न होने के कारण रात में रिपोर्ट नहीं दर्ज हो सकी फिर अगले दिन प्रातःकाल पीड़िता पुनः थाने जाकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया।

जिस पर प्रभारी के निर्देश पर उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने जांचोपरांत आइजीआरएस सहित उच्च अधिकारियों को आम तोड़ने का विवाद बढ़ा चढ़ा कर दिखा मामले को रफा दफा कर दिया। लेकिन पीड़िता ने हार न मानकर उच्च अधिकारियों का दरवाजा खटखटाती रही और संबंधित थाने से मीडिया व उच्च अधिकारियों को फर्जी आख्या लगाकर लगातार गुमराह कर रहे उप निरीक्षक से आखिरकार थक हार कर पीड़िता ने 12 जून को कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन के उद्देश्य से अपने परिजनों संग पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेश कुमार गौड़ की जांचोपरांत 15 जून को छेड़खानी व जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इससे पुलिस का असली चेहरा बेनकाब हो गया।

जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

श्रावस्ती। आज से सम्पूर्ण भारत में लागू होने वाले तीन स्वदेशी कानुन के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक करने एवं उससे होने वाले लाभ की जानकारी देने हेतु थाना कोतवाली भिनगा में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त तीनों नये भारतीय कानूनों के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी के लिए बड़े ही हर्ष की बात है कि भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है।

जिले के चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ''राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस'' कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम इस दौरान जिलाधिकारी ने विगत वर्ष में चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों, सी0एच0ओ0, ए0एन0एम0 एवं अन्य पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मी/हेल्थ पार्टनर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 सिंह ने कहा कि आज राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे सभी चिकित्सकों के लिए महत्वपूर्ण है। यह डॉक्टरों के द्वारा दिये गये उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जा रहा है और समाज के स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

दवा व्यवसाई की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

बहराइच। शहर के मक्कापुरवा मोहल्ला में एक दवा व्यवसाई की जमीन है। इस जमीन पर दबंग की नजर है दबंगों ने पक्की चहार दीवार को तोड़ दिया दरवाजा भी गिरा दिया। विरोध करने पर दवा व्यवसाई, उसकी पत्नी और भतीजे को जमकर पीटा। जिससे सभी घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के मक्कापुरवा निवासी राजन गुप्ता पुत्र कुंदन लाल दवा व्यवसाई है। उनकी जमीन रायपुर राजा के मक्कापुरवा में गाटा संख्या 48 पर है। जिसका कागजात भी दवा व्यवसाई के पास उपलब्ध है। दवा व्यवसाई ने जमीन के चारो तरफ बाउंड्रीवाल लगवाने के साथ दरवाजा भी लगवा दिया था। उनका कब्जा भी है। इसके बाद भी कुछ दबंग लोग शहर की इस जमीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। शनिवार को मोहल्ले के अनिल कुमार वर्मा ने अपने 20 अन्य अज्ञात साथियों के साथ जमीन की बाउंड्रीवाल तोड़ दी। इसके बाद दरवाजा को तोड़ दिया। इसकी जानकारी होने पर दवा व्यवसाई राजन गुप्ता पत्नी के साथ पहुंचे। सभी ने विरोध किया। इस पर दबंगों ने महिलाओं के साथ मिलकर दंपती, भतीजे लक्ष्य गुप्ता, दीपक व सोनू को जमकर मारा पीटा। परेशान लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

कार ने दंपति व बेटी को कुचला बेटी की मौके पर मौत

बहराइच। रात का भोजन करने के बाद लखनऊ - नानपारा हाईवे पर टहल रहे दंपत्ति तथा उनकी एक साल की बेटी को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि एक साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटी की मां कार में फंसकर 500 मीटर तक घिसटती चली गई। वह तब गिरी जब उसके कपड़े फट गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

इस हादसे में हुदा की तो मौके पर मौत हो गई और पति-पत्नी घायल हो गए। पत्नी की हालत काफी नाज़ुक है इसलिए उसे लखनऊ रिफर किया गया है।

महिला के कार में फंस कर ज़मीन रगड़ने के कारण शरीर में विभिन्न जगह चोटें आई हैं, जिससे उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। नानपारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश जारी है।

साहित्य जगत के धरोहर थे स्वर्गीय कमर- दीनानाथ

गोंडा। रविवार की देर रात स्थानीय टाउन हॉल गांधी पार्क में दिवंगत लोकतंत्र सेनानी नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कमरुद्दीन कमर व वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व सभासद स्वर्गीय सरवर बेधड़क के नाम से ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ शायर मुबाशिर हुसैन असर बहराइची ने मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन उजमा राशिद को उनके स्वर्गीय पिता कमरुद्दीन कमर के सम्मान से सम्मानित करके मुशायरे का आगाज किया।

सपा मुखिया के जन्मदिन पर स्कूली बच्चों, पत्रकार प्रबुद्ध वरिष्ठ जनों को किया गया सम्मानित

पुरोहितों के वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच सपाईयों ने मनाया अखिलेश का जन्मदिवस

विश्ववार्ता संवाददाता

गोंडा। सोमवार को टाउन हॉल गांधी पार्क मे समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन एकता व संघर्ष दिवस के रूप में पूरे जोश ओ खरोश के साथ मनाया गया।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन के नेतृत्व मे प्रकांड विद्वानों द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ सपा नेताओं केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर सपा मुखिया के दीर्घायु होने की कामना की इस मौके पर पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने कहां की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पीड़ीए प्रकृति के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प ले पूर्व विधायक दुबे ने कहा कि सपा मुखिया के व्यक्तित्व को पूरी दुनिया देख रही है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएं सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने समाजवादी पार्टी को समर्थन दिया है हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जन्मदिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने को किये जा रहे प्रयास: जिलाधिकारी

''स्कूल चलो अभियान-2024-25 का जूनियर हाईस्कूल भिनगा में हुआ भव्य शुभारम्भ

विश्ववार्ता संवाददाता

श्रावस्ती। शासन के निर्देशानुसार जनपद में ''स्कूल चलो अभियान-2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन जूनियर हाईस्कूल भिनगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार ''स्कूल चलो अभियान'' 2024-25 का आज शुभारम्भ किया गया है। उन्होने कहा कि विगत वर्ष में भी ''स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ इसी जनपद से प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि जनपद में शिक्षा के स्तर को सुधार कर और ऊपर लाया जाए। इसी के तहत आपरेशन कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स पर कार्य करके बेसिक शिक्षा से जुड़े प्रत्येक विद्यालय में पेयजल, टॉयलेट, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही बच्चों की यूनिफॉर्म और जूते-मोजे की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसके लिए निजी संस्थाओं, स्कूल के पुराने विद्यार्थियों को अभियान चलाकर जोड़ा जाएगा। उन्होने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन विद्यलयों में साक्षरता की दर कम है, वहां के विद्यालयों में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर जागरूक किया जाए तथा बुनियादी सुविधाओं के लिए समयबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक शिक्षा परिषद के सारे विद्यालयों को आच्छादित किया जाएगा। उन्होने निर्देश दिया कि सभी अध्यापकगण अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित चल रहे नौनिहालों को चिन्हित करें, और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी करें। सभी अभिभावकों से भी अपील किया कि शिक्षा के महत्व के समझते हुए अपने बच्चों को स्कूल भेंजे, ताकि उनके भविष्य को उज्वल बनाया जा सके।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर ''स्कूल चलो अभियान रैली'' को किया रवाना

पठन पाठन में रुचि दिखाएं छात्र छात्राएं : रंजना

बहराइच। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही परिषदीय विद्यालयों में कार्यक्रम का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय विश्वरिया में भी सोमवार को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआरपी रंजना पीटर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से बच्चों की सुविधा के लिए पाठ्य पुस्तक से लेकर यूनिफॉर्म तथा जूता मोज़ा तक उपलब्ध कराया जाता है। बच्चों को नियमित पढ़ाई कर अपना कैरियर बनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों का भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पठन पाठन के प्रति गंभीर बनाएं और उनके भविष्य निर्माण में सार्थक और निर्णायक भूमिका निभाएं। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय विश्वरिया की प्रधानाध्यापिकाअपर्णा सोनी तथा शिक्षामित्र समेत अनेक छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

एक नजर

हथेड़ा गांव थाने के सामने जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से दुकान में घुसा पानी

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना हथेड़ा के सामने जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से बारिश का पानी रामलाल सोनी के दुकान में व दुकान के बाहर पानी जमा होने पर दुकानदार रामलाल सोनी ने प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सूचना दिया जिस पर तत्काल मौके पर पंहुचकर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। प्रभारी निरीक्षक ने जल निकासी की व्यवस्था कराने के लिए खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा को दूरभाष पर सूचना दिया।खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्र ने मौके पर पंहुचकर जांच पड़ताल किया है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि जल निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा था लेकिन कुछ लोगों द्वारा नाली निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न करते हुए नाली निर्माण कार्य को नहीं करने दिया है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हलिया (मिर्जापुर)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ के नेतृत्व में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार ब्लाक समन्वयक यूनिसेफ अंकित शुक्ला एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी के उपस्थिति में शपथ दिलाई गई।इस आयोजन में ग्राम प्रधान एवं आशा आंगनबाड़ी एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा शपथ लिया गया की संचार के माध्यम से फैलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी विभाग सभी अधिकारी समस्त ग्राम सभा के ग्राम प्रधान के माध्यम से संचारी शपथ का आयोजन संपन्न किया गया इस दौरान डॉ सुरेश कनौजिया ,डॉक्टर रीना , ब्लाक समन्वयक यूनिसेफ अंकित शुक्ला, गिरिजा प्रसाद यादव, स्टाफ नर्स दीप मंजरी ,एएनएम मंजू देवी ,सरिता ,आशा ममता, ललित पांडे ,चंदा बानो, गीता मौर्य ,आंगनबाड़ी उषा, अनीता, श्याम सिंह, संतोष कुमार, रामशंकर दूबे आदि उपस्थित रहे।

नलकूप की दीवार ढही, अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरौली में रविवार की सुबह नलकूप की दीवार ढह जाने से लगभग 55 वर्षीय अधेड़ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरौली गांव निवासी हुबलाल का पुत्र श्रीनारायण सोमवार की सुबह अपने नलकूप गए थे। तभी अचानक दीवार ढह गई। जिसके मलबे के नीचे वह दब गए। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और जल्दी-जल्दी मलबा हटाया तब तक श्रीनारायण की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

तालाब में डूबने से छात्र की मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव के समीप खेत की मेड बांधने गए इंटर के छात्र का पैर मेड पर फिसल गया और छात्र समीप में स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मवईया जमालपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव का 20 वर्षीय पुत्र गौरव यादव आज सुबह अपने खेत की मेड बांधने गया था। तभी उसका खेत की मेड पर पैर फिसला और वह समीप स्थित तालाब के गहरे पानी में डूब गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको तालाब से बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के उपरांत छात्र को मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। वहीं साथ आए परिजनों में कोहराम मच गया।

ज़हरीला कीड़ा काटने से हालत गंभीर

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के काजी का पुरवा गांव में रविवार की रात सोते समय महिला को किसी ज़हरीले कीड़े ने काट लिया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के काजी का पुरवा गांव निवासी कमलेश कुमार की 35 वर्षीय पत्नी संगीता देवी बीती रात घर में सो रही थी। तभी उसको किसी ज़हरीले कीड़े ने काट लिया कीड़े के काटने की बात संगीता देवी ने परिजनों को रात में नहीं बताई। सुबह जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो घटना की सूचना परिजनों ने सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड पर रविवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी सदाशिव का 35 वर्षीय पुत्र नरेश कुमार बाइक पर सवार होकर शहर किसी काम से आया था। रात वापस घर जाते समय राधा नगर थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड पर अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे नरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

महिला की उपचार दौरान मौत

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जहानपुर में पति के छोड़ जाने के बाद से मानसिक तनाव में आई लगभग 25 वर्षीय महिला की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जहानपुर गांव निवासी शिवम गुप्ता की पत्नी प्रीती उर्फ गुड़िया पति के छह माह पूर्व छोड़कर चले जाने के बाद से मानसिक तनाव में रहने लगी थी। कुछ दिन पूर्व हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कानपुर हैलट में भर्ती कराया। जहां रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर वापस गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के फूफा उदयभान ने बताया कि पति ने उसको छोड़ दिया था। जिससे भतीजी मानसिक तनाव में रहती थी जिससे उसकी हालत बिगड़ जाने से मौत हो गई है।

डीपीआरओ ने सचिव का किया स्थानांतरण

हलिया (मिर्जापुर)। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद हलिया विकास खंड में तैनात सचिव अमर बहादुर सिंह का तत्काल प्रभाव से छानबे विकास खंड के लिए स्थानांतरण किया है ।सचिव अमर बहादुर सिंह हलिया ब्लाक में काफी दिनों से जमे हुए थे हलिया ब्लाक मुख्यालय पर समयावधि पूरा होने पर स्थानांतरित किया गया है।सचिव के विरुद्ध बेलाही गांव के ग्रामीणों ने शिकायत किया था।इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद हलिया के सचिव अमर बहादुर सिंह का छानबे ब्लाक के लिए स्थानांतरण किया गया है।

आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में वन महोत्सव

फतेहपुर। सोमवार को शहर के बांदा मार्ग स्थित आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। जिसमे वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। विद्यालय की सभी कक्षाओं के बच्चों ने इस चर्चा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वनों की उपयोगिता बताते हुए बच्चों ने उनके द्वारा वर्षा एवं तापमान नियंत्रण की प्रक्रिया को भी समझाया। बच्चों ने अनेक रंगों से सजाकर प्रेरणादायी बोधवाक्य भी लिखे। वन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। वृक्ष हमारी धरा के वो अनमोल आभूषण हैं जो न सिर्फ धरती को सुशोभित करते हैं बल्कि सम्पूर्ण प्राणी जगत को प्राणवायु आक्सीजन और भोजन भी प्रदान करते हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले वन महोत्सव के प्रथम दिन इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होने बच्चों को वनों के घटते क्षेत्रफल से होने वाली हानियों के बारे मे बताया एवं इस सम्पूर्ण सप्ताह वृहद वृक्षारोपण किए जाने के बारे मे जानकारी दी। अपने प्रेषित वक्तव्य मे विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह ने बताया कि वृक्ष पृथ्वी के अनमोल धरोहर हैं और अगली पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक वृक्षों की विरासत छोडनी चाहिए। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर वीशा मोहिन्द्रा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सम्पूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी एवं सफल वन महोत्सव सप्ताह की कामना की।

तालिबानी अंदाज में प्लास से निकाले दलित मजदूर के नाखून

आरोपियों की सजा से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां टेंट हाउस में काम करने वाले दलित मजदूर को दबंगों ने पीट-पीट कर मरणासन्न ही नहीं किया, बल्कि लोहे के प्लास से उसके पैर के नाखून उखाड़ दिया। आरोपियों की तालिबानी सजा से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी शिवम कोरी (19) पुत्र संतोष कोरी को दबंगों ने बेरहमी से पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। दबंगई का आलम ये रहा कि एक कार्यक्रम में टेंट-लाईट के काम को अंजाम दे रहे दलित युवक को उठा ले गए और बाहर ले जाकर अमानवीय व्यवहार की सारी सीमाएं पार कर दी। जिला अस्पताल के स्ट्रेचर पर मरणासन्न हालत में पड़े मजदूर पर दबंगों का ऐसा कहर बरपा, जिसकी कहानी सुनकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे।

घायल के पिता संतोष कोरी ने बताया कि शिवम कोरी टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता है। बकेवर कस्बे में एक भंडारा में टेंट लगाए हुए था। वहां पर किसी बात को लेकर आपस में वाद-विवाद हो गया, जिसके बाद दबंगों ने उसे लोहे के प्लास और रॉड से बुरी तरह पीटा। इस अमानवीय अत्याचार में दबंगों ने तालीबानी अंदाज में प्लास से उसके पैर के नाखून तक निकाल दिए। पीड़ित शिवम कोरी की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के दौरान ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही दबंग फरार हो गए। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल शिवम को देखकर तुरंत पुलिस को सूचित किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के पिता ने दबंगों के खिलाफ पुलिस से की शिकायत। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

जल निकासी को ईओ ने हटवाया अतिक्रमण

खागा, फतेहपुर। नगर में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण जीटी रोड में पानी लबालब भर गया। जिसके कारण व्यापारियों की दुकानों में पानी जाने लगा और राहगीरों को निकलने में समस्या होने लगी। कस्बा वासियों ने बताया कि नगर में जलभराव की समस्या कई सालों से चली आ रही है, जिसको देखते हुए ईओ खागा देवहूति पांडेय ने रोड़ के किनारे अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाने के बाद अतिक्रमण हटवाकर जल निकासी की व्यवस्था की।

खागा ईओ ने चार घंटे तक लगातार जलभराव के बीच में खड़े रहकर कर्मचारियों के साथ मिलकर अतिक्रमण को हटवाया और जलनिकासी की व्यवस्था की। जल निकासी की समस्या को लेकर ईओ खागा देवहूति पांडेय ने बताया कि नगर में जल निकासी की उत्तम व्यवस्था नही नजर आ रही है। रोड़ के किनारे के दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे पानी नालों में नही जा पा रहा जिससे जलभराव की समस्या हो रही है। मंगलवार से लगातार अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा और जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन सोमवार को पार्टी कार्यालय में सपाईयों ने धूमधाम से मनाया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय के बगल में स्थित प्लाट पर पौधरोपण किया। बताया गया कि एक सप्ताह तक प्रत्येक बूथ पर पौध लगाने का अभियान चलेगा।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम सपाईयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटा तत्पश्चात एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर अखिलेश यादव के दीर्घायु की कामना की। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में तमाम ऐतिहासिक कार्य किए। जिनका लाभ आज भी सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर पीडीए अभियान चलाया गया। जिसका असर यह हुआ कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने का काम किया। उन्होने कहा कि कल (आज) से प्रत्येक बूथ पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जी-जान से जुटकर अभियान को सफल बनाएं।

इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, जगदीश सिंह चैहान, वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, नफीस उद्दीन, संगीताराज पासी, रीता प्रजापति, अमित मौर्या, तनवीर हैदर, सऊद अहमद, ओवैस फारूकी, सुहैल खान हेमू, सुरिज पाल रावत, शमीम अहमद, आजम खान, जगनायक सचान, डीजी कुशवाहा, अरूण यादव, सनी लोधी, फैजान अहमद मून, विवेक यादव, उदय प्रताप सिंह, नवाब मलिक भी मौजूद रहे।

कंकाल बरामद, चार पर हत्या का आरोप

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सकूलपुर में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने किशोरी का कंकाल बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। वहीं मृतका की बुआ व चाचा ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार सकूलपुर गांव निवासी मुन्नालाल कोरी की पुत्री लक्ष्मी देवी (17) विगत 14 जून को सुबह घर से शौचक्रिया के लिए निकली थी। तभी अचानक लापता हो गई। उधर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। घर वालों ने थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। सोमवार की सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ के नीचे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कंकाल बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है।

पोस्टमार्टम हाउस में आए घर वालों ने बताया कि गांव के ही विष्णु, विष्णु का पिता आनंद पाल, दीपक, जगतपाल व राजू ने उसकी भतीजी का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी।

कारण पूछने पर मृतका के चाचा जितेंद्र ने बताया कि तेरह जून को आनंद पाल के पुत्र विष्णु पाल पासवान ने आत्महत्या कर ली थी क्योंकि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। चाचा ने बताया कि आनंद का कहना था कि अगर पुत्र की मौत का कारण वह है तो जान से मार देंगे और चारों ने मिलकर भतीजी की हत्या की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल सकेगा।

नव प्रवेशी बच्चों को रोली टीका के साथ मुंह मीठा कराया

संचारी रोग से बचाव के लिए बच्चों को किया जागरूक

विश्ववार्ता संवाददाता

बच्चों को रोली टीका लगाकर मुंह मीठा कराते शिक्षक।

फतेहपुर। तेलियानी विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बिलंदपुर में विद्यालय प्रवेश उत्सव एवं संचारी रोगों से रोकथाम के लिए जन जागरण अभियान उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी तेलियानी राजेश कटियार ने नव प्रवेशी बच्चों को रोली टीका लगाकर मुंह मीठा कराया। साथ ही विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को नामांकन कराने के लिए लोगों को अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से आए डा. अनुराग श्रीवास्तव ने बच्चों को संचारी रोगों के फैलाव एवं रोकथाम विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देकर बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान रेखा गौतम ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उनका हमेशा से यही प्रयास है कि उनके ग्राम सभा का विद्यालय बेहतर से बेहतर बन सकें।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता देवी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह सचिव, अदीप सिंह, वेद वर्मा, सुषमा, प्रेमलता, नीलू, नेहा, प्रभा देवी, प्रतिभा, फैजान एवं स्वास्थ्य विभाग से अनेक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जल निगम की पाइप लाइन को लेकर की गई बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

राजगढ़ (मिर्जापुर)। विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में जल निगम पानी की पाइपलाइन के तहत बैठक की गई ।जिसमें मुख्य अतिथि मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल रहे। बैठक में राजगढ़ ब्लाक के 83 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य भी मौके पर उपस्थित रहे। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि सरकार की योजना को अधिकारी अनदेखा न करें ।गांव-गांव में अभी तक पूरी तरह से पानी की पाइपलाइन बिछाई नहीं गई है।जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने की पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी। बैठक में ग्राम प्रधानों ओम प्रकाश सिंह, कमलेश कुमार, गुलाब मौर्य, रवि शंकर सिंह, जन्मेजय, श्याम सुन्दर, संजय सिंह,राहुल सिंह रमेश यादव ने कहा कि जल निगम पानी की पाइपलाइन गांव-गांव में पूरी तरह से बिछाई नहीं गई ।जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ा ।जल निगम की लापरवाही के चलते कहीं-कहीं पर पी की पाइप फटी है और कहीं-कहीं पर तो पानी खेतों में बहा जा रहा है ।जल निगम के एक्सियन कुछ नहीं कर रहे हैं ।ना तो ग्राम प्रधानों से संपर्क किया और ना ही कुछ भी बताएं मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं। मड़िहान विधायक राम शंकर सिंह पटेल ने कहा कि जल निगम के एक्शन के और एसडीओ ग्राम प्रधानों से मिलकर पानी की पाइपलाइन को दुरुस्त कारण और जल्द से जल्द पूरे गांव में पानी उपलब्ध कराएं । गांव में इस भीषण गर्मी में इस वर्ष ज्यादा परेशानी हुई जल निगम के अधिकारी एक्सियन एसडीओ और ग्राम प्रधानों से कोई सूचना नहीं देते हैं। और मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं जिस दिन पानी ना आए उस दिन ग्राम प्रधानों को। धनसिरिया, निकरिका, सेमराबरहो, राजगढ़, रामपुर 38,सेमरी, छीतमपुर, ददरा पहाड़ी, भावा, रामपुर शक्तेशगढ़, राजगढ़ ब्लाक के 83 ग्राम पंचायत में पानी की नल की टोटी ना लगने से इधर-उधर पानी बह रहा है सेमरी का हाल बहुत ही बुरा है यहां पर पानी सड़क पर बह रहा है। जहां पर इस भीषण गर्मी में लोग पीने के पानी के लिए तरसते रहे ।

जल निगम की लापरवाही से पानी खेतों में और सड़कों में बह रहा है।और लोग पानी के लिए तरसते रहे। मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने जल निगम के जेई एक्सियनऔर एसडीओ को हिदायत दी है कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसे ही कार्य होता रहा तो सब के ऊपर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

अंत में मरियम विधानसभा के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने पौधों पर और ग्राम प्रधानों ने भी कियाइस मौके पर खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत एडियो पंचायत पुरेंद्र कुमार, कृषि अधिकारी संतोष कुशवाहा, प्रधान संघ के अध्यक्ष ब्लाक राजगढ़ ईंस पटेल ग्राम प्रधान के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जल निगम के एक्सिएन राजेंद्र कुमार रहे।

डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान

» चिकनपॉक्स से बचाव हेतु विद्यालय में चलाया अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव व चिकित्सक सम्मान अभियान चलाया।

डॉ अनुराग द्वारा सर्वप्रथम श्री राम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 110 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। तत्पश्चात चिकित्सा जगत में जनपद में अपनी अभूतपूर्व सेवाएं दे रहे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इश्तियाक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभाकांत सिंह व जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अमरीश चंद्रा को माल्यार्पण व शाल भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्जुन गुप्ता, अध्यापक संतप्रकाश, ललिता देवी सहित सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत दिघिया के पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान व वनक्षेत्राधिकारी ने किया पौधरोपण

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया वन रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघिया के पंचायत भवन परिसर में सोमवार को वन महोत्सव सह सघन पौधारोपण अभियान चला जिसमें आम, सागौन, शीशम, नींबू, अमरुद सहित सैकडों पौधे लगाए गए। लोग हाथों में बैनर लेकर - पौधे हम लगाएंगे, पृथ्वी को बचाएंगे, चल रहा है यही अभियान, हरा भरा हो खेत खलिहान, यही हमारा नारा है- पर्यावरण बचाना है जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे ।वन महोत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दिनेश सिंह व वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया है।ग्राम प्रधान ने बताया कि पंचायत भवन परिसर में पौधे लगाने व उनकी देख भाल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया । कहा कि जबतक हम धरती को हरा भरा नहीं बनाएंगे तबतक मानव जीवन पर जल,प्रदूषण, आक्सीजन की कमी जैसे अन्य खतरा मंडराते रहेंगे । कहा कि अधिक पौधे लगाएंगे तो हमें अधिक बारिश की पानी व शुद्ध हवा मिलेगी । वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान है। इसलिए हम सभी को हमेशा प्रयास करना चाहिए कि जब मौका मिले एक पेड़ जरूर लगाएं ताकि पर्यावरण संरक्षण बना रहे। मौके पर वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन दारोगा अजय प्रकाश, चंद्रशेखर प्रजापति, श्रवण कुमार संत,वन्यजीव रक्षक अरविंद कुमार, सहित अन्य लोग शामिल थे ।

सर्प दंश से किसान की हालत बिगड़ी

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के लौगांव गांव के समीप स्थित खेतो में आज सुबह काम करने गए किसान को ज़हरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लौगांव गांव निवासी छत्रपाल सिंह का 41 वर्षीय पुत्र देवेंद्र सिंह आज सुबह गाँव के समीप स्थित अपने खेतों में काम करने गया था। तभी वहाँ उसको ज़हरीले सांप ने काट लिया। साँप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजन इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी 108 एंबुलेंस के ईएमटी शेखर द्विवेदी पायलट सचिन के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

भारतीय न्याय संहिता के बारे में प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम प्रधानों को दी जानकारी

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता लागू होने पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम प्रधानों को जानकारी करते हुए भारतीय न्याय संहिता के धाराओं की विस्तृत जानकारी दिया है।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था लागू कर दिया गया है भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता लागू किया गया है अब जो भी मुकदमा दर्ज होगा वह भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था के अंतर्गत धाराओं में दर्ज किया जायेगा। भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था के तहत धाराओं में परिवर्तन किया गया है।महिला कांस्टेबल ममता द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में वर्णित प्रावधानों से अवगत कराया गया है। भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था के जागरूकता के प्रचार प्रसार करने का लिए कहा।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय दंड संहिता व्यवस्था के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था लागू होने पर स्थानीय प्रधानों के साथ बैठक कर भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था के बारे में जागरूक किया गया है और भारतीय न्याय संहिता व्यवस्था के प्रचार प्रसार करने की अपील किया गया है।इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ, विजेंद्र पांडेय,काशी प्रसाद मिश्र, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, राजेश कुमार मौर्य, कमलेश कुमार, पन्ना लाल, चैकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश एसआई शैलेश सिंह,बाली मौर्य, महेंद्र यादव,अजय कुमार मिश्र,आदि मौजूद रहे।

समस्या आने-जाने वाले राहगीरों व वाहन सवारों को उठानी पड़ी दिक्कतें

पहली ही बारिश में शहर पानी-पानी, कई मोहल्ले व सरकारी कार्यालयों में जलभराव

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। पहली ही बारिश में शहर में जगह जगह भीषण जलभराव हो गया जिसकी चपेट में कई मोहल्ले व सरकारी कार्यालय भी आ गये। जलभराव की वजह से आम लोगो के साथ साथ कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सोमवार भोर पहल से हल्की हल्की बारिश के बीच मौसम जहां सुहावना हो गया वहीं सुबह लगभग आठ बजे से मूसलाधार बारिश शुरू हुई। लगभग ढाई घण्टे की बारिश के बीच सड़कें पानी से लबालब भरकर गयीं। बरसात का पानी नालों की जगह सड़कों के ऊपर से होकर बहने लगा। निचले इलाकों का और भी बुरा हाल था। मोहल्लों में पानी भर गया जिससे निवासियों का घर टापू की तरह दिखाई देने लगा। जलजमाव की चपेट में सरकारी कार्यालय भी आ गये। जिसमें कचेहरी स्थित जिला बचत कार्यालय, पटेल नगर स्थित जिला पूर्ति कार्यालय, रानी कालोनी स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय आदि के चारों ओर पानी भर गया, जिससे कर्मियों को दफ्तर जाने के लिए जलभराव से होकर जाने को मजबूर होना पड़ा।

नाला सफाई अभियान की खुली पोल

बारिश से पहले ही नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग द्वारा नाली नालों की सफाई का अभियान शुरू किया गया था। सफाई अभियान के बाद महज पहली ही बारिश में जलभराव ने पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सिल्ट की वजह से मोहल्लों का पानी नालियों से न निकलने से सड़को के ऊपर से बहने लगा और जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गयी। पूर्व में जल निगम द्वारा बनाये गये आधे अधूरे नालों के भी अभी तक पूर्ण न होने से जलभराव की स्थिति और गहरा गयी।

बारिश के कारण हुए जलभराव के बीच निकलता बाइक चालक।

कई मोहल्ले बने टापू

कई मोहल्ले पहली ही बारिश नहीं झेल सके जिससे बरसात के पानी की वजह से मोहल्लों की स्थिति टापू की तरह हो गयी। आवास विकास, रानी कालोनी, खलील नगर, कटरा अब्दुल गनी, तांबेश्वर नगर, पीरनपुर, पुराना जीटी रोड, लोधीगंज समेत शहर के कई अन्य मोहल्लों में भीषण जल जमाव की वजह से लोगो को निकलने में बाधाओं का सामना करना पड़ा। निकलने वाले लोगों को पानी अंदर से होकर जाने को मजबूर होना पड़ा।

बारिश से रेड एलर्ट

बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अभी और बारिश की संभावनाएं जताई हैं। शुरुआत की बरसात में ही शहर की सड़कें जलमग्न होने लगीं। लोगों का तो यहां तक कहना है कि अभी तो शुरुआत है, अभी बरसात का पूरा मौसम पड़ा है। यदि व्यवस्थाओं में सुधार नही किया जाता तो आने वाले दिनों में यदि भीषण बारिश की स्थिति बनती है तो शहर जलमग्न हो सकता है।

गर्मी से राहत, मौसम सुहावना

पहले दिन की शानदार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को बारिश ने जहां राहत पहुंचाई वही पशु पक्षियों को भी रहात मिली है। लोग अपने अपने घरों की छतों व बालकनी में खड़े होकर बरसात का आनन्द लेते हुए दिखाई दिए।

सेंसेक्स 443 अंक चढ़कर 79,476 पर बंद

निफ्टी में भी 131 अंक की तेजी रही

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 1 जुलाई को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 443 अंक की तेजी के साथ 79,476 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 131 अंक की तेजी रही। ये 24,141 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में तेजी और 11 में गिरावट रही।

आज IT, ऑटो और मेटल शेयर ज्यादा चढ़े हैं। इससे पहले 28 जून को शेयर बाजार ने लगातार चौथे दिन ऑल टाइम हाई बनाया था। शुक्रवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 79,671 और निफ्टी ने 24,174 का स्तर छुआ था। NSE के सेक्टोरियल इंडेक्स में मीडिया में सबसे ज्यादा 2.42% की तेजी रही। इसके अलावा निफ्टी IT में 1.97%, मेटल इंडेक्स में 0.70% और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.80% की तेजी है। वहीं PSU बैंक और रियलटी इंडेक्स में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में निक्केई में 0.12% की बढ़त रही। स्ट्रेट टाइम्स 0.17% चढ़ा है। ताइवान वेटेड में 0.11% और कोरिया के कोस्पी में 0.23% की तेजी रही। शंघाई कंपोजिट में 0.92% की तेजी दिखने को मिली। हैंगसेंग में फ्लैट कारोबार रहा।

अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए थे। डाओ जोंस 45 अंकों की गिरावट के साथ 39118 के लेवल पर बंद हुआ। NASDAQ 126 अंकों की कमजोरी के साथ 17732 के लेवल पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 22 अंक नीचे 5460 के लेवल पर बंद हुआ। NSE पर उपलब्ध प्रोविजनल डेटा के अनुसार फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी FIIs ने शुक्रवार के कारोबार में 23.09 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी DIIs ने 6,658.31 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

भारत ने साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदा

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला टेस्ट मैच : भारतीय टीम को मिला था 37 रनों का छोटा टारगेट

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में साउथ अफ्रीका की धज्जियां उड़ा दीं। भारत ने चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में आयोजित मैच में सोमवार को साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदा। शेफाली वर्मा ने बल्ले और स्नेह राणा ने गेंद से कमाल का प्रदर्शन किया। शेफाली (197 गेंद में 205) के दोहरे शतक के दम पर भारत ने पहली पारी 603/6 के स्कोर पर घोषित की। वहीं, राणा की शानदार गेंदबाजी के चलते साउथ अफ्रीकी टीम पहली पारी में 266 रन पर ढेर हो गई। राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए। भारत ने पहली पारी में 337 रन की बढ़त लेने के बाद साउथ अफ्रीका को फॉलोऑन दिया। भारत को जीत के लिए 37 रन का टारगेट मिला, जो आसानी से चेज कर लिया। शेफाली दूसरी पारी में 24 और शुभा सतीश 13 रन बनाकर नाबाद रहीं।

चौथे दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 373 रन पर सिमटी। साउथ अफ्रीका ने आज सुबह दो विकेट पर 232 रनों से आगे खेलना शुरु किया। साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुलवार्ट (322 गेंदों में 122) और सुने लुस (203 गेंदों में 109) ने शतक ठोके। नादिने डि क्लर्क ने 182 गेंदों का सामना करने के बाद नाबाद 61 रन बनाए। मैरिजान कप्प ने 82 गेंदों में 31 रन को योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की पांच खिलाड़ी सिंगल डिजिट में पवेलियन लौटीं। भारत के लिए दूसरी पारी में राणा, दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो-दो विकेट हासिल किए। शेफापी, कप्तान हमरनप्रीत कौर और पूजा वस्त्रकार ने एक-एक शिकार किया। राणा ने कुल 10 विकेट अपनी झोली में डाले। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे पहले, शेफाली वर्मा ने एतिहासिक दोहरे शतक लगाया। उन्होंने 194 गेंदों में 200 रन कंप्लीट किए। वह महिला टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी जड़ने वाली प्लेयर बन चुकी हैं। उन्होंने स्मृति मंधाना (149) के साथ पहले विकेट 292 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह महिला टेस्ट में सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है। 52वें ओवर में डेलमी टकर ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्मृति ने 161 गेंदों 27 चौकों और एक छक्के की मदद से (149) रन बनाए। शेफाली ने अपनी पारी में 23 चौके और 8 छक्के लगाए। वह 75वें ओवर में रन आउट हुईं। जेमिमाह रॉड्रिग्स (55) रन बनाकर पवेलियन। कप्तान हरमनप्रीत ने 69 और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 86 की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के लिए टकर को दो जबकि नडीन डी क्लर्क, टेमी सेखुखुने, नोनकुलुलेको म्लाबा ने एक-एक हासिल किया। बता दें कि हरमनप्रीत ब्रिगेड ने एकमात्र टेस्ट मैच से पहले साउथ अफ्रीका को तीन वनड मैचों की सीरीज में धूल चटाई थी। भारत ने साउथ अफ्रीका का 3-0 से सूपड़ा साफ किया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का आयोजन होगा। यह सीरीज पांच जुलाई से चेन्नई के मैदान पर शुरू होगी। अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रनों पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिए 37 रनों का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाए 9.2 ओवर में हासिल कर लिया. भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रनों पर घोषित की थी. भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था. पहली पारी में 266 रनों पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया. लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंदों में 122 और सुने लुस ने 203 गेंदों में 109 रन बनाए. अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा. वोल्वार्ट ने अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू आउट किया. वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा. वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंदों पर एलबीडब्ल्यू आउट हुई।

दक्षिण अफ्रीका ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है. लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई. डि क्लर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

पामेला एंडरसन का 57वां बर्थडे

6 शादियां नाकाम रहीं, प्लेबॉय मैगजीन ने बनाया सुपरमॉडल

सुपरमॉडल और हॉलीवुड स्टार पामेला एंडरसन आज अपना 57वां जन्मदिन मना रही हैं। 1989 में अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत करने वाली पामेला मशहूर प्लेबॉय मैगजीन के कवर पर सबसे ज्यादा नजर आने वाली मॉडल हैं। 1992 में उन्होंने टेलीविजन सीरीज 'बेवॉच' में केसी जीन पार्कर का रोल किया जिससे उन्हें असल फेम मिला। हालांकि, उनकी पर्सनल लाइफ कई कॉन्ट्रोवर्सी में घिरी रही। बचपन में पिता से परेशान रहीं, फिर सेक्शुअल एब्यूज झेला। 6 शादियां कीं, पर कोई भी लंबे वक्त तक टिकी नहीं। पामेला इन सभी चीजों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़ती रहीं। 1967 में कनाडा में जन्मी पामेला की मां कैरोल एंडरसन वेट्रेस थीं। उनके पिता बैरी एंडरसन भट्टियों की मरम्मत का काम करते थे। पिता जुआरी और शराबी थे और आए दिन पामेला की मां के साथ मारपीट करते थे। ऐसे में पामेला, उनका भाई और मां, पिता से अलग होकर रहने लगने। पामेला जब महज छह साल की थीं तब उनकी मां ने एक महिला को पामेला और उनके भाई की देखभाल करने के लिए रखा था। इस बेबी-सिटर ने ही पामेला को सेक्शुअली एब्यूज किया। करीब 4 साल तक पामेला अपने भाई को बचाने के लिए यह सब सहती रहीं। एक दिन वो उस बेबी-सिटर से इतनी प्रताड़ित हो गईं कि उन्होंने उससे कहा कि वो चाहती हैं कि वो मर जाए। अगले ही दिन, उस बेबी-सिटर की एक कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। पामेला आज तक खुद को उसकी मौत का जिम्मेदार मानती हैं।

रियलमी ने 8,999 रुपये मूल्य में वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ सी63 पेश किया

भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके। रियलमी सी63 इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और किफायती मूल्य में अनेक आधुनिक फीचर्स प्रदान करता है। हमारा मानना है कि रियलमी सी63 अपने अद्वितीय स्टाईल, ड्यूरेबिलिटी और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देगा।'' रियलमी सी63 को एक प्रीमियम वेगन लैदर बैक कवर के साथ डिज़ाईन किया गया है, जो आम तौर से फ्लैगशिप स्तर के स्मार्टफोन में देखने को मिलता है। इस डिज़ाईन में अपने सेगमेंट के अन्य उत्पादों के मुकाबले ज्यादा बेहतर टैक्सचर है, जो दागों के लिए रजिस्टैंट होने के साथ ज्यादा टिकाऊ भी है। प्रीमियम वैगन लेदर टैक्सचर के लिए रियलमी सी63 में खुरदुरा लीची पैटर्न लिया गया है, जो वेगन लैदर बैक शेल को कवर करके प्रीमियम टैक्सचर प्रदान करता है, और ग्रिप बढ़ाकर विज्युअल और स्पर्श का अनुभव बेहतर बनाता है। इसके अलावा रियलमी सी63 इस मूल्य वर्ग में एकमात्र मैटल लेंस डेको के साथ आता है, जो अपनी मजबूत और बेहतर टैक्सचर के कारण महंगा है।

पिछले साल से 49% ज्यादा, इसके जरिए 20.07 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर हुई

जून के महीने में 1,389 करोड़ UPI ट्रांजैक्शन हुए

एजेंसी

नयी दिल्ली। जून 2024 में यूनिफाइड पेमेंट सिस्टम यानी UPI के जरिए 1,389 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए। इस दौरान टोटल 2,007 लाख करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। ट्रांजैक्शन की संख्या में सालाना आधार पर 49% की बढ़ोतरी हुई है।

वहीं, इसके जरिए ट्रांसफर की जाने वाली राशि में 36% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी जून 2023 में 934 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 14.75 लाख करोड़ रूपए का लेनदेन हुआ था। वहीं, पिछले महीने की तुलना में ट्रांजैक्शन की संख्या में 1% और ट्रांसफर की गई राशि में 2% की कमी आई है।

मई 2024 में UPI के जरिए 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए और इसके जरिए 20.45 लाख करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई। UPI को रेगुलेट करने वाली संस्था नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने आज (1 जुलाई) को ट्रांजैक्शन के आंकड़े जारी किए। भारत में RTGS और NEFT पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन RBI के पास है। IMPS, RuPay, UPI जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ऑपरेट करती है। सरकार ने 1 जनवरी 2020 से UPI ट्रांजैक्शन के लिए एक जीरो-चार्ज फ्रेमवर्क मैंडेटरी किया था। UPI सर्विस के लिए आपको एक वर्चुअल पेमेंट एड्रेस तैयार करना होता है। इसके बाद इसे बैंक अकाउंट से लिंक करना होगा। इसके बाद आपका बैंक अकाउंट नंबर, बैंक का नाम या IFSC कोड आदि याद रखने की जरूरत नहीं होती। पेमेंट करने वाला बस आपके मोबाइल नंबर के हिसाब से पेमेंट रिक्वेस्ट प्रोसेस करता है। अगर, आपके पास उसका UPI आईडी (ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या आधार नंबर) है तो आप अपने स्मार्टफोन के जरिए आसानी से पैसा भेज सकते हैं। न सिर्फ पैसा बल्कि यूटिलिटी बिल पेमेंट, ऑनलाइन शॉपिंग, खरीदारी आदि के लिए नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड भी जरूरत नहीं होगी। ये सभी काम आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम से कर सकते हैं।



रिया चक्रवर्ती की फिल्में फ्लॉप फिर भी जिंदगी आलीशान

रिया चक्रवर्ती बॉलीवुड का एक ऐसा नाम है जो कई महीनों तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। लेकिन इन सुर्खियों की वजह उनकी फिल्में या एक्टिंग नहीं बल्कि दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत संग उनका रिश्ता रहा। सुशांत के निधन के बाद रिया पर कई आरोप लगे और उनका मीडिया ट्रायल भी खूब हुआ। सुशांत सिंह राजपूत केस में उन्हें जेल की हवा भी खानी पड़ी थी। हालांकि, कुछ हफ्तों के बाद उन्हें बेल मिल गई। इसके बाद रिया ने कुछ समय के लिए मीडिया से दूरी बनाई रखी और लो-प्रोफाइल जिंदगी अपनाई। रिया का करियर धीरे-धीरे वापस पटरी पर लौटा और आज वह अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। फिल्मों में फ्लॉप होने के बावजूद रिया एक लग्जरी लाइफ जीती हैं। रिया चक्रवर्ती आज 32 साल की हो गई हैं। उनका जन्म 1 जुलाई 1992 को कर्नाटक के बेंगलुरू में हुआ था। बॉलीवुड में आने से पहले रिया MTV India पर वीजे के तौर पर काम कर रही थीं। एक्टिंग के शौक के चलते इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री का रुख किया और कई बॉलीवुड व तेलुगु फिल्मों में काम किया। 32 साल की रिया ने बॉलीवुड में फिल्म 'मेरे डैड की मारुति’ से एंट्री की थी। साल 2013 में रिलीज हुई यह फिल्म फ्लॉप रही। इसमें उनके साथ साकिब सलीम और राम कपूर थे। इसके अलावा रिया ने 'जलेबी', 'हाफ गर्लफ्रेंड', 'बैंक चोर' और 'सोनाली केबल' जैसी फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनकी कोई भी फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई है। भले ही रिया की फिल्मों ने कामयाबी का स्वाद ना चखा हो और बॉक्स ऑफिस पर असफल रही हों, लेकिन उनके पास दौलत की कमी नहीं है। रिया चक्रवर्ती फिलहाल एक आलीशान और लग्जरी लाइफ जीती हैं। एक्ट्रेस की संपत्ति करोड़ों रुपये में है। उनकी इनकम का सबसे बड़ा जरिया ब्रांड एंडोर्समेंज और स्टेज शोज हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिया हर महीने ढाई लाख रुपये कमा लेती हैं। उनकी सालाना इनकम करीब 30 लाख रुपये बताई जाती है। बात करें फीस की तो रिया एक फिल्म के लिए 30 लाख रुपये चार्ज करती हैं। फिलहाल उनकी कुल नेट वर्थ करीब 11 करोड़ रुपये है। मुंबई में रिया चक्रवर्ती शहर के पॉश इलाके में रहती हैं। उनके लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत 85 लाख रुपये के आसपास है। उनके पास टोयोटा इनोवा कार है जिसकी वैल्यू करीब 20 लाख रुपये है। इसके अलावा एक जीप कम्पास SUV भी है जो 23 लाख रुपये के आसपास वैल्यू रखती है।

कहा- मां काली को शादी का न्योता देने आया हूं

शादी से पहले मंदिर पहुंचे अनंत अंबानी

भारत के बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई को राधिका मर्चेंट से शादी करने वाले हैं। शादी की सभी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी बीच अनंत अंबानी कृष्ण काली मंदिर के हवन का हिस्सा बने हैं। रविवार शाम अनंत को मंदिर में स्पॉट किया गया है। उनके साथ जान्हवी कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया भी दर्शन करने मंदिर पहुंचे थे। 30 जून की शाम को अनंत अंबानी टाइट सिक्योरिटी के बीच महाराष्ट्र के नेरल पहुंचे थे। कृष्णा काली मंदिर के बाहर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां उनका और राधिका मर्चेंट का पोस्टर भी लगवाया गया था। मंदिर से निकलते हुए मीडिया से हुई बातचीत में अनंत अंबानी ने कहा है कि वो शादी से पहले न्योता देने के लिए नेरल की कृष्णा काली मंदिर पहुंचे हैं। इस मंदिर के फाउंडर उनके दोस्त भारत मेहरा हैं। दो ग्रैंड प्री-वेडिंग सेरेमनी के बाद अनंत और राधिका 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उनकी शादी जियो वर्ल्ड सेंटर में होगी, जिसमें भारत और दुनिया के कई नामी लोग शामिल होने वाले हैं। शादी के अगले दिन 13 जुलाई को शुभ आशीर्वाद सेरेमनी रखी गई है, जिसमें सभी मेहमान न्यूलीवेड कपल को आशीर्वाद देंगे। इसके बाद कपल का रिसेप्शन 14 जुलाई को होने वाला है। अनंत अंबानी और राधिका की शादी का वेडिंग कार्ड सामने आ चुका है। VVIP गेस्ट को दिए जा रहे निमंत्रण पत्र में चांदी का मंदिर है। अंदर सोने की 4 मूर्तियां हैं। दूसरा निमंत्रण पत्र गोल्डन बॉक्स में है। इसमें मंदिर को छोटे रूप में बॉक्स के भीतर ही रखा गया है। यह भी दैवीय थीम पर बेस्ड है। अनंत और राधिका इससे पहले मार्च की शुरुआत और मई के अंत में प्री-वेडिंग सेरेमनी कर चुके हैं। उनकी पहली प्री-वेडिंग सेरेमनी गुजरात के जामनगर में हुई थी, जबकि दूसरी सेरेमनी क्रूज में हुई थी।

एक नजर

हेड कांस्टेबल की दबंगई, ई रिक्शा चालक को पीटा

गौरीगंज। कोतवाली थाने में तैनात हेड कांस्टेबल का ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है।पहले सिपाही ने ई-रिक्शा रुकवाया, उसे गाली दी।इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। हेड कांस्टेबल की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट करने वाला हेड कांस्टेबल राकेश राय गौरीगंज थाने के एसएचओ का ड्राइवर है। चालक द्वारा पेपर दिखाने पर हेड कांस्टेबल ने उसे फेंक दिया और चालक को थप्पड़ मारने लगा। हेड कांस्टेबल द्वारा ई रिक्शा चालक से अभद्रता करते देख पास में ही खड़े एक युवक ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो बनाता देख हेड कांस्टेबल ने युवक का आधार कार्ड समेत अन्य पेपर्स को लेकर एक कागज पर साइन करवाया। वीडियो वायरल करने पर मुकदमा करने की धमकी दी।गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित जामो मोड़ पर रविवार शाम एक ई रिक्शा चालक गौरीगंज बस स्टैंड से सवारी बैठाकर रायबरेली रोड की तरफ जा रहा था, तभी गौरीगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल राकेश राय मौके पर पहुंचा और ई रिक्शा रुकवाकर गालियां देने लगा। हेड कांस्टेबल के गाली देते ही ई रिक्शा पर बैठी सवारियां उतर कर चली गईं।

ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

जायस। सोमवार को कोतवाली अन्तर्गत कासिमपुर हाल्ट स्टेशन के निकट जौनपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक युवक ने जान दे दी।युवक की पहचान नहीं हो सकी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेन आती देख युवक आकर रेलवे ट्रैक पर लेट गया। सुबह लगभग 9 बजे ज़ब वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस कासिमपुर हाल्ट पहुंची उसके बाद रेलवे ट्रैक पर कटे पड़े युवक के शव की जानकारी हुई। जिसके बाद रेलवे की तरफ स्थानीय रेलवे स्टेशन और पुलिस स्टेशन को सूचना दी। लगभग आधे घंटे पुलिस की टीम पहुंची और पुलिस जवानों की मदद से शव को ट्रैक को हटवाया तब तक ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन लेट होने से यात्री परेशान रहे।

जीएनएम में दाखिले के लिए 12 तक करें आवेदन

सुलतानपुर। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी अब यूपी में नर्सिंग के डिप्लोमा कोर्स जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) के दाखिले की प्रक्रिया संचालित करवा दिया है। इसके लिए अभ्यर्थी अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय की बेबसाइट https://abvmuup.edu.in/ पर जाकर 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लखनऊ समेत यूपी के 20 जिलों में इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए शहर का भी चुनाव करना होगा। मेरिट के मुताबिक कॉलेज का आवंटन भी किया जाएगा। जिले के कई नर्सिंग कॉलेजों में आवेदन फॉर्म भराए जा रहे हैं। वहीं कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के प्रशासक राजेश दूबे से इस संबंध में बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जीएनएम में दाखिले के लिए सत्र-2024 में ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना अनिवार्य है। बिना परीक्षा में सम्मिलित हुए जीएनएम में प्रवेश नहीं मिलेगा। अटल विश्वविद्यालय पहली बार यूपी में परीक्षा आयोजित करा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों के सहूलियत के लिए कॉलेज खुद नि:शुल्क फॉर्म भरवा रहा है, जिससे बच्चों को फार्म भरने में कठिनाइयां न आए। जीएनएम में दाखिले के लिए 28 जुलाई (रविवार) को प्रवेश परीक्षा अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित है।

प्रा.वि. नकदेइयापुर में हुआ बच्चों का स्वागत

जायस। सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर प्राथमिक विद्यालय नकदेइयापुर में छात्र/छात्राओं का रोली चंदन व टीका लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। परिसर में पौधरोपण भी किया गया। प्रधानाध्यापक हरिकेश कुमार ने अभिभावकों से संपर्क कर अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई को बच्चों की उपस्थिति अच्छी रही। बच्चों को हलुआ के साथ फल का वितरण किया गया। शिक्षक राजेश प्रताप, रानू सिंह, उमम नूर, वि.प्र.स.अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ग्राम पंचायत सदस्य, ए.आर.पी. व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रसोइयां आदि मौजूद रहे।

डाक ही नहीं, बैंकिंग व आधार सेवाएं भी घर बैठे उपलब्ध करा रहा डाकिया : यादव

सुलतानपुर। विश्व भर में डाक सेवाओं में अमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में एक जुलाई को पूरी दुनिया में 'नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे' के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्रीकृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'नेशनल पोस्टल वर्कर डे' की अवधारणा अमेरिका से आई, जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में वर्ष 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाक कर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्रीकृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं। 'डाकिया डाक लाया' के साथ 'डाकिया बैंक लाया' भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रों व पार्सल के साथ-साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर-घर वितरित करता है। आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक चेक बुक, एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद, दवाइयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियां भी डाकियों द्वारा ही पहुँचाई जा रही हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी-पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है, पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। घर-घर जाकर आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के कार्य किए जा रहे हैं। आज भी डाककर्मी जाड़ा, गर्मी, बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

239 नये शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण किया

अमेठी। 12460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में नियोजित सिविल अपील में पारित आदेश के अनुपालन में सोमवार को जिले के 239 विद्यालयों में सहायक अध्यापकों को कार्यभार ग्रहण कराया गया। सभी विकास खंडों में खंड शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से आवंटित स्कूलों में कार्यभार ग्रहण कराया। सोमवार को विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों 18 शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने कार्यभार ग्रहण किया है। खंड शिक्षा अधिकारी पूजा चौहान के एक दिवसीय अवकाश पर होने के कारण खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने नये अध्यापकों को कार्यभार ग्रहण कराया। उन्होंने सभी नए शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया और ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य को निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर एआरपी अविनाश चंद्र शुक्ला के साथ कई अध्यापक मौजूद रहे। भादर संवाद के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार यादव ने सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से आवंटित विद्यालयों में एक पुरुष और बीस महिला शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण कराया।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2024 के अंतर्गत वन महोत्सव का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा मीडिया बंधुओं ने भी पौधरोपण कर जन सामान्य से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की अपील किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2024 तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43 लाख पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करें, पौधरोपण करते हुए मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड कर इस महा अभियान का हिस्सा बने, जल संरक्षण हेतु अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल में होने वाली वर्षा जल का संचयन करने हेतु जन सामान्य को जागरूक करें।

कलेक्ट्रेट में पौधारोपण करते हुए डीएम। वहीं दूसरे चित्र में कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में पौधारोपण करते हुए सीडीओ।

बिजली कटौती को लेकर मोहल्लेवासियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। शहर के बिनोवापुरी, सीता कुंड मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति दो माह से बेपटरी है। अघोषित कटौती आजिज आए मोहल्लेवासियों का धैर्य सोमवार को जवाब दे दिया। दर्जनों की संख्या में मोहल्लेवासी कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

जनता दर्शन में मौजूद जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने एक आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से वार्ता किया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि आप लोग आज आएंगे, इसलिए पहले ही अधीक्षण अभियंता को बुला रखा है। डीएम ने अपने सामने से मोहल्लेवासियों की समस्या से अधीक्षण अभियंता को अवगत कराया। कहा कि तत्काल बताओं कहा समस्या आ रही है। 24 घंटे के अंदर आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त कराओ। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने मोहल्ले के लोगों से कहा कि सोमवार की शाम को ही वे, अधिशासी अधिकारी, जेई के साथ आप लोगों से मीटिंग करेंगे और समुचित निदान कराएंगे। शहर का बिनोवापुरी मोहल्ला व सीताकुंड वार्ड पाश एरिया में आता है। जहां हजारों की आबादी निवास करती है। यहां विद्युत आपूर्ति के लिए चार ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। बावजूद इसके पिछले दो महीनों से स्थानीय लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। इसी को लेकर सोमवार को सैकड़ों लोगों को सड़क पर आकर प्रदर्शन करना पड़ा। मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को दिया गया है। इसमें उल्लेख है कि मोहल्ले वासियों को केएनआई फीडर से आपूर्ति दी जाती है। दो महीनों से स्थिति ये है कि शासन के निर्देश के अनुसार सप्लाई नहीं दी जा रही है। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं।

जलभराव में ही चलने को मजबूर हैं मोहल्लेवासी

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। सुलतानपुर के घासीगंज वार्ड नंबर-15 के मोहल्लों में पानी भर जाने से राहगीरों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। बारिश के चलते गड्ढों में पानी जमा होने से इस पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार मरम्मत के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी इलाकों में भी पानी भर जाने से लोगों चलना दुश्वार हो गया। शहर में स्थित वार्ड नंबर-15 घासीगंज के करबला के पीछे स्थित मोहल्लों में बरसात के चलते पानी का जलभराव हो जाता है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मौलाना बाबा के पीछे स्थित मोहल्लों में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं बगल में नाले होने के चलते लोगों के घरों में पानी भर जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग पानी के अंदर होकर गुजर रहे हैं। कई बार सभासद तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर के बगल नाला होने के कारण बरसात में घरों में पानी आ जाता है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में पानी के साथ-साथ गंदगी का भी जमावड़ा हो जाता है। सांसद व सभासद सहित अन्य प्रतिनिधियों को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। वहीं मो. हारून, मो. तस्लीम, मो. नसीम, मो. आरिफ ने जल्द से जल्द मरम्मत करवाए जाने की मांग की है।

युवा चेतना मंच उत्तर प्रदेश ने की कार्यकारिणी की बैठक हुई

अमेठी। रविवार को युवा चेतना मंच उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक प्रमोद आलोक इंटर कालेज में हुई। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद भविष्य के कार्यक्रम तय किए गए।

बैठक में डा देवमणि तिवारी ने जुलाई, अगस्त और सितंबर माह की कार्ययोजना प्रस्तुत की। युवा चेतना मंच जुलाई में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के साथ पौधारोपण अभियान चलाकर लोगों को धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए जागरुक करेगा । अगस्त और सितंबर माह में सभी कालेजों में साईवर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने के साथ गुरु वंदन और छात्र अभिनंदन के कार्यक्रम किए जायेंगे। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ललित पांडेय ने की। सुरेन्द्र प्रताप पांडेय, अरुण द्विवेदी, चैतन्य मणि तिवारी, डा केशरी शुक्ल, अशोक कुमार यादव, राजेश कुमार मिश्र, सूर्य नारायण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने किया अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता का सम्मान

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। रोटरी क्लब सुलतानपुर में हाल ही में पोखरा (नेपाल) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोधपत्र व अन्य योगदान हेतु अनेकों पुरस्कार के विजेता डॉ बी. के. झा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सह मंडलाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि डॉ. बी. के. झा की इस उपलब्धि पर पूरा क्लब गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

क्लब के अध्यक्ष संजय केसरवानी ने डॉ.बी के झा की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि नेपाल में डॉ. झा को नेपाल के गंडकी राज्य के राज्यपाल दिलीप राज भट्ट द्वारा उनके शोधपत्र (अर्थव्यवस्था धार्मिक पर्यटनरू वर्तमान भौतिकवादी युग में चुनौतियाँ एवं अवसर) पर उन्हें इंटरनेशनल एजुकेशन एचीवर अवार्ड, स्वामी सुखदेवानंद ऋषि अवार्ड तथा स्वामी शाश्वतानंद बेस्ट प्रेजेंटर अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया। नेपाल में आयोजत इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डॉ. बीके झा ने सर्वाधिक पुरस्कार जीते। डॉक्टर झा. ने अपने अन्य शोध पत्रः राम मंदिर निर्माण का अयोध्या की आर्थिक विकास पर प्रभाव का समीक्षात्मक अध्ययन में बताया कि राम मंदिर निर्माण भारत की पांच ट्रिलियन एवं एक वन ट्रिलियन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय तक विकास से वंचित रही अयोध्या एवं आसपास के जनपदों को मजबूत आर्थिक आधार प्रदान कर रहा है। प्रोफेसर डॉ. बीके झा के कई शोध पत्र को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र से सम्मानित किया गया। इस शोध पत्र के लिखने में श्री राम लखन सिंह शोध छात्र डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या का पूर्ण योगदान था। क्लब द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में डॉ बी के झा ने क्लब का आभार व्यक्त किया।

पुरस्कार विजेता को पुरस्कृत करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

पूर्व मंत्री के कार्यालय पर मनाया गया सपा मुखिया का जन्म दिन

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति और विधायक महाराजी प्रजापति के जनसंपर्क कार्यालय पर सपा मुखिया का 52वां जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रजापति परिवार की ओर पूर्व मंत्री की पुत्री सुधा प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति और ग्राम प्रधान रामशंकर प्रजापति ने जन्म दिन केक काटा और पूर्व मुख्यमंत्री के दीर्घायु और शतायु होने की कामना की। कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पी डी ए पौधारोपण अभियान की शुरुआत भी की गई।

विधायक महाराजी प्रजापति और उनके दोनों पुत्र अनिल और अनुराग प्रजापति लखनऊ में हैं। कार्यालय पर अरुण प्रजापति ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सुखी और दीर्घायु जीवन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया।आज प्रदेश में मंहगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है, युवा स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं।समाज का कोई भी वर्ग ख़ुश नहीं है। सपा के वरिष्ठ नेता महावीर कश्यप ने अखिलेश यादव का गुणगान किया और अपने प्रयास से उन्होंने समाजवादी पार्टी को संसद में देश की नम्बर तीन की राष्ट्रीय पार्टी बना दिया है।

श्री नाथ यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शम्भू यादव, राजा सिंह, अवधेश यादव, धर्मराज पाल आदि ने भी अपने सम्बोधन में सपा मुखिया का गुणगान करते हुए उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं। केक कटने के बाद कार्यकर्ताओं को लड्डू बांटे गए। पौधारोपण भी हुआ।

अशोक यादव, हरी लाल प्रजापति, बृजेश यादव, बलराम यादव सुभाष मिश्र, विनोद कुमार पाठक, धीरज पाल, सुमन कश्यप, त्रिभुवन यादव, सुरेन्द्र प्रजापति, बाबू लाल सरोज, शत्रुघ्न कोरी, छोटे लाल सरोज, सुंदरा देवी आदि मौजूद रहे।

विधायक कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते सपाई।

तहसील परिसर में अधिवक्ता ने मनाया सपा मुखिया का जन्म दिन

अमेठी नगर। तहसील परिसर में अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने अपने साथियों के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव का 52वां जन्म दिन मनाया। लड्डू बांटकर अखिलेश यादव की लम्बी उम्र की कामना की। सपा के प्रवक्ता मनोज यादव उर्फ पिंटू यादव भी साथ मौजूद रहे। राजेश मिश्रा ने सपा सरकार में अखिलेश यादव की ओर से चलाई गई जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जन्म दिन पर हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और देश में समाजवादी मूल्यों की राजनीति की स्थापना के अपने लक्ष्य में कामयाब हों।

ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालयों में बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। महानिदेशक बेसिक शिक्षा परिषद एवं प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के आदेश के अनुपालन के क्रम में एक जुलाई को ग्रीष्मावकाश के उपरान्त विद्यालय खुलने पर धनपतगंज ब्लॉक के समस्त विद्यालयों में बच्चों का स्वागत रोली चन्दन का टीका लगाकर एवं माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों में बच्चों के लिए पकवान के रूप में हलुवा खीर बनवाया गया।

प्रा वि बडनपुर में बच्चों का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। संचारी रोग के संबंध में जागरूकता रैली भी निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम कृष्ण पांडेय, संतोष पाण्डेय, डी पी अवतार, इंद्रेश विक्रम, अनूप कुमार शामिल रहे। उच्च प्रा. वि. धनपतगंज में खण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी एवं अध्यक्ष जू. शि.संघ धनपतगंज नवीन प्रकाश पांडेय एवं स.अ. किरन कुमारी, अनुदेशक प्रियंका पांडेय, प्रभावती वर्मा, बबिता जायसवाल द्वारा बच्चों की रोली, चंदन लगाकर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर को गुब्बारे से सजाया गया एवं वच्चों के लिए पकवान बनवाया गया। बच्चों में मुख्य रूप से, नैतिक कृष्णा, नैन्सी, पायल, अतुल कुमार, अनुराग, चांदनी, महेक, तान्या आदि सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे। ब्लाक के अन्य विद्यालयो प्रा वि बडनपुर, उ प्रा.वि. कोरो, उ.प्रा.वि चन्दौर, उ. प्रा. वि. धर्मदासपुर प्रा वि पंडरे, उ.प्रा.वि पंडरे, प्रा. वि. मझौवा, प्रा वि धनजई द्वितीय, प्रा.वि. हरना हरौरा, प्रा वि सराय मालिन, उच्च प्रा वि बडनपुर, कंपोजिट विद्यालय जूड़ापट्टी, उच्च प्रा वि भौसा में भी बच्चों का भव्य स्वागत किया गया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली जनजागरूकता रैली

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। शासन के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का काम किया।

रैली की अगुवाई अधीक्षक डॉ आलोक तिवारी ने किया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर एक जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक जनपद के साथ-साथ सभी विकास खंडों में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं सफाई कर्मचारी की संयुक्त टीमें ग्राम पंचायत वार भ्रमण कर सर्वाजनिक नालियों की साफ सफाई के साथ मच्छरों की आमद रोकने के लिए लार्वा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करेंगे।

उन्होंने बताया कि गांवों में भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मी लोगों को बुखार, जुखाम, खांसी आदि बीमारियों का सर्वे भी करेंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज पटेल, लालमणि के साथ कई स्वास्थ्य कर्मी व आशा बहू मौजूद रहे।

मृत्यु भोज गलत परम्परा, जीते जी माता पिता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य

गौरीगंज। बुद्ध वादी और अम्बेडकरवादी सामाजिक संगठनों ने मृत्यु भोज का बहिष्कार शुरू कर दिया है। मृत्यु भोज की जगह संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके निर्वाण प्राप्त व्यक्तियों के अधूरे कार्यों को पूरा करने और संदेश दिया जा रहा है। रविवार को भगवानपुर गांव में निर्वाण प्राप्त रानी देवी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र ने धम्मोदेश दिए। भंते धम्मदीप ने त्रिशरण पंचशील की व्याख्या करते हुए सुखी परिवार और समाज के निर्माण का संदेश दिया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अकेला ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का मार्ग ही सबके लिए कल्याणकारी है। मृत्यु भोज गलत परम्परा है। मृत्यु भोज में अनावश्यक खर्च करने के बजाय वही धनराशि बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें।

जिलाधिकारी ने जन जागरूकता रैली को झंडी दिखा किया रवाना

विश्ववार्ता संवाददाता

गौरीगंज। सोमवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने 01 से 31 जुलाई 2024 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2024 के मध्य दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने ने जिला चिकित्सालय असैदापुर से आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स द्वारा निकाली गई जन जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोग गांव में जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग विशेष कर डेंगू, मलेरिया के मच्छरों के माध्यम से फैलता है सभी आशाएं इन सभी चीजों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें तथा किसी को भी बुखार आदि की समस्या होने पर तत्काल उसे इलाज की सुविधा मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सभी ग्रामों, मोहल्लों तथा वार्डों में नियमित साफ-सफाई, छिड़कावों व सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है। दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर दिमागी बुखार की रोकथाम तथा उससे बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामप्रसाद, डॉ नवीन मिश्रा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रैली को रवाना करती जिलाधिकारी निशा अनंत।

रक्तदान एवं वृक्षारोपण कर एसबीआई बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

सुलतानपुर। भारतीय स्टेट बैंक का 69वां स्थापना दिवस क्षेत्रीय प्रमुख वीर मोहन रतन के रक्तदान एवं वृक्षारोपण करके मनाया गया। क्षेत्रीय प्रमुख वीर मोहन ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना 1955 में की गई थी। स्थापना के बाद से ही बैंक देश का प्रथम बैंक बन गया था। वर्तमान समय में बैंक तमाम आधुनिक तकनीक एवं नेटवर्क के बल पर देश का अग्रणी बैंक बना हुआ है। मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक आशीष कुमार ने ग्राहकों को और बेहतर सुविधा देने का संकल्प लिया है। मुख्य प्रबंधक अभिषेक मिश्रा एवं क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव विजय शंकर सिंह राहुल सिंह एवं मानव संसाधन के प्रबंधक एस श्रीनेत्र हम भूमिका अदा किया है। SBI का क्षेत्रीय कार्यालय सुलतानपुर में खुला बैंक शाखा के बढ़ते नेटवर्क एवं ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए टॉप मैनेजमेंट ने यह निर्णय लिया है।

हौसलाअफजाई कम्पोजिट विद्यालय पचहरी में जिलाधिकारी ने बच्चों को तिलक लगाया, स्कूल बैग और स्टेशनरी बांटी

प्रवेशोत्सव के साथ शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान, अधिकारियों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। प्रवेशोत्सव के साथ जिले में सोमवार को स्कूल चलो अभियान शुरू हुआ। स्कूल चलो अभियान ओर प्रवेशोत्सव के अनुश्रवण हेतु जिले के पैंतीस अधिकारियों ने स्कूलों का निरीक्षण किया। जिला अधिकारी निशा अनंत कम्पोजिट विद्यालय पचहरी में आयोजित प्रवेशोत्सव में शामिल हुई। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी कम्पोजिट विद्यालय पचहरी में स्वागत और प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। कम्पोजिट विद्यालय मनीपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक और प्राथमिक विद्यालय सैंठा में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने स्वागत कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

सोमवार को कंपोजिट विद्यालय पचेहरी में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पहले से पंजीकृत छात्र-छात्राओं तथा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, स्कूल बैग, कॉपी किताब, स्टेशनरी भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी के हाथों स्कूल बैग, कॉपी किताब, स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी एवं उपस्थित बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा उनसे पहाड़ा, कविता, सवाल इत्यादि पूछा तथा भविष्य में बड़े होकर क्या बनेंगे इसकी भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, पढ़ाई आपके घर परिवार की ही नहीं बल्कि देश को भी आगे बढ़ाने में जरूरी है। स्कूल के साथ-साथ बच्चों को घर पर भी ध्यान दें क्योंकि छोटे बच्चों को शुरू से ही ध्यान देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकगणों से कहा की बच्चों को सभी विषयों की जानकारी दें, पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित कराएं, बच्चों को जो खाने में दें उसे एक बार चेक कर लें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध कराएं।



उन्होंने कहा कि 25 सितंबर शिक्षक दिवस से पूर्व कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों की एक परीक्षा आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि आज बच्चों का विद्यालय में आने का पहला दिन है, यह दिन बहुत यादगार होता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में 370 बच्चे हैं इनमें से 53 बच्चों का नया पंजीकरण हुआ है। विद्यालय में 19 पैरामीटर पर सभी कार्य कराए गए हैं विद्यालय में स्मार्ट क्लास के माध्यम से भी बच्चों की पढ़ाई होती है। उन्होंने बताया कि 01 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा इसके अंतर्गत अभियान चलाकर बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के बच्चों का भी नामांकन कराएं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से ₹1200 की धनराशि ड्रेस खरीदने हेतु भेज दी गई है। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय पूरे अहिरन माधवपुर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा ने कंपोजिट विद्यालय दरपीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सैंठा तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में जाकर छात्रों-छात्राओं को रोली/टीका लगाने के साथ ही उन्हें स्कूल बैग, कॉपी किताब व स्टेशनरी का वितरण किया गया तथा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

श्रद्धांजलि सभा में याद की गई स्व राम अभिलाष सिंह की सामाजिक सेवाएं

अमेठी। सोमवार को घोरहा में दिवंगत पंचायत प्रतिनिधि राम अभिलाष सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व प्रमुख और ग्राम प्रधान इन्द्र बहादुर सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। 85 वर्षीय राम अभिलाष सिंह का दो सप्ताह पहले बीमारी के कारण निधन हो गया है। सोमवार को उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा और तेरहवीं भोज का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय राम अभिलाष सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

ए डी ओ पंचायत के साथ ब्लाक कार्यालय के सभी कर्मचारी , खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार यादव, पूर्व मा शि संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार, आदि ने राम अभिलाष सिंह की सामाजिक सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाढ़ राहत के लिए कोऑर्डिनेशन व क्विक एक्शन जरूरी

सीएम ने की बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा, कहा- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में जाकर करें व्यवस्थाओं का निरीक्षण

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 07 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। माननीय जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। केंद्रीय एजेंसियों/विभागों से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। यहां से प्राप्त आकलन/अनुमान रिपोर्ट समय से फील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी के किनारे बसे आवासीय इलाकों और खेती की सुरक्षा में नदियों का चैनेलाइजेशन उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अम्बेडकर, बलरामपुर, बाराबंकी, सीतापुर और श्रावस्ती में जारी ड्रेनेज एवं चैनेलाइजेशन की परियोजनाओं को समय से पूरा कराएं। जो सिल्ट निकले उसका सदुपयोग किया जाए। राज्य स्तर और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24×7 एक्टिव मोड में रहें। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। पूरे मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहें। बाढ़/अतिवृष्टि की स्थिति पर रेग्युलर मॉनीटरिंग की जाती रहे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ/पीएसी फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24×7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा मित्र स्वयंसेवकों के साथ-साथ होमगार्डों की सेवाएं भी ली जानी चाहिए। किसकी तैनाती कब और कहां होनी है, इस बारे में कार्ययोजना तैयार कर लें। सभी एजेंसियों के बीच बेहतर कोऑर्डिनेशन होना चाहिए। नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। नौका बड़ी हो। छोटी नौका/डोंगी का प्रयोग कतई न हो। नौका सवार सभी लोग लाइफ जैकेट जरूर पहने हुए हों। बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दिया जाए। क्लोरीन टैबलेट, ओआरएस आदि की उपलब्धता होनी चाहिए।

एक नजर

नए कानूनों में दुरुपयोग की ज्यादा गुंजाइश

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा आज से लागू किये गये नये कानूनों में पुराने कानूनों की तुलना में दुरुपयोग की बहुत ज्यादा गुंजाइश है। श्री उमर ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह आज से अस्तित्व में आए 'भारतीय न्याय संहिता कानून के तहत कश्मीर घाटी में पुलिस द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने आज यहां संवाददाताओं से कहा, नये कानूननों को लेकर बहुत से आशंकाएं हैं।

भाजपा ने की राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा

नयी दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दू समाज को हिंसक एवं असत्यवादी बताये जाने को लेकर सोमवार को उनकी निंदा की और कहा कि श्री गांधी के अत्यंत गैर जिम्मेदाराना बयान से उनकी गरिमा और राजनीति का स्तर गिर गया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और भाजपा के प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने संसद के पुस्तकालय भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री गांधी ने विपक्ष के नेता के पद की गरिमा को गिराया है और राजनीति को बहुत ही निचले स्तर पर ले गये हैं।

हिमाचल में जमीन के नीचे से गुजरेगा 85 किमी फोरलेन

शिमला। हिमाचल में करीब 85 किलोमीटर फोरलेन जमीन के नीचे बनेगा। इसके लिए एनएचएआई ने केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी हासिल कर ली है। दरअसल इस फोरलेन पर एनएचएआई 68 सुरंगों का निर्माण करने जा रहा है और इसमें से 50 फीसदी से ज्यादा की डीपीआर भी तैयार कर ली गई है। एनएचएआई ने अभी तक 11 सुरंगों का निर्माण पूरा कर लिया है जबकि 27 का काम प्रदेश भर में चल रहा है और 30 सुरंगों की डीपीआर तैयार की जा रही है।

बीआरएस विधायक समेत कई नेता गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के जनगांव से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी और पार्टी के अन्य नेताओं को सोमवार को यहां उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वे बेरोजगारों की मांगों को लेकर गांधी अस्पताल में आंदोलन कर रहे उस्मानिया विश्वविद्यालय बेरोजगार संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के नेता मोतीलाल नायक को सांत्वना देने जा रहे थे। श्री रेड्डी और पार्टी नेताओं को गिरफ्तारी के बाद बोलराम थाने ले जाया गया।

नर्सिंग घोटाले को लेकर एमपी विधानसभा में भारी हंगामा

भोपाल। मध्यप्रदेश के चर्चित नर्सिंग घोटाले को लेकर आज विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया जिसके चलते कार्यवाही लगभग एक घंटे के लिए स्थगित रही। आखिरकार अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सरकार और विपक्ष की बातें सुनने के बाद कहा कि वे इस मुद्दे पर मंगलवार को उचित नियम के तहत चर्चा करवाएंगे। अध्यक्ष के आश्वासन के बाद सदस्य शांत हो गए और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ गयी।

पत्रकारों ने करवायी स्वास्थ्य जांच

नयी दिल्ली। नेशनल मेडिकल फोरम और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने नेशनल डॉक्टर्स डे के मौके पर सोमवार को संयुक्त रूप से यहां प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सदस्यों के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन करवाया जिसमें 200 से अधिक पत्रकारों ने जांच करवायी। इस शिविर उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, ईएनटी (कान, नाक और गला), जोड़ों का दर्द और सर्जिकल जांच सहित कई अन्य तरह की स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों की जांच की गयी।

लेफ्टिनेंट जनरल विजय नायर ने कमान छोड़ी

जालंधर। सेना की वज्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी नायर ने सोमवार को वज्र कोर की कमान लेफ्टिनेंट जनरल अजय चंदपुरिया को सौंपी। लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं और 09 जून 1990 को 16वीं डोगरा रेजिमेंट में शामिल हुए थे। तीन दशकों से अधिक के प्रतिष्ठित करियर में, अधिकारी ने कई प्रतिष्ठित कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने सोमवार को सेना उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह सेना की लखनऊ स्थित मध्य कमान के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को दिसंबर 1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया था। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक किया है। वह ज्वाइंट सर्विसेज कमांड स्टाफ कॉलेज, ब्रैकनेल (ब्रिटेन) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, दिल्ली के पूर्व छात्र हैं।

पाकिस्तान में इस वर्ष 124 आतंकवादी मारे गये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने इस वर्ष के पहले छह महीनों में 124 आतंकवादियों को मार गिराया व 322 अन्य को गिरफ्तार किया है। सीटीडी ने आज एक बयान जारी कर बताया कि कुल 1,433 अभियान चलाये गये और सीटीडी अधिकारियों ने पूरे प्रांत में 55 आतंकवादी हमलों को विफल कर दिया। कुछ अन्य अभियानों में सीटीडी ने प्रांत से विस्फोटकों की तस्करी में शामिल 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

इजरायल में ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल

गाजा। इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि आज सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए।

फ्री बिजली के लिये शर्तों को शिथिल करे सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए मुफ्त बिजली योजना की पंजीकरण की अवधि को बढ़ाने और पावर कारपोरेशन की शर्तों को शिथिल करने की मांग विद्युत उपभोक्ता फोरम ने की है।फोरम के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि किसानो के लिये लिये फ्री बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जून को समाप्त हो गई है। उसे आगे दो माह तक बढाने व रजिस्ट्रेशन के लिए लागू अनाप-शनाप शर्तों को शिथिल करने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की गयी है।

पानी की टंकी गिरने की घटना पर सरकार सख्त

तीन अनुबंधित फर्मों पर एफआईआर, तीन अधिकारी निलंबित

लखनऊ/मथुरा। सरकारी कार्य में लापरवाही को लेकर सख्त योगी सरकार ने फिर एक बार बड़ी कार्रवाई की है। मथुरा में रविवार को मथुरा पेयजल पुनर्गठन योजना थ्रू गोकुल बैराज पार्ट-1 के अन्तर्गत कृष्णा विहार कॉलोनी, मथुरा में 2500 किली./20 मीटर क्षमता वाली पानी की टंकी के क्षतिग्रस्त होकर गिरने की घटना को सीएम योगी ने गंभीरता से लिया है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा सोमवार को दोषी अधिकारियों व अनुबन्धित फर्मों के विरूद्ध सख्त एक्शन लिया गया है। साथ ही मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी भी गठित की गई है।

तीन फर्मों पर एफआईआर उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा तीन फर्मों (मे0 एसएम कान्स्ट्रक्शन, मे0 बनवारी और मे0 त्रिलोक सिंह रावत) एवं अन्य कर्मियों के विरुद्ध कोतवाली, मथुरा में धारा 304 व 338 के अधीन एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त योजना पर तैनात सहायक अभियंता ललित मोहन, जूनियर इंजीनियर बीरेन्द्र पाल एवं रविन्द्र प्रताप सिंह को निलम्बित करते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं।

रशीद को शपथ लेने की अनुमति के बाद उनकी रिहाई की मांग

एजेंसी

श्रीनगर। जेल में बंद सांसद अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से अनुमति मिलने पर कुछ ही घंटों बाद कश्मीर के मुख्यधारा के कई नेताओं ने उनकी रिहाई की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इंजीनियर रशीद के शपथ लेने के बावजूद बारामूला के लोगों का प्रभावी प्रतिनिधित्व नहीं हो पायेगा। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा, वह अब संसद अध्यक्ष के कमरे में शपथ लेंगे। लेकिन दुर्भाग्य से बारामूला निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को प्रभावी प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा। वह शपथ तो ले सकते हैं, लेकिन बारामूला के लोगों के प्रतिनिधि के रूप में काम नहीं कर पाएंगे। हाल ही में हुए आम चुनावों में जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट पर श्री अब्दुल्ला और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन को हराया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रमुख इंजीनियर रशीद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं और 25 जून को जब उनका नाम पुकारा गया तो वह सांसद के रूप में शपथ नहीं ले पाये।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र सरकार को इंजीनियर रशीद को रिहा किया जाना चाहिए। यह शर्म की बात है कि इंजीनियर रशीद 2019 से बेबुनियाद आरोपों में सलाखों के पीछे हैं। यह जानकर राहत मिली कि उन्हें संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति दी गयी है, लेकिन उनका कारावास अपने आप में इंसाफ का मजाक है। केंद्र सरकार को उन्हें और जेलों में बंद अनगिनत अन्य कश्मीरी लोगों को तुरंत रिहा करना चाहिए। जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के अल्ताफ बुखारी ने इंजीनियर रशीद को शपथ लेने की अनुमति देने के घटनाक्रम का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, बारामूला लोकसभा सीट से सांसद चुने गए इंजीनियर रशीद को शपथ लेने के लिए एनआईए की अनुमति मिलने से संबंधित घटनाक्रम का स्वागत करते हैं। यह लंबे समय से अपेक्षित था, लेकिन आखिरकार यह पूरा हो गया जिससे उत्तर कश्मीर में लाखों की संख्या में मतदाता खुश और संतुष्ट हैं। निर्वाचित सांसद को मीडिया से बातचीत करने से रोकना चिंताजनक है और लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

कमल खरीद कर चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक

नालागढ़। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि कमल ख़रीदककर चुनाव लड़ रहे पूर्व निर्दलीय विधायकों के साथ भारतय जनता पार्टी (भाजपा) के ईमानदार कार्यकर्ता नहीं हैं। वह बिके हुए विधायकों को भाजपा का टिकट देने से निराश हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि पूर्व निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर के काले कारनामों के कारण नालागढ़ का नाम इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। यह इतिहास में पहली घटना है कि निर्दलीय विधायक इस्तीफा देकर विधायक का ही चुनाव दोबारा लड़ रहे हैं। केएल बिके व्यापारी हैं, उन्होंने 14 महीने सारे काम करवाने के बावजूद कांग्रेस सरकार की पीठ में छुरा घोंपा है। पूर्व विधायक की नीयत में लालच है, इसलिए वह बिक गए। मुख्यमंत्री ने ये बातें नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के किरपालपुर, रामशहर, नंड, स्वारघाट व गुरुकुंड में कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

चुनाव में मिले सबक से भाजपा ने कुछ नहीं सीखा

भारतीय जनता पार्टी के पतन की हुई शुरुआत : पवन खेड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के पतन की शुरुआत इस चुनाव से हो गई है, लेकिन ताजुब की बात है कि भाजपा इस संकेत को नहीं समझ रही है और दस साल तक एकछत्र सत्ता से हाशिए पर जाने से भी उसने सबक नहीं सीखा है, लेकिन यह बड़ी बात है कि उसकी तानाशाही में बदलाव दिख रहा है और इसमें अभी और बदलाव आएंगे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2014 तथा 2019 के चुनाव में कांग्रेस को भारी हार मिली थी, लेकिन जिस पार्टी से 2024 में लोगों ने सत्ता छीनना शुरु कर दिया है उसे अब संसद में जवाब देना पड़ रहा है। सदन में बहुत कम आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज खुद विपक्ष के नेता के भाषण के दौरान दो बार खड़ा उठना पड़ा, यह बहुत बड़ा बदलाव है और भाजपा को इस बदलाव के लिए मजबूर किया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा बदलाव का सबूत तो यह है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण के दौरान खुद प्रधानमंत्री मोदी को दो बार खड़ा होना पड़ा। इससे भी बड़ा संकेत यह है कि श्री मोदी लोकसभा में मौजूद रहे। इससे लगता है बदलाव शुरु हो गया है, लेकिन अभी बहुत कुछ बदलने वाला है। प्रवक्ता ने कहा कि जिस माटी को महान संतों ने सींचा है उस माटी को बौने लोग परिभाषित करें यह नहीं होने दिया जाएगा। सरकार ने धर्म की आड ली और छिपने का प्रयास किया, लेकिन छिप नहीं पाए। लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलती, यह संदेश इस चुनाव का है और धर्म का कारोबार अब चलने नहीं देंगे। यह तय हो गया है कि अब भाजपा को धर्म की आड़ में छिपने का मौका नहीं है क्योंकि दो तिहाई हिंदुओं ने इस चुनाव में भाजपा के खिलाफ वोट दिया है जबकि यह पार्टी हिन्दू धर्म के सहारे चलती है। भाजपा हिन्दू धर्म के विशाल विचार को छोटा करने का प्रयास कर रही है और इसे श्री गांधी ने आज संसद में रोक दिया है और अब आगे यह चलने वाला नहीं है। उन्होंने मोदी सरकार से कहा, "मुद्दों से आपको नहीं भागने देंगे यह तय है। आपने धर्म का सहारा लिया, लेकिन अयोध्या के लोगों ने ही भाजपा को इसका जवाब दे दिया।

लोगों का विश्वास जीतना जरूरी : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से की मुलाकात

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा कि किसी प्रशासक के लिए सबसे अहम बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

उन्होंने अधिकारियों से बातचीत में कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक बेहतरीन करियर माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से कुछ लोगों को इस सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, संवेदनशीलता, ईमानदारी और दक्षता से अपनी छाप छोड़ें। राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा, " जब तक वे किसी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, तब तक लोगों की ज़रूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होती हैं। इसलिए उन्हें ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं।" श्रीमती मुर्मु ने कहा कि समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश से बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधा प्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे सबको साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं।

गोरखपुर के सैनिक स्कूल में पढ़ाई शुरू

प्रवेश परीक्षा के बाद कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर हुआ है दाखिला

विश्ववार्ता ब्यूरो

गोरखपुर। पहली जुलाई की तारीख गोरखपुर की उपलब्धियों में स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाली रही। इस तिथि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई शुरू हो गई। प्रवेश परीक्षा के जरिये सैनिक स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर दाखिला पहले ही हो गया था। गोरखपुर सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन भी इसी माह होने की उम्मीद है।

» मुख्यमंत्री योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है गोरखपुर सैनिक स्कूल

सैनिक स्कूल में पहले सत्रारंभ के पहले दिन प्रधानाचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर बना है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान करने का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला बना है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलो के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित हुए हैं हैं। गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी की उच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में सम्मिलित है। इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। फरवरी में जब वह सैनिक स्कूल का निरीक्षण करने आए थे, तभी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जुलाई सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जानी चाहिए। यही नहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में इस सैनिक पस्कूल के लिए सरकार ने चार करोड़ रुपये का प्रावधान भी इसी लिए किए था।

एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले

अलीराजपुर। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल अलीराजपुर जिले के रावड़ी गांव में आज एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिलने की घटना के बाद सनसनी फैल गयी। मामले की गंभीरता के चलते इसकी जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रावड़ी गांव में एक मकान में तीन बच्चों समेत पांच लोगों के शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव मकान में फांसी के फंदे पर लटके हुए पाए गए। मृतकों की पहचान राकेश, उसकी पत्नी ललिता, पुत्री लक्ष्मी, पुत्र अक्षय और प्रकाश के रूप में हुयी है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक निर्देश दिए। इस बीच जोबट के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर दी गयी है।

पीके ने किया बड़ा दावा: बिहार में बदलने वाला है सियासी समीकरण !

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार की प्रगति के लिए जनता के भरोसे पर जोर दिया, अपने बढ़ते समर्थन पर भी दिलाया ध्यान

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मौजूदा समय में बिहार में अलग-अलग पार्टियों में हो रही जातिवाद की बातें और उनपर राजनीतिक रोटी सेंक रहे नेताओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। पीके ने कहा कि राजनीति सिर्फ जातीय समीकरण की बात करने से नहीं होती बल्कि जनता का विश्वास जीतना बहुत जरूरी है।

इस बार जनता का ठेका लेकर बिहार आए हैं: पीके

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि अभी सरकार को बने हुए डेढ़ से 2 ही महीने हुए हैं और आप देख रहे होंगे कि बिहार से दिल्ली तक नेताओं में छटपटाहट होने लगी है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि बिहार में जमीनी स्तर पर लोगों को जन सुराज की ताकत दिख रही है। प्रशांत किशोर ने कहा कि 'मुझे अगर कोई धंधेबाज कह रहा है तो मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि हां मैं धंधेबाज हूं। इस बार बिहार के लोगों और बिहार को सुधारने के लिए काम ले लिया है। हम इस बार जनता का ठेका लेकर बिहार आए हैं, ताकि जनता के लिए काम कर सकें। मेरे तरकस में अभी कई तीर बाकी है।'

अभी बिहार में पदयात्रा से बड़ी बुलेट दागना बाकी

पीके ने कहा कि 'बिहार में कई लोग कह रहे हैं कि पदयात्रा हो गई, अब क्या करेंगे तो मैं उनको बता दूं कि अभी इससे बड़ी बुलेट दागना बाकी है। जब हम पदयात्रा में आए थे , उस समय हमारे साथ सौ-50 लोग थे। मगर आज हज़ारों से भी ज्यादा लोग जन सुराज के साथ जुड़ गए हैं।' राजनीतिक समीकरण की बात पर प्रशांत किशोर ने नीतीश-तेजस्वी यादव और बीजेपी का नाम लिए बना कहा कि बिहार के अन्य पार्टियों को समीकरण बनाने दीजिए, कोई MY समीकरण बना रहा है, कोई PY बना रहा है। कोई A to Z बना रहा है। आप देखिएगा, एक ही समीकरण बिहार में होगा, वो होगा जन बल का समीकरण। देश में जन बल के आगे कोई समीकरण नहीं है।

बिहार की राजनीति में बड़ा फेरबदल करने जा रही भाजपा

पटना। बिहार में भाजपा को पिछले आम चुनावों से पांच सीटें कम मिली हैं। कुल मिलाकर इस बार बीजेपी को 12 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। बिहार के इस बदलते हुए राजनीतिक समीकरण में अब भाजपा भी अपने समीकरण में कुछ बदलाव करती दिख रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा बिहार से केंद्रीय कैबिनेट में कुछ नए चेहरे उतारने तो वहीं राज्य के संगठन में भी बदलाव कर सकती है। पिछली बार की बात करें तो भाजपा ने बिहार से चार सांसदो को केंद्रीय मंत्रीपद दिया था। 2024 के चुनावों में पार्टी ने मौजूदा सांसद और मंत्री अश्विनी चौबे को टिकट देने से इंकार कर दिया, जबकि एक अन्य मंत्री आरके सिंह आरा सीट से चुनाव हार गए। बाकी दो मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय अपनी अपनी लोकसभा सीट से विजयी हुए हैं। कहा जा रहा है कि इस बार मंत्रीपद नए नेताओं को दिया जाएगा। यहां जातीय समीकरणों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद, राजीव प्रसाद रूडी और युवा सांसद विवेक ठाकुर पर पार्टी इस बार दांव खेल सकती है। मंत्रीपद के साथ ही राज्य के संगठन और सरकार में भी काफी बदलाव किए जा सकते हैं। राज्य में पार्टी के नेतृत्व को लेकर पहले से ही काफी नेता अपनी नाराजगी जाता चुके हैं। फिलहाल सम्राट चौधरी बिहार के उपमुख्यमंत्री के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। चौधरी को जेडीयू के कुशवाहा वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि उस मोर्चे पर इतनी सफलता नहीं मिल पाई। इस बार उन्हें बदलकर एक फुल टाइम अध्यक्ष चुना जायेगा।

जान गंवाने वाले सैनिकों को राज्यसभा ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। राज्यसभा ने लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान जान गंवाने वाले पांच सैनिकों के साथ ही हेलिकाप्टर दुर्घटना में मारे गये ईरान के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री डॉ. हुसैन मीर अब्दुल्लाहियान, तंजानिया के पूर्व राष्ट्रपति अलहज अली हसन मविनी और मलावी के उप राष्ट्रपति डॉ. सुलोस कॉल्स चिमिला को सोमवार को श्रद्धांजलि दी। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को इस संबंध में जानकारी दी। इसके बाद सदस्यों ने सदन में मौन खड़े होकर इन सभी को श्रद्धांलजि दी। लद्दाख में टैंक को नदी के पार ले जाने के अभ्यास के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सेना के पांच बहादुर सैनिकों की मौत हो गयी थी। इससे पहले सदन में सदस्यों अब्दुल वाहब, एलामारम करीम, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक और वी विजयसाई रेड्डी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गयी।